

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 88 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 06 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## उत्तर भारत में घना कोहरा और शीतलहर का कहर!

### अगले 4-5 दिन रहेंगे बेहद सर्द

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते



हुए बताया है कि अगले 4-5 दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत के कई हिस्सों में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की प्रबल संभावना है। इससे सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हो सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार 05 से 07 जनवरी के दौरान पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और गंगा के मैदानी इलाकों में शीत दिवस की स्थिति बनी रह सकती है। वहीं 06 से 10 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड में शीतलहर चलने की आशंका है।

पिछले 24 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घना से बहुत घना कोहरा दर्ज किया गया, जहां दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। गोरखपुर और आजमगढ़ में दृश्यता शून्य मीटर दर्ज की गई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड और असम के कई हिस्सों में भी घना कोहरा छाया रहा।

तापमान की बात करें तो उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में इटावा (उत्तर प्रदेश) में सबसे कम न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में तापमान शून्य से नीचे चला गया, जबकि उत्तराखंड में पाला पड़ने की स्थिति बनी रही।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट संभव है।

इसके अलावा मछुआरों को 05 से 10 जनवरी के बीच बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के कुछ हिस्सों में समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

# झारखंड में ठंड और शीतलहर के मद्देनजर सभी स्कूलों को 8 जनवरी तक बंद रखने का आदेश

समाज जागरण

झारखंड में लगातार बढ़ रही ठंड, शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी स्कूलों को 8 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, राज्य के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित), और निजी स्कूल 6 से 8 जनवरी तक बंद रहेंगे। यह आदेश प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों पर लागू होगा।



### झारखंड के स्कूल तीन दिन बंद; शिक्षक मौजूद रहेंगे, प्री-बोर्ड परीक्षा मौसम अनुसार प्राधिकारी निर्णय लेंगे

इन तीन दिनों के दौरान राज्य के किसी भी विद्यालय में नियमित शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नहीं होंगी। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और गैर-शैक्षणिक कार्यों का निष्पादन करेंगे। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर किसी स्कूल में इस अवधि के दौरान प्री-बोर्ड परीक्षा प्रस्तावित है तो संबंधित सक्षम प्राधिकारी परिस्थितियों को देखते हुए परीक्षा संचालन को लेकर निर्णय ले सकता है। यह निर्णय मौसम विज्ञान केंद्र, रांची की ओर से जारी ताजा पूर्वानुमान के बाद लिया गया है।

### मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में अगले दो दिन शीतलहर और 'कोल्ड डे', कई जिलों में तापमान 5°C तक गिरने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक झारखंड के कई जिलों में शीतलहर और ह्यकोल्ड डेह्व की स्थिति बनी रहने की संभावना है। खासकर पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और हजारीबाग जैसे जिलों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरने का अनुमान है।

### उत्तर-पश्चिम झारखंड में घना कोहरा और दृश्यता घटने की चेतावनी; रांची समेत जिलों में तापमान में और गिरावट, बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर की आशंका

वहीं, उत्तर और पश्चिमी हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी दी गई है, जिससे दृश्यता 50 से 200 मीटर तक सिमट सकती है। राजधानी रांची समेत जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और पलामू जैसे जिलों में अगले 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की मौसमी परिस्थितियों में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।(इनपुट-आईएएनएस)

# सोमनाथ भारत माता की वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की गाथा: पीएम

समाज जागरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर के विध्वंस और पुनरुत्थान की उस ऐतिहासिक गाथा को स्मरण किया है, जो भारतीय सभ्यता की अमर चेतना और अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत माता की उन करोड़ों वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की कहानी है, जिन्होंने हर चुनौती के बावजूद अपनी संस्कृति और सभ्यता को जीवित रखा।

### सोमनाथ मंदिर बार-बार हुए हमलों के बाद भी हर बार पुनः खड़ा हुआ और आज भी पूरे गौरव के साथ अडिग है

प्रधानमंत्री ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि वर्ष 1026 में, आज से ठीक एक हजार वर्ष पहले, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर पहला भीषण आक्रमण हुआ था। इस आक्रमण का उद्देश्य सिर्फ एक मंदिर को नष्ट करना नहीं था, बल्कि भारत की आस्था और सांस्कृतिक आत्मा को कुचलना था। इसके बावजूद सोमनाथ मंदिर बार-बार हुए हमलों के बाद भी हर बार पुनः खड़ा हुआ और आज भी पूरे गौरव के साथ अडिग है।



### 'सोमनाथ' भारत माता की उन करोड़ों वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की गाथा

पीएम मोदी ने इस विषय पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भी अपनी बात साझा की। उन्होंने लिखा, "जय सोमनाथ! वर्ष 2026 में आस्था की हमारी तीर्थस्थली सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। बार-बार हुए हमलों के बावजूद हमारा सोमनाथ मंदिर आज भी अडिग खड़ा है। सोमनाथ दरअसल भारत माता की उन करोड़ों वीर संतानों के स्वाभिमान और अदम्य साहस की गाथा है, जिनके लिए अपनी संस्कृति और सभ्यता सदैव सर्वोपरि रही है।"

### भारत ने ईरान को लेकर जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, गैर जरूरी यात्रा से बचने की अपील

ईरान में मौजूदा हालात को देखते हुए भारत सरकार ने अपने नागरिकों को अगली सूचना तक ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को इस संबंध में एक आधिकारिक एडवाइजरी जारी की।

एडवाइजरी में कहा गया है कि ईरान में रह रहे भारतीय नागरिक और भारतीय मूल के लोग पूरी सतर्कता बरतें, किसी भी तरह के प्रदर्शन या विरोध-प्रदर्शन वाले इलाकों से दूर रहें और स्थानीय हालात पर लगातार नजर रखें। इसके साथ ही भारतीय दूतावास, तेहरान की वेबसाइट और सोशल मीडिया हैंडल्स से जारी सूचनाओं पर ध्यान देने की अपील की गई है।

## UP पुलिस भर्ती में आयु सीमा पर तीन साल की छूट, सभी वर्गों को मिलेगी छूट

समाज जागरण

उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को सरकार ने बड़ी राहत दी है। अभ्यर्थियों के हितों को प्राथमिकता देते




हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती-2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन साल की छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत कुल 32,679 पदों को भरे जाने के लिए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके मुताबिक आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुष/महिला), आरक्षी पीएसी/सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन हेतु महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) तथा जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों पर भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को यह आयु छूट एक बार के लिए प्रदान की जाएगी।

सरकार ने यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-3 के आलोक में लिया है। यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अनुक्रम में 5 जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है, जिससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे। सरकार का यह कदम साफ संदेश देता है कि प्रदेश की सरकार युवाओं की वास्तविक समस्याओं को समझती है और समाधान के लिए ठोस फैसले लेने से पीछे नहीं हटती। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को न्यायसंगत अवसर देना, रोजगार के अधिक से अधिक विकल्प उपलब्ध कराना और प्रशासनिक निर्णयों में संवेदनशीलता बनाए रखना योगी सरकार की कार्यशैली का हिस्सा बन चुका है। पुलिस भर्ती में आयु सीमा शिथिलीकरण का यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं की उम्मीदों को नया बल देगा, बल्कि यह भी दशार्ता है कि योगी आदित्यनाथ सरकार में युवाओं का भविष्य नीति निर्धारण के केंद्र में है।

# नाथ नगरी में उमड़े पर्यटक, आस्था और श्रद्धा से एक करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार

## अयोध्या-काशी की राह पर बरेली, योगी सरकार की नीतियों से विदेशी सैलानी भी खिंचे चले आए

*नाथ कॉरिडोर ने बदली तस्वीर, एक साल में 20 प्रतिशत उछाल के साथ बरेली बना उभरता धार्मिक पर्यटन केंद्र*

*लाइट-एंड-साउंड से होम स्टे तक बड़ा प्लान, योगी सरकार के टूरिज्म से बरेली में रिकॉर्ड भीड़*



समाज जागरण

बरेली, 5 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विजन का असर अब साफ दिखने लगा है। नाथ नगरी बरेली में आस्था की ऐसी बयार चली है कि पर्यटकों की कुल संख्या एक करोड़ के पार पहुंच गई है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और सैलानी अब बरेली को प्रमुख धार्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में देख रहे हैं।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में 81.56 लाख, 2024 में 99.13 लाख, जबकि 2025 में 1.00 करोड़ से अधिक पर्यटक बरेली पहुंचे। यही नहीं, विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। 2023 में जहां केवल 911 विदेशी आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या 1056 तक पहुंच गई है।

### नाथ कॉरिडोर से बदली बरेली की पहचान

योगी सरकार द्वारा अयोध्या, मथुरा और काशी की तरह धार्मिक स्थलों को पर्यटन से जोड़ने की नीति का लाभ अब बरेली को भी मिल रहा है। स्मार्ट सिटी बरेली में मौजूद सात नाथ मंदिरों को जोड़कर नाथ कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण के काम तेजी से चल रहे हैं। नाथ कॉरिडोर के पूर्ण होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और उछाल आने की संभावना जताई जा रही है।

### ठहराव बढ़ाने पर सरकार का फोकस

योगी सरकार सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि पर्यटकों के ठहराव पर भी जोर दे रही है। इसी कड़ी में लाइट एंड साउंड शो की तैयारियां की जा रही हैं और होम स्टे योजना के तहत जगह-जगह आवास विकसित किए जा रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि ठहराव बढ़ेगा तो स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन और रोजगार को सीधा लाभ मिलेगा।

### पर्यटक आंकड़े एक नजर में

2023 - 81,56,673 भारतीय 911 विदेशी

2024 - 99,13,182 भारतीय 1,120 विदेशी

2025 - 1,00,27,544 भारतीय 1,056 विदेशी

### मौसम के हिसाब से बढ़ता-घटता टूरिज्म

पर्यटन विभाग के अनुसार जनवरी से मार्च और सितंबर से दिसंबर के बीच पर्यटकों की आवाजाही सबसे अधिक रहती है ।जनवरी 2023 में 6.20 लाख भारतीय, जनवरी 2024 में 7.05 लाख और जनवरी 2025 में 7.76 लाख भारतीय पर्यटक बरेली पहुंचे। नवंबर और दिसंबर पर्यटन के लिहाज से सबसे बेहतर साबित हो रहे हैं, जब 2025 में 10.56 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक जिले में आए।

### ऐसे होती है पर्यटकों की गणना

उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार ने बताया कि जिले में पर्यटकों की गणना के लिए होटल, धर्मस्थल और वीडियोग्राफी सर्वे का सहारा लिया जाता है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर वार्षिक मूल्यांकन किया जाता है। जिले में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि भविष्य के लिए शुभ संकेत है। नाथ कॉरिडोर, होम स्टे और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ बरेली को अगला धार्मिक पर्यटन हब बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

## नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-76 में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया

समाज जागरण

नोएडा, 05 जनवरी 2015। नोएडा प्राधिकरण के उद्यान विभाग ने आज सेक्टर-76 के ग्रीनबेल्ट क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए अभियान (#Encroachment-Drive) चलाया।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने अवैध निर्माण और कब्जों को हटाते हुए क्षेत्र को साफ किया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों को हरे-भरे क्षेत्र और सार्वजनिक भूमि के संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करना और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना है।



प्राधिकरण ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या अतिक्रमण से बचें और नोएडा को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। यह कदम शहरी नियोजन और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि शहर के ग्रीनबेल्ट और सार्वजनिक स्थान संरक्षित रहें।

## असम: सरूपथार में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, लवलीना बोरगोहेन के नाम स्टेडियम समर्पित

गोलाघाट, असम। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गोलाघाट जिले के सरूपथार विधानसभा क्षेत्र में कई बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन के नाम पर एक स्टेडियम का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया गया है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के चलते सरूपथार में आज उत्सव जैसा माहौल है।

# राम रहीम को 15वीं बार पैरोल पर उठते सवाल

हरियाणा के रोहतक स्थित सुनारिया जेल में बलात्कार और हत्या के गंभीर आरोपों में 20 साल की सजा काट रहे डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को 15वीं बार पैरोल मंजूर कर दी गई है। इसके तहत वह करीब 40 दिनों के लिए जेल से बाहर सिरसा डेरा में रहेंगे। 2017 में सजा मिलने के बाद अब तक यह सबसे निरंतर और लंबा पैरोल सिलसिला है, जिसने न केवल न्याय व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि पीड़ित परिवारों और समाज में नाराजगी भी पैदा की है।गुरमीत राम रहीम ने सोमवार को जेल से बाहर आते ही अपने समर्थकों के स्वागत में पहुंची बड़ी संख्या में गाड़ियों के काफिले के बीच सिरसा डेरा सच्चा सौदा के लिए प्रस्थान किया। पैरोल अवधि के दौरान वह वहीं रहेंगे। रिकॉर्ड्स के अनुसार, 2017 से अब तक वह कुल 405 दिन से अधिक समय जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी सिर्फ 8 साल और 4 महीने की सजा में उन्होंने लगभग एक पूरा साल जेल की सुरक्षा से बाहर गुजारा है।पहली बार उन्हें 24 अक्टूबर 2021 को बीमार मां से मिलने के लिए सिर्फ एक दिन की पैरोल दी गई थी। इसके बाद 21 मई 2021 को भी मां की बीमारी के कारण एक दिन की पैरोल मिली। लेकिन तीसरी बार, 7 फरवरी 2022, उन्हें 21 दिन के लिए जेल से बाहर आने की अनुमति मिली, उस समय पंजाब में विधानसभा चुनाव चल रहे थे। चौथी बार 17 जून 2022, उन्हें 30 दिन के लिए पैरोल मिली, हरियाणा में निकाय चुनाव के दौरान। पांचवीं बार 15 अक्टूबर 2022 को उन्हें 40 दिन के लिए जेल से बाहर रहने की अनुमति मिली, उसी दौरान आदमपुर उपचुनाव था।

इसके बाद भी सिलसिला लगातार चलता रहा। छठी बार 21 जनवरी 2023 को शाह सतनाम जयंती के मौके पर 40 दिन, सातवीं बार 20 जुलाई 2023 को जन्मदिन के समय 30 दिन, आठवीं बार 21 नवंबर 2023 को राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान 21 दिन, नौवीं बार 19 जनवरी 2024 को लोकसभा चुनाव के समय 50 दिन, दसवीं बार 13 अगस्त 2024 को जन्मदिन के आसपास 21 दिन, ग्यारहवीं बार 1 अक्टूबर 2024 हरियाणा चुनाव में 21 दिन, बारहवीं बार 28 जनवरी 2025 दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय 30 दिन, तेरहवीं बार 9 अप्रैल 2025 डेरा सच्चा सौदा स्थापना दिवस के मौके पर 41 दिन, चौदहवीं बार 5 अगस्त 2025 जन्मदिन के आसपास 40 दिन और अब पंद्रहवीं बार 3 जनवरी 2026 को 40 दिन के लिए पैरोल मिली।इस लगातार पैरोल सिलसिले को देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बलात्कार और हत्या जैसे गंभीर अपराध में सजायाफ्ता के प्रति प्रशासन और सरकार की नरमी का कारण राजनीतिक दबाव या सामाजिक स्थिति है। पैरोल नियमों के अनुसार कैदी को केवल परिवार में मौत, गंभीर बीमारी, करीबी की शादी या किसी अन्य अत्यावश्यक मानवीय कारण से ही अस्थायी रूप से जेल से बाहर आने की अनुमति मिल सकती है। लेकिन गुरमीत राम रहीम को जन्मदिन, चुनाव या धार्मिक आयोजन जैसे अवसरों पर बार-बार जेल से बाहर भेजा जाना नियमों की सीमाओं के परे है।

सामाजिक संगठनों और पीड़ित परिवारों ने इस बार-बार की पैरोल की अनुमति को न्यायिक मयार्दाओं के विरुद्ध बताया है। ज्ञानी राम सिंह खासला ने इसे जख्मों पर नमक छिड़कने के समान बताया। उनका कहना है कि सरकार लंबे समय से जेलों में बंद सिख कैदियों की रिहाई के मुद्दे पर चुप है, लेकिन बलात्कारी गुरमीत राम रहीम को लगातार पैरोल मिल रही है, जिससे समाज और समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है।इस सिलसिले में आँकड़े भी हैरान कर देने वाले हैं। आठ साल और चार महीने की सजा में गुरमीत राम रहीम कुल 387 दिन जेल से बाहर रह चुके हैं। यानी वह इस सजा का एक वर्ष से अधिक समय जेल की दीवारों से दूर गुजार चुके हैं। वहीं, आसाराम बापू को जेल से बाहर आने में एक दशक से अधिक समय लग गया और उन्हें हाल ही में मेडिकल ग्राउंड पर छह महीने की अंतरिम जमानत मिली। कुलदीप सेंगर को बलात्कार के लिए उम्रकैद मिली थी, जिसे हाईकोर्ट ने सस्पेंड किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आदेश पलट दिया। इस तुलना से यह स्पष्ट होता है कि गुरमीत राम रहीम को दी जाने वाली रियायत असाधारण और विवादास्पद है।सामाजिक और राजनीतिक विशेषज्ञ बताते हैं कि पैरोल का बार-बार मिलना केवल कानूनी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि इसमें राजनीतिक और सामाजिक कारणों का असर भी देखा जा सकता है। चुनाव के समय, जन्मदिन या धार्मिक आयोजन के मौके पर पैरोल देना न्याय व्यवस्था की पारदर्शिता और समानता पर सवाल खड़ा करता है।

पारिवारिक और मानवीय कारणों से पैरोल दी जाती है, लेकिन राजनीतिक अवसरों और व्यक्तिगत उत्सवों के लिए बार-बार पैरोल देना न्याय और समाज के लिए गंभीर चुनौती है। इससे पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ती है, और यह संदेश जाता है कि समाज में कुछ लोग कानून से अलग विशेषाधिकार पा सकते हैं।गुरमीत राम रहीम के बार-बार जेल से बाहर आने के सिलसिले ने यह भी उजागर किया कि सजा का वास्तविक अर्थ और जेल का उद्देश्य क्या है, इसे आम जनता और पीड़ित परिवार सही ढंग से नहीं समझ पा रहे हैं। अदालत और प्रशासन के निर्णयों में समानता और पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि न्याय व्यवस्था में विश्वास बनाए रखा जा सके। सामाजिक दृष्टि से यह भी देखा गया है कि ऐसे अपराधियों के बार-बार जेल से बाहर आने से समुदायों की भावनाएं आहत होती हैं और समानता का संदेश कमजोर होता है। कई लोग कहते हैं कि अगर पैरोल केवल कानूनी औचित्य के आधार पर दी जाए, तो न्याय की मयार्दा और समाज में विश्वास दोनों बनाए रखा जा सकता है।इस बार-बार पैरोल मिलने के सिलसिले ने यह साबित कर दिया है कि पैरोल केवल एक कानूनी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और मानवीय बहस का विषय भी बन गई है। न्यायपालिका और प्रशासन को इसे और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाना चाहिए, ताकि किसी भी अपराधी को विशेषाधिकार प्राप्त न हो और सभी पीड़ितों को न्याय मिले।



**अजय कुमार,**
**वरिष्ठ पत्रकार**
**लखनऊ ( उ. प्र.)**
**मो-9335566111**

# क्या मुंबई में बन सकती है बुर्कानशी मेयर

मुंबई नगर निगम का चुनाव 15 जनवरी 2026 को होने जा रहा है और इससे पहले मेयर पद को लेकर राजनीति इतना गरमाई हुई है कि यह अब सिर्फ एक उम्मीदवार का चुनाव नहीं रह गया, बल्कि पहचान, भाषाई समीकरण, धर्म और सांस्कृतिक राजनीति का सबसे बड़ा मोर्चा बन चुका है। इस बार के बीएमसी चुनाव में मराठी मेयर, हिंदू मेयर, उत्तर भारतीय मेयर तथा मुस्लिम महिला मेयर जैसे मुद्दे आगे आए हैं, जिनका असर वोटरों की सोच और चुनाव के परिणाम पर गहरा प्रभाव डाल सकता है। बीएमसी की 227 सीटों पर प्रत्यक्ष चुनाव होगा। उम्मीदवारों के नामांकन चरण में कुल 2,185 नामांकन दाखिल किए गए, जिनमें से 453 उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया और अंततः लगभग 1,700 उम्मीदवारों ने अंतिम सूची में अपना नाम शामिल कराया। यह चुनाव महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगरपालिकाओं के चुनावों का हिस्सा है, जिनमें 2,869 सीटों के लिए कुल 15,931 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल मतदाता लगभग 3.48 करोड़ हैं, जिसमें पुरुष मतदाता 1,81,93,666, महिला मतदाता 1,66,79,755 और अन्य मतदाता 4,596 शामिल हैं। बीएमसी चुनाव को आज राजनीतिक दलों ने पहचान आधारित राजनीति का सबसे बड़ा मंच बना दिया है। सबसे पहले महायुति गठबंधन (भाजपाड्डशिंदे शिवसेना) ने अपनी रणनीति तैयार की और घोषणा की कि मुंबई का अगला मेयर मराठी और हिंदू होगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बारड्डबार यह रेखांकित किया है कि वे मराठी पहचान की रक्षा करेंगे और महाराष्ट्र के मूल निवासियों के हित में काम करेंगे।

भाजपा के बयान के बाद शिवसेना (यूबीटी) और मनसे ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा मुंबई में गैरड्डमराठी और उत्तर भारतीय मतदाताओं को नजरअंदाज कर रही है। पहले भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह ने दावा किया था कि बीएमसी में इतनी संख्या में उत्तर भारतीय नगरसेवक चुने जाएंगे कि उत्तर भारतीय मेयर बनेगा, बाद में उन्होंने अपने बयान से पल्ला झाड़ा। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दोबारा कह दिया कि मेयर मराठी होगा, जिससे विवाद और गहरा गया। इसी बीच अक्टक्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान ने एक सार्वजनिक सभा में यह मुद्दा उठाया कि अगर कोई मुस्लिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री या जज बन सकता है, तो मुंबई की मेयर मुस्लिम महिला क्यों नहीं बन सकती? उन्होंने कहा कि हमारा सपना यह है कि ह्यकलमा पढ़ने वाली मुस्लिम महिलाह्न मुंबई की मेयर बने। वारिस ने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति आई लव महादेव बोल सकता है और वह मेयर बन सकता है, तो हिजाब पहनने वाली और कलमा पढ़ने वाली मुस्लिम महिला क्यों नहीं बन सकती? इस बयान के बाद राजनीतिक रंग और भी चढ़ गया क्योंकि वारिस का यह तर्क संविधान और लोकतंत्र के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। यह सवाल पूछ रहा है कि क्या धार्मिक पहचान और संस्कृति लोकतांत्रिक अधिकारों की बाधा बन सकते हैं? मुंबई एक बहुसांस्कृतिक शहर है। यहाँ मराठी, हिंदीभाषी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, मुस्लिम और अन्य सामाजिकड्डधार्मिक समूह सहअस्तित्व में रहते हैं। इस विविधता के बीच पहचान के आधार पर राजनीति का मुद्दा जनता के बीच तीव्र बहस का विषय बन गया है।


इतिहास के पन्नों में देखें तो मुंबई नगर निगम में पहले भी मुस्लिम मेयर रहे हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार रामचंद्र गुहा की रचनाओं के अनुसार 1934 में पहला मुस्लिम मेयर चुना गया था और उसके बाद 1963 तक कुल छह मुस्लिम मेयर रहे। प्रसिद्ध नामों में यूसुफ मेहर अली भी हैं, जिन्हें अप्रैल 1942 में बॉम्बे का मेयर चुना गया था और उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा शुरू किए गए भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी का औपचारिक स्वागत भी किया था। इसके बाद 1963 के बाद से कोई मुस्लिम मेयर नहीं बना है, जिससे यह इतिहास राजनीतिक चर्चा का हिस्सा भी बन गया है।

राजनीतिक विश्लेषक कहते हैं कि बीएमसी चुनाव में सिर्फ पहचानड्डआधारित राजनीति नहीं, बल्कि स्थानीय मुद्दे भी निर्णायक होंगे। मुंबई में ट्रैफिक, पानी की समस्या, कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक परिवहन, स्वास्थ्य सुविधाएँ और शिक्षा जैसे मुद्दे रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करते हैं। विपक्षी दलों का दावा है कि भाजपाड्डशिंदे शिवसेना महायुति इन मुद्दों की बजाय पहचान और सांस्कृतिक ध्रुवीकरण पर ज्यादा जोर दे रही है ताकि वे वोट बैंक को मजबूत कर सकें। और दिलचस्प बात यह है कि चुनाव की प्रक्रिया में निर्विरोध जीत का तथ्य सामने आया है। बीएमसी समेत महाराष्ट्र के कई वार्डों में भारी संख्या में उम्मीदवारों को बिना मुकाबले जीत घोषित कर दिया गया। भाजपा के 44 उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए और महायुति गठबंधन के कुल 68 उम्मीदवारों की जीत घोषित कर दी गई। यह स्थितियां राजनीतिक विपक्ष के लिए चिंता का विषय हैं क्योंकि लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने का आरोप लग सकता है।

आंकड़े यह भी दशार्ते हैं कि बीएमसी का चुनाव केवल राजनीतिक दलों का गठबंधन नहीं है, बल्कि इसमें भाषाई समीकरण भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुंबई में लगभग 30% मतदाता मराठी भाषी हैं, लेकिन अन्य समुदायों उत्तर भारतीय, गुजराती, मुस्लिम, दक्षिण भारतीय की भी महत्वपूर्ण संख्या है। इस तरह का आबादी विभाजन राजनीतिक दलों को रणनीति बनाते समय यह सोचना मजबूर करता है कि किस तरह के उम्मीदवार को आगे रखा जाए ताकि वे सभी समुदायों से वोट आकर्षित कर सकें। मुंबई नगर निगम की राजनीति ने यह भी स्पष्ट किया है कि धर्म और पहचान के मुद्दे वोटरों के मन में गहराई से बसे हुए हैं। जबकि एक ओर महायुति मराठीड्डहिंदू पहचान को जोर दे रही है, वहीं विपक्षी दल मराठी बनाम उत्तर भारतीय के मुद्दे को उठाकर मराठी मतदाताओं को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अक्टक्ट की मुस्लिम महिला मेयर की मांग ने यह सवाल उठाया है कि क्या सार्वजनिक पद किसी एक समुदाय या पहचान तक सीमित रह सकते हैं, या उन्हें लोकतांत्रिक विविधता के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए?

विश्लेषकों का मानना है कि यह पहचानड्डआधारित राजनीति मतदाताओं की सोच को प्रभावित करेगी, लेकिन अंततः स्थानीय मुद्दों पर निर्णायक मत भी पड़ेगा। यदि वोटर यह महसूस करेंगे कि उनकी रोजमर्रा की समस्याएं हल नहीं हो रही हैं जैसे कि सड़कें, पानी, कचरा प्रबंधन तो वह पहचान की राजनीति से परे हटकर उन उम्मीदवारों को चुन सकते हैं जो वास्तविक समस्याओं का समाधान करने का वादा करते हैं। मतदान से पहले का मौसम दिखाता है कि राजनीतिक पार्टियाँ कड़ी तैयारी में लगी हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की महाविकास अघाड़ी सीटों पर मुकाबला कर रही है और कांग्रेसड्डएनसीपी भी कुछ हिस्सों में मैदान में दृढ़ता से काम कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी जैसे दल भी कुछ वार्डों में चुनौती दे रहे हैं। यह सब दिखाता है कि बीएमसी चुनाव में केवल एक या दो बड़े दलों की लड़ाई नहीं है, बल्कि बहुड्डपक्षीय राजनीतिक संघर्ष है जिस पर हर समुदाय की निगाह है।

अब सवाल यह उठता है कि 15 जनवरी को जब वोटों की गिनती होगी, तो क्या मुंबई के मतदाता पहचानड्डआधारित राजनीति को मुख्य मानेंगे या स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देंगे? यह चुनाव केवल मेयर का चुनाव नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़ा लोकतांत्रिक परीक्षण होगा कि मुंबई जैसे महानगर में वोटर किस तरह की नीति, नेतृत्व और प्रतिनिधित्व को चुनते हैं। मुंबई की राजनीति ने इस चुनाव को सिर्फ सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक अधिकार और लोकतांत्रिक विविधता की लड़ाई भी बना दिया है। खिलाड़ी चाहे किसी भी दल के हों, अंत में यह मतदाता का फैसला होगा कि वे कौनड्डसी पहचान को महत्त्व देते हैं और कौन सा नेतृत्व उन्हें बेहतर दिशा में ले जा सकता है।



**संजय सक्सेना,लखनऊ**

# जिन्ना का पाकिस्तान इंटरनेशनल मोनेटरी फंड के सामने नतमस्तक, बेबस जनता खाने को तरस रही है।

जिन्ना के सपनों का पाकिस्तान आज अपने सबसे भीषण आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है, जहां वह इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड के सामने पूरी तरह नतमस्तक दिखाई देता है और उसका तथाकथित आयरन फ्रेंड चीन भी आंखें फेर चुका है, पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक रूप से गिरकर लगभग 287 के स्तर तक पहुंच गया है, विदेशी मुद्रा भंडार सिमटकर मात्र 3.10 अरब डॉलर रह गया है जो मुश्किल से 15 दिनों के आवश्यक आयात को ही संभाल सकता है, ऐसे में महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी ने पूरे देश में त्राहि-त्राहि मचा दी है, आईएमएफ की शर्तों को मानने की मजबूरी में पाकिस्तान सरकार ने गैस के दामों में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और बिजली की कीमतों में प्रति यूनिट कई रुपये का इजाफा कर दिया है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा है, पंजाब से लेकर बलूचिस्तान और सिंध तक लोग सड़कों पर उतर आए हैं, विरोध और विद्रोह की आवाजें तेज हो रही हैं, आटा 250 रुपये किलो में भी मुश्किल से मिल रहा है, चावल गायब है और शक्कर आम आदमी के लिए कड़वी सच्चाई बन चुकी है, प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा दिवालियेपन की कगार पर पहुंचने की स्वीकारोक्ति इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तान अब केवल कर्ज लेकर कर्ज चुकाने के दुष्चक्र में फंस चुका है, संयुक्त अरब अमीरात और खाड़ी देशों का सहायता से इनकार करना और चीन द्वारा सीपीईसी परियोजनाओं में कार्यरत अपने नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं उठाने का संकेत देना पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय साख के पतन को दशार्ता है, आतंकवाद को राज्य नीति का औजार बनाकर जिन्ना के पाकिस्तान ने जो रास्ता चुना था उसी का परिणाम है कि आज वह वैश्विक स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है, जहां एक ओर भारत 15 अगस्त 1947 के बाद लोकतंत्र, विकास और वैश्विक सहयोग के रास्ते पर चलते हुए विश्व की प्रमुख आर्थिक और सामरिक शक्तियों में शामिल हो चुका है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान आतंकवाद, अस्थिरता और गलत नीतियों के कारण कंगाली और अराजकता की ओर बढ़ गया है, श्रीलंका जैसे हालात की आशंका अब केवल संभावना नहीं बल्कि वास्तविकता के बेहद करीब है, इसके बावजूद कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राग अलापना पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व के मानसिक दिवालियापन को उजागर करता है, आज पाकिस्तान के पास अपनी आवाम को बचाने के लिए न तो संसाधन हैं और न ही विश्व का भरोसा, केवल आईएमएफ की कठोर शर्तें ही उसे कुछ समय की सांस दे सकती हैं, लेकिन यदि उसने आतंकवाद से दूरी, आर्थिक सुधारों और पड़ोसी देशों के साथ व्यवहारिक नीति की ओर आमूलचूल परिवर्तन नहीं किया तो वह दिन दूर नहीं जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष भी उससे हाथ खींच लेगा और पाकिस्तान इतिहास में एक असफल राष्ट्र के रूप में दर्ज हो जाएगा।



**संजीव ठाकुर,वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक, लेखक,रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009415415,**

## //कविता//

# साथ रहकर भी साथ नहीं

आंखें तरस गई है,
दीदार तेरा पाने को।
दो पल कभी प्यार के
तुम्हारे साथ बिताने को।।

दुःख इस बात का नहीं है
कि, तुम मेरे पास नहीं हो।
दुःख इस बात का है कि
पास रहकर भी पास नहीं हो।।

क्या महसूस किया कभी
कि , मेरे सीने में भी दिल है।
मशीन नहीं मानव हूं मैं,
हर धड़कन तेरे प्यार के
काबिल है।।

बिकते नहीं बाजार में ये,
कहां से खरीद लाऊं मैं।
जो जख्म भरें हैं दिल में मेरे
वो किसको दिखलाऊं मैं।।

समझ नहीं पाए कभी मेरे
निः स्वार्थ प्रेम समर्पण को।
तिलांजलि दे दी तुमने।
विश्वास सेवा अर्पण को।।

गर होते आंखों से ओझल
समझा लेती अपने दिल को।
साथ रहकर भी साथ नहीं
क्या दर्द है, कैसे बतलाऊं
तुमको।।

सागर के दो, तटों को देखो
रहकर एक दूसरे के सामने भी
कभी नहीं मिल पाते हैं।
उसी तरह है जींदगी जो
दिखते तो साथ में हैं
पर साथ नहीं रह पाते हैं।।

**रंजना कुमारी, पटना, बिहार**

# भीमराव आम्बेडकर

डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर ( जन्मः 14 अप्रैल, 1891 - मृत्युः 6 दिसंबर, 1956) एक बहुजन राजनीतिक नेता और एक बौद्ध पुनरुत्थानवादी भी थे। उन्हें बाबासाहेब के नाम से भी जाना जाता है। आम्बेडकर ने अपना सारा जीवन हिन्दू धर्म की चतुवर्ण प्रणाली और भारतीय समाज में सर्वत्र व्याप्त जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में बिता दिया। उन्हें बौद्ध महाशक्तियों के दलित आंदोलन को प्रारंभ करने का श्रेय भी जाता है। आम्बेडकर को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया है जो भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। अपनी महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों तथा देश की अमूल्य सेवा के फलस्वरूप डॉ. अम्बेडकर को आधुनिक युग का मनु कहकर सम्मानित किया गया।

जीवन परिचय

डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। वे रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई मुरबादकर की 14वीं व अंतिम संतान थे। उनका परिवार मराठी था और वो अंबावडे नगर जो आधुनिक महाराष्ट्र के रत्नागिरी ज़िले में है, से संबंधित था। अनेक समकालीन राजनीतिज्ञों को देखते हुए उनकी जीवन-अवधि कुछ कम थी। वे महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। किन्तु इस अवधी में भी उन्होंने अध्ययन, लेखन, भाषण और संगठन के बहुत से काम किए जिनका प्रभाव उस समय की और बाद की राजनीति पर है। भीमराव आम्बेडकर का जन्म निम्न वर्ण की महार जाति में हुआ था। उस समय अंग्रेज निम्न वर्ण की जातियों से नौजवानों को फौज में भर्ती कर रहे थे। आम्बेडकर के पूर्वज लंबे समय तक ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में कार्यरत थे और भीमराव के पिता रामजी आम्बेडकर ब्रिटिश फौज में सूबेदार थे और कुछ समय तक एक फौजी स्कूल में अध्यापक भी रहे। उनके पिता ने मराठी और अंग्रेजी में औपचारिक शिक्षा की डिग्री प्राप्त की थी। वह शिक्षा का महत्त्व समझते थे और भीमराव की पढ़ाई लिखाई पर उन्होंने बहुत ध्यान दिया।

**शिक्षा**

अछूत समझी जाने वाली जाति में जन्म लेने के कारण अपने स्कूली जीवन में आम्बेडकर को अनेक अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ा। इन सब स्थितियों का धैर्य और वीरता से सामना करते हुए उन्होंने स्कूली शिक्षा समाप्त की। फिर कॉलेज की पढ़ाई शुरू हुई। इस बीच पिता का हाथ तंग हुआ। खर्चे की कमी हुई। एक मित्र उन्हें बड़ौदा के शासक गायकवाड़ के यहाँ ले गए। गायकवाड़ ने उनके लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था कर दी और आम्बेडकर ने अपनी कॉलेज की शिक्षा पूरी की। 1907 में मैट्रिकुलेशन पास करने के बाद बड़ौदा महाराज की आर्थिक सहायता से वे एलिफिन्सटन कॉलेज से 1912 में ग्रेजुएट हुए।

1913 और 15 के बीच जब आम्बेडकर कोलंबिया विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे थे, तब एम.ए. की परीक्षा के एक प्रश्न पत्र के बदले उन्होंने प्राचीन भारतीय व्यापार पर एक शोध प्रबन्ध लिखा था। इस में उन्होंने अन्य देशों से भारत के व्यापारिक सम्बन्धों पर विचार किया है। इन व्यापारिक सम्बन्धों की विवेचना के दौरान भारत के आर्थिक विकास की रूपरेखा भी बन गई है। यह शोध प्रबन्ध रचनावली के 12वें खण्ड में प्रकाशित है।

कुछ साल बड़ौदा राज्य की सेवा करने के बाद उनको गायकवाड़-स्कालरशिप प्रदान किया गया जिसके सहारे उन्होंने अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. (1915) किया। इसी क्रम में वे प्रसिद्ध अमेरिकी अर्थशास्त्री सेलिगमैन के प्रभाव में आए। सेलिगमैन के मार्गदर्शन में आम्बेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से 1917 में पी एच. डी. की उपाधी प्राप्त कर ली। उनके शोध का विषय था -'नेशनल डेवलपमेंट फॉर इंडिया : ए हिस्टोरिकल एंड एनालिटिकल स्टडी'। इसी वर्ष उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स में दाखिला लिया लेकिन साधनाभाव में अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाए। कुछ दिनों तक वे बड़ौदा राज्य के मिलिटरी सेक्रेटरी थे। फिर वे बड़ौदा से बम्बई आ गए। कुछ दिनों तक वे सिडेनहैम कॉलेज, बम्बई में राजनीतिक अर्थशास्त्र के प्रोफेसर भी रहे।

# चुनावी पारिवारिक एकता...!

अस्तित्व 'संकट' के बीच पारिवारिक एकता,
अपनी सत्ता सदा बनी रहें यहीं नेता देखता।
यहां कोई न स्थायी दोस्त ना ही कोई दुश्मन,
इस कुर्सी के लिए होते रहते बेमेल गठबंधन।

संभावना, चुनौतियों में अवसरों की बुनियाद,
ये एक और एक ग्यारह होंगे करते फरियाद।
अभी-भी दो परिवारों का हो रहा यह मिलन,
भई, बिना बरसात के इसमें आई थी सीलन।

कुनबों में बिखराव कहानी अलग-अलग रही,
क्योंकि, रिश्तों में भी खूब जम गया था दही।
दिल भले मिले ना मिले 'दल से बल' ही मिले,
अद्भुत संभावनाओं से 'चेहरे' जरूर हैं खिलें।
(संदर्भ-महाराष्ट्र चुनाव में पारिवारिक एकता का राग)

**संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक) इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश) मो. 98260 25986**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अधिकारियों के रवैए की खिल्ली उड़ाता नजर आया लोनी का 'संपूर्ण समाधान दिवस'

समाज जागरण

लोनी, 5 जनवरीः लोनी नगर पालिका में सोमवार को उस समय एक असामान्य नजारा उस समय देखने को मिला जब वार्ड-41 की जनता क्षेत्र में सफाई की शिकायत लेकर 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' के मौके पर तहसील पहुँची। वार्ड सभासद अंकुश जैन के नेतृत्व में पहुंची भीड़ को लगा कि शायद इस बार उनकी सुनवाई हो जाएगी, मगर अधिकारियों की कार्य प्रणाली ने साबित कर दिया कि यहां समाधान नहीं, सिर्फ औपचारिकता होती है। तहसील सभागार में कुर्सियों पर जमे अधिकारी शिकायती पत्रों को लेकर समस्याएं सुनते रहे, जबकि जिस भीड़ को उनकी समस्या सुनने के लिए अधिकारियों के आने का इंतजार था वे बाहर इंतजार करते रह गए।

लोगों का सवाल था कि "अधिकारियों में जनता से मिलने का हौसला नहीं, तो वे समस्या का समाधान कैसे कर पाएंगे?"और अपनी समस्या लेकर आए लोग वही सभागार के बाहर धरने पर बैठ गये। इस दौरान पीड़ित नागरिकों ने विभाग व अधिकारों के विरुद्ध जमकर नारी





बाजी की, मगर अधिकारी उनकी ओर से गूंगे और बाहरे बने बैठे रहे।

लोगों का आरोप है कि अधिकारी मैदान में आने से अधिक मीटिंग हॉल में बैठकर 'समाधान का नाटक' करते हैं। एक नागरिक ने व्यंग कसते हुए कहा कि-

यहां सम्पूर्ण समाधान दिवस के नाम पर अधिकारियों की ऐसी व्यवस्था है जहां समस्या बाहर खड़ी रहती है और समाधान अंदर बंद होकर मीटिंग में होता है।"

इस मौके पर रोषित पार्षद अंकुश जैन ने कहां की जब जनता बाहर खड़ी हो और अधिकारी अंदर बैठकर समस्या पर चर्चा करते रहें, तो समझ लीजिए कि व्यवस्था नहीं, संवेदनशीलता बीमार हो चुकी है।

अंकुश ने कहा कि यह विरोध किसी एक व्यक्ति या एक वार्ड का नहीं, बल्कि पूरे लोनी नगर की जनता का है। उन्होंने कहा शासन द्वारा क्षेत्रीय साफ-सफाई के लिए मानक तय हैं, कर्मचारियों की संख्या, डस्टबिन, संसाधन और बजट उपलब्ध है, मगर इसके बावजूद क्षेत्रीय जनता को नरकीय जीवन जीने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मौखिक और लिखित में अनेक बार शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी और अंत में मजबूर होकर जनता को यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड नं. 41 में सफाई कर्मचारियों की संख्या मानकों से बहुत कम है. जिसके कारण नियमित सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। यही नहीं सरकारी योजना के अंतर्गत वार्डों में नागरिकों के बीच वितरण होने वाले डस्टबिन(कूड़ेदान) भी आज तक उपलब्ध नहीं कराए जाने से लगता है उनकी खानापूर्ति भी कागजों में कर दी गई है, जबकि नागरिकों को मजबूरीवश खुले में कूड़ा फेंकना पड़ रहा हैं।

### भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष (ओबीसी मोर्चा) भी पहुंचे मौके पर

सभासद अंकुश जैन के नेतृत्व में वार्ड की जनता संग तहसील में धरने प्रदूषण की जानकारी मिलने पर ओबीसी मोर्चा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परमेंद्र जांगड़ा भी वहां पहुंच गए। उन्होंने प्रदूषण कार्यों को समझा बुझा कर शांत किया। इसके बाद अधिकारिया ठीक न समझते हुए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष रंजीत धामा से प्रदूषणकारी लोगों की बात सुनने के लिए कहा। जिस पर तुरंत धरने पर बैठे लोगों के बीच पहुंची नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रदर्शनकारियों और पार्षद अंकुश जैन (मिंकू) से बातचीत करते हुए जनता को आश्वासन दिया कि सफाई व्यवस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा।



नगर पालिका अध्यक्ष की बातों से संतुष्ट हुए लोगों ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि अगली बार सिर्फ शिकायत लेकर नहीं आएंगे जवाब लेकर लौटेंगे।

# लोनी नगर पालिका की सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, ईओ की नाकामी पर उठे सवाल, वार्ड 41 में गंदगी का साम्राज्य

समाज जागरण

लोनी, 5 जनवरीः नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था अब बबार्दी की कगार पर पहुँच चुकी है, और इसके लिए सीधे तौर पर नगर पालिका प्रशासन तथा अधिशासी अधिकारी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। वार्ड 41 सहित पूरे शहर में कूड़े के पहाड़, बदबूदार नालियां और फैली गंदगी इस बात का सबूत हैं कि पालिका के अधिकारी काम करने के बजाय कुर्सियों से चिपके बैठे हैं। सोमवार को इसी प्रशासनिक नाकामी के खिलाफ सैकड़ों लोगों ने नगर पालिका परिषद का तेज और कठोर घेराव किया। इस आंदोलन का नेतृत्व वार्ड 41 के पार्षद अंकुश जैन मिंकू ने किया, उन्होंने स्पष्ट कहा कि लोनी की जनता गंदगी में जी रही है और अधिकारी आरामकुर्सी पर सो रहे हैं। सफाई के नाम पर बजट खाया जा रहा है, लेकिन जमीनी काम शून्य है। पार्षद ने आरोप



लगाया कि वार्ड में सफाई कर्मचारियों की भारी कमी, कचरा वाहनों का अभाव और कार्यदायी संस्था की मनमानी के बावजूद अधिशासी अधिकारी चुप बैठे हैं। शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं.. उल्टा कार्यदायी संस्था का कार्यकाल बढ़ा देना. यह खुलेआम संरक्षण नहीं तो और क्या है?

पार्षद ने कहाह्लयह लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के साथ सीधा धोखा है। वार्ड 41 की गलियों में कूड़े के ढेर, गंदे चौराहे, और खाली प्लॉटों में फैली सड़ांध ने इलाके को बीमारी का केंद्र बना दिया है। लोगों का कहना है कि हर गली में कचरा है, मगर पालिका के अधिकारी मौके पर आना तो दूर, देखकर भी अनदेखा कर देते हैं।

प्रदर्शनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि सफाई व्यवस्था पर तुरंत दुरुस्त नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक और तीखा होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन पर होगी। लोगों ने दो-टूक मांग रखी कि सफाई व्यवस्था की उच्च स्तरीय जांच हो तथा अधिशासी अधिकारी को तुरंत पद से हटाया जाए।

# लोनी नगर पालिका अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों पर लगाया जनप्रतिनिधि के दबाव में काम करने का आरोप

समाज जागरण

लोनी, 5 जनवरीः सोमवार को नगर पालिका परिषद सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत वहा अपने कार्यालय में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रंजीताधामा से भेंट हुई। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को लेकर वह जिस अंदाज में अपने विभागीय कर्मचारियों से बात कर रही थी उससे साफ झलक रहा था कि विभाग के जिम्मेदार लोग उनके निदेर्शों को कोई खास तवज्जो नहीं दे रहे हैं। संदर्भ में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने बिना किसी का नाम लिए स्थानीय विधायक की ओर इशारा करते हुए स्पष्ट कहा कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी स्थानीय प्रतिनिधि के दबाव में काम करते हैं जिससे क्षेत्रीय विकास कार्यों में बाधा आती है।

दरअसल नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने बीते दिनों वार्ड 33 में स्थित किसी दीवार का नियमनुसार निर्माण करने का निर्देश दिया था। काफी दिन बीत जाने के बावजूद दीवार नहीं बन पाने पर मामले की शिकायत लेकर वार्ड के पूर्व सभासद आज नगर पालिका अध्यक्ष से मिलने आये थे। उन्होंने तुरंत संबंधित अधीनस्थ को दीवार का निर्माण नहीं हो पाने का कारण पूछा तो सामने से टालमटोल करने जैसा जवाब मिला, इस पर अध्यक्ष ने शक्ति के साथ बात करते हुए दीवार निर्माण की समस्या



का तत्काल निस्तारण करने के लिए कहा। हालांकि नगर पालिका की कार्यप्रणाली को देखते हुए समस्या का निस्तारण कब होगा या नहीं होगा? यह बात समय के गर्भ में है।

हालांकि नगर पालिका अध्यक्ष से मिले इस उत्तर ने जहां यह बात स्पष्ट करदी कि दोनों प्रतिनिधियो के बीच का फासला घटने की बजाय बढ़ता ही जा रहा है। वहीं दूसरी ओर यह बात खुलकर सामने आ गई है कि उनके आपसी मतभेद का यह विवाद जनहित के कार्यों में खलनायक बना हुआ है। इस स्थिति में नगर पालिका विभाग की ऐसी कार्य प्रणाली एक चिंता का विषय है. जो संगठनात्मक अनुशासन की कमी साथ-साथ कहीं ना कहीं नेतृत्व में प्रभावशीलता की समस्या को भी दशार्ता है।

इस मामले में चेयरमैन का अपने अधीनस्थ अधिकारियों पर पर्याप्त प्रभाव न होने या उन्हें प्रेरित न कर पाने के साथ ही दूसरी ओर अधीनस्थों की आपसी समझ और सम्मान न होने से निदेर्शों को गंभीरता से न लेना, इसके कारण हो सकते हैं।

जनप्रतिनिधि को अधिकारियों को सम्मान और प्रोत्साहन देकर काम करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जिससे मनोबल बढ़ेगा. साथ ही उनके काम और निदेर्शों के पालन की जवाबदेही तय की जानी चाहिये। इसके अलावा बार-बार निदेर्शों की अनदेखी पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

वहीं दूसरी ओर यह स्थिति किसी भी संगठन के लिए हानिकारक है. एक प्रभावी लीडर वो होता है जो सम्मान और स्पष्ट संचार के माध्यम से अपने अधीनस्थों को प्रेरित करे, न कि सिर्फ आदेश देकर या किसी तरह का दबाव बनाकर दूसरे विभाग में अनावश्यक हस्तक्षेप करें।

कुल मिलाकर उपरोक्त संदर्भ के निष्कर्ष पर बात करें तो

पिछले कई वर्षों से दो प्रतिनिधियों के बीच की यह सियासती खाई पटने का नाम नहीं ले रही है। सूत्रों की माने तो सार्वजनिक मंचों पर एक दूसरे के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर कर करने के बाद उनके बीच का यह तनाव केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहा है बल्कि शिकायतों के रूप में मा. न्यायालय तथा मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच रहा है। हालांकि इसका सबसे बड़ा नुकसान आम जनता को ही भुगतना पड़ रहा है।

## गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न, 112 शिकायतों का निस्तारण

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 05 जनवरी 2026। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों–दादरी, सदर और जेवर–में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 112 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 09 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 93 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 07 शिकायतों का समाधान तुरंत किया गया। तहसील जेवर में उप जिलाधिकारी अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित दिवस में 15 शिकायतें दर्ज की गईं। तहसील सदर में उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता ने 04 शिकायतें सुनीं, जिनमें से 02 मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया।

# एंटी क्राइम ऑल इंडिया ट्रस्ट ने कराया बेसहारा घोड़े का अंतिम संस्कार, लोगों ने करी सरहाना

समाज जागरण

लोनी, 5 जनवरीः क्षेत्र में स्थित खन्ना नगर कॉलोनी में बीते दिन सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़े एक बेसहारा घोड़े का एंटी क्राइम ऑल इंडिया ट्रस्ट की टीम ने अंतिम संस्कार कराया। लोगों ने ट्रस्ट के इस मानवीय कार्य की जमकर सर हाना की है

मिली जानकारी के मुताबिक ट्रस्ट के महासचिव इजरायल मोहम्मद सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचे



और मामले की जानकारी 112 पुलिस, चौकी प्रभारी तथा नगर पालिका को दी। सूचना पर पुलिस व नगरपालिका की टीम भी तुरंत मौके पर पहुंची। लोनी नगरपालिका की ओर से जेसीबी मशीन उपलब्ध कराई गई, जिसे ऑपरेटर मुन्ना ने संचालित किया।

कॉलोनीवासियों के सहयोग से परवेज चौधरी, इमरान, रजनीश कुमार सहित एंटी क्राइम ऑल इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मिलकर मृत घोड़े का हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया। स्थानीय निवासियों ने टीम के इस संवेदनशील पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मानवीय कार्य समाज के लिए एक सिख हैं।

# लोनी में कचरा संग्रहण घोटाले पर "सफाई"अब तक अधूरी

## जांच समितियाँ बनीं, पत्र जारी हुए. मगर कार्यवाही आजतक भी "फाइलो" में कैद

समाज जागरण

लोनी, 5 जनवरीः नगरपालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य को लेकर उठे अनियमितताओं के आरोपों पर कई पत्र, आदेश और जांच समितियाँ तो गठित हो गईं–परंतु कार्यवाही आज भी उतनी ही लापता बताई जा रही है, जितनी नगर क्षेत्र की कचरा प्रबंधन व्यवस्था।

मामले से जुड़े दस्तावेजों के अनुसार, शिकायतों के आधार पर 22 अगस्त 2024 को प्रमुख सचिव नगर विकास के स्तर से पत्र जारी हुआ, जबकि उससे पहले जिलाधिकारी गाज़ियाबाद के पत्रांक 1274, दिनांक 04 मई 2024 के संदर्भ में मेरठ मंडल स्तर पर जांच समिति गठित की गई। इसके बाद भविष्य निधि से जुड़े बिंदुओं पर 16 जुलाई 2025 को भविष्य निधि आयुक्त, मेरठ को पत्र भेजकर अलग से परीक्षण का अनुरोध भी किया गया।

जांच रिपोर्टों में संसाधनों की कमी, श्रमिक संख्या में अंतर और एरक्एढक्ऋभुगतान संबंधी अनियमितताओं का उल्लेख सामने आया. लेकिन हैरानी की बात यह कि अधिशासी अधिकारी के खिलाफ जांच व कार्यवाही का पहिया वहीं रुक गया, जहाँ से कागजी प्रक्रिया शुरू हुई थी।

बताया जाता है कि सफाई का अनुबंध समाप्त होने के बाद भी साठ गांठ के चलते नई निविदा जारी नहीं की गई, जबकि कार्य और भुगतान पूर्व की भाँति चलता रहा। हर माह करोड़ों रुपये के भुगतान के बीच यह प्रश्न भी अनुत्तरित है कि नियमों के अनुरूप सत्यापन के बिना भुगतान क्यों होता रहा.?

कहा जा रहा है कि यह पूरा प्रकरण अब इस यक्ष प्रश्न की तरह खड़ा है कि जब जांच रिपोर्टें आ चुकीं, पत्रांक दर्ज हैं, तिथियाँ आधिकारिक रिकॉर्ड में मौजूद हैं. तो फिर जिम्मेदार कार्यदायी एजेंसी और अधिशासी अधिकारी लोनी के विरुद्ध कार्यवाही किस 'फाइल' की प्रतीक्षा कर रही है?

वही नगरपालिका सूत्रों का कहना है कि अधिशासी अधिकारी कभी पालिका चेयरमैन के खिलाफ मोर्चा खोलते हैं, कभी सभासदों से टकराव की खबरों में छाए रहते हैं। आम नागरिकों के फोन रिसीव न होने की शिकायतें भी कम नहीं–लेकिन कार्यवाही? वह अब तक "प्रोसेस में" ही बताई जाती है।

ऐसे में शहर में यह सवाल गूंजने लगा है कि क्या नियम-कानून सिर्फ. कागजों पर ही लागू होते हैं, या फिर कुछ पदों को नियमों से ऊपर समझा जाने की नई परंपरा विकसित हो रही है? प्रशासनिक गलियारों में यह बहस तेज है कि यदि इतने आरोप, जांच रिपोर्टें और पत्राचार के बावजूद भी ठोस कार्यवाही नहीं होती, तो यह न केवल गलत उदाहरण पेश करेगा बल्कि सरकारी दफ्तरों में जवाबदेही, अनुशासन और प्रशासनिक नियंत्रण पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करेगा।

कहने को सफाई व्यवस्था "डोर-टू-डोर" है–मगर फिलहाल सबसे बड़ी सफाई शायद उसी की है, जो कार्रवाई से बचाव के लिए कागजो पर ही की जा रही है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य 07 जनवरी को करेंगी महिला जनसुनवाई व चौपाल

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 05 जनवरी 2026। जनपद गौतमबुद्धनगर में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए आगामी 07 जनवरी, 2026 को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की माननीय सदस्य डा० मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई व चौपाल का आयोजन कार्यालय खंड विकास अधिकारी, दादरी सभागार में प्रातः 11:00 बजे से किया जाएगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने बताया कि इस जनसुनवाई के माध्यम से जनपद की महिलाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं और सुझावों को सुना जाएगा। प्राप्त शिकायतों और सुझावों का निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाएगी, ताकि महिलाओं को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर महिलाओं को अपने अधिकारों, सरकारी योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी भी दी जाएगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के सभी उपाय जनपद की महिलाओं तक पहुँचें।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाएँ, ताकि उनके मुद्दों का समाधान सीधे अधिकारियों और आयोग के माध्यम से किया जा सके। सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर के अनुसार, यह पहल महिलाओं के मुद्दों को प्रशासन के समक्ष लाने और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## नोएडाः थाना सेक्टर-24 ने दोपहिया वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

नोएडा, 05 जनवरी 2026। थाना सेक्टर-24, नोएडा की पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे और निशानदेही के आधार पर कुल 11 चोरी की गई मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इसके अलावा उनके पास से अवैध शस्त्र भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त लगातार दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं में लिप्त थे और स्थानीय लोगों में आतंक का कारण बने हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रशासन ने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और नागरिकों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेट्रोलिंग एवं जांच में और तेजी लाई जाएगी।

# हॉलसेल मे सिगरेट की ब्लैक मार्केटिंग, खुदरा दुकानदारों पर मार।

### गजट से पहले सिगरेट बाजार में उथल-पुथल, ब्लैक में बिक रही सिगरेट, फुटपाथ दुकानदारों पर पुलिसिया कार्रवाई का आरोप

समाज जागरण

नोएडा। सरकार द्वारा सिगरेट से जुड़े नए गजट नोटिफिकेशन के आने की चचाओं के बीच नोएडा समेत आसपास के इलाकों में सिगरेट का बाजार असंतुलन की स्थिति में पहुंच गया है। स्थानीय स्तर पर आरोप लग रहे हैं कि गजट लागू होने से पहले ही ब्लैक में सिगरेट की सप्लाई शुरू हो चुकी है, जिससे आम उपभोक्ता और छोटे दुकानदार दोनों परेशान हैं।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि फुटपाथ और छोटे स्तर पर सिगरेट बेचने वालों को ब्लैक में महंगी सिगरेट खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जहां एक डिब्बी बाजार में 7रुपये महंगी मिल रही है, वहीं मजबूरी में वही डिब्बी 9रुपये तक महंगी बेचनी पड़ रही है, ताकि






लागत निकल सके।

दुकानदारों का आरोप है कि इस पूरी स्थिति में पुलिसिया कार्रवाई का रुख असमान दिखाई दे रहा है। आरोप है कि फुटपाथ पर सिगरेट बेचने वाले छोटे दुकानदारों के खिलाफ चालान और जब्ती की कार्रवाई बढ़ा दी गई है, जबकि बड़े दुकानदारों के साथ थानों में बैठकर चाय-पानी की मेहमाननवाजी की जा रही है।

फुटपाथ दुकानदारों का कहना है कि वे पहले ही महंगाई और अनियमित सप्लाई से जूझ रहे हैं, ऊपर से पुलिस की सख्ती उनके लिए रोजी-रोटी का संकट पैदा कर रही है। उनका आरोप है कि बड़े स्तर पर ब्लैक में सिगरेट की सप्लाई करने वालों पर कार्रवाई के बजाय कमजोर तबके को निशाना बनाया जा रहा है।

इस पूरे मामले को लेकर उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक एसोसिएशन के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर से निवेदन किया है कि वे सिगरेट की ब्लैक मार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई करें और पुलिस को निर्देश दें कि फुटपाथ दुकानदारों के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार न हो। साथ ही, कानून व्यवस्था में पारदर्शिता रखते हुए बड़े और छोटे दुकानदारों के लिए समान नियम लागू किए जाएं।

फिलहाल इस विषय पर पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन गजट से पहले बढ़ती अव्यवस्था ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मेरठः मुंडाली क्षेत्र से चोरी दो पशु बरामद

संवाददाता, धर्मेन्द्र कुमार, समाज जागरण, मेरठ

मेरठ, 05 जनवरी 2026 : मुंडाली थाना क्षेत्र के ग्राम आलमपुर प्रधान राकेश सैनी के घर से 4 जनवरी की रात को दो कीमती पशु चोरी हो गए। चोरी गए पशुओं में एक भैंस और एक भैंसा शामिल थे, जिनकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है।

पुलिस को सूचना मिलते ही थाना मुंडाली और लोहियानगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पुलिस के साथ ग्रामवासियों ने भी सहयोग किया। प्रधान समयपुर सुभाष सैनी, ठेकेदार मोनू सिसौली, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष और अन्य ग्रामीणों के प्रयासों से पशु मेरठ के ग्राम घोसीपुर से बरामद कर लिए गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। ग्रामीणों ने पुलिस की द्रुत और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की। प्रधान राकेश सैनी ने कहा कि प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग ने पशुओं की बरामदगी में अहम भूमिका निभाई।

यह घटना दिखाती है कि स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण समाज का समन्वय चोरी जैसी घटनाओं को जल्दी सुलझाने में कितना प्रभावी साबित हो सकता है।

# नोएडा सेक्टर-18 में घटिया खाना ! बच्चों की सेहत से खिलवाड़ का लगा आरोप, वीडियो वायरल

समाज जागरण

नोएडा। सोशल मीडिया पर नोएडा के सेक्टर-18 स्थित खानपान की दुकानों को लेकर एक वीडियो और ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सोशल मीडिया यूजर महेंद्र माही (@MahendrMahii) ने नोएडा के जिलाधिकारी और जिला खाद्य सुरक्षा विभाग से अपील करते हुए कहा है कि यदि प्रशासन को बच्चों और आम लोगों के स्वास्थ्य की जरा भी चिंता है, तो सेक्टर-18 की खाने-पीने की दुकानों की गुणवत्ता की तुरंत जांच कराई जाए।

वायरल ट्वीट में दावा किया गया है कि सेक्टर-18 में मिलने वाला चाय, पराठा, बिरयानी और अन्य खाद्य पदार्थ बेहद घटिया गुणवत्ता के हैं। आरोप है कि यहां पराठे पूरी



तरह मैदे से बनाए जा रहे हैं, वहीं घटिया और बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है।

महेंद्र माही ने ट्वीट में यह भी लिखा है कि चाहे ऐश्वर्या जैसी नामी दुकानों की बात हो या अन्य ठेलों और रेस्टोरेंट्स की–अधिकांश जगहों पर सस्ते और अस्वास्थ्यकर सामान से




बच्चों और युवाओं को दिन-रात खाना खिलाया जा रहा है। इससे उनकी सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

वायरल वीडियो में यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ दुकानदार आम लोगों से मोटा पैसा वसूलकर उन्हें जहर परोस रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि खाद्य सुरक्षा विभाग तत्काल छापेमारी करे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सेक्टर-18 नोएडा का प्रमुख व्यावसायिक और छात्र क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में बच्चे, छात्र और नौकरीपेशा लोग रोजाना खाना खाते हैं। ऐसे में अगर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता खराब है, तो यह एक गंभीर जनस्वास्थ्य का मामला बनता है।

फिलहाल इस मामले में जिला प्रशासन या खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन वीडियो के वायरल होने के बाद कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। ध्यान देः खबर वायरल विडियो के आधार पर लिखी गई है समाज जागरण पृष्टि नही करता है।

## एंटीबायोटिक प्रतिरोध दुनिया में गंभीर स्वास्थ्य संकटः प्रो. पथु

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी विभाग में प्रशिक्षण एवम् विकास सेल नीति के अंतर्गत वॉर अगेन्स्ट रेसिस्टेंसः माइक्रोबियल थ्रेट्स एंड जीनोमिक प्रोफाइलिंग पर फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम- एफडीपी

टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बायोकेमिस्ट्री की एचओडी प्रो. पथु उषा किरण ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिरोधी संक्रमणों की वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए इस खतरे से लड़ने के लिए उन्नत निदान रणनीतियों पर जोर दिया। डॉ. किरण ने प्रतिरोधी संक्रमणों की वैश्विक चुनौतियों पर कहा, एंटीबायोटिक प्रतिरोध एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है, जो विश्व स्तर पर लाखों मौतों का सबब बन रहा है। इस खतरे से लड़ने के लिए उन्होंने उन्नत निदान रणनीतियों जैसे- तेज और सटीक आणविक परीक्षण विधियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सहयोगात्मक प्रयासों की पुरजोर वकालत करते हुए कहा, ऐसे में शोधकताओं, चिकित्सकों और नीति-निमार्ताओं के एकजुट होने की दरकार है। प्रो. पथु तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी विभाग में ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट सेल के तहत वॉर अगेन्स्ट रेसिस्टेंसः माइक्रोबियल थ्रेट्स एंड जीनोमिक प्रोफाइलिंग पर फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम- एफडीपी एवम् वर्कशॉप में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। इससे पूर्व डॉ. किरण ने बतौर मुख्य अतिथि, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. पंकज कुमार सिंह, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल के प्रधानाचार्य प्रो. नवनीत कुमार, एमएलटी की विभागाध्यक्षा प्रो. रुचि कांत आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# श्री राम सांस्कृतिक कला परिषद द्वारा किया गया धार्मिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**




चंदौसी। श्री राम सांस्कृतिक कला परिषद के अध्यक्ष अशोक शर्मा द्वारा अपने पुत्र स्व. कृष्णा शर्मा की पावन स्मृति में एक भव्य धार्मिक नृत्य प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न स्कूलों और क्षेत्रों से आए नन्हें-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि चंदौसी नगर पालिका की अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

लता वार्ष्णेय ने बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति प्रेम और जुड़ाव पैदा होता है। आशा गोस्वामी ने स्वर्गीय कृष्णा शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिषद के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया।

**सांस्कृतिक रंग और संचालन**

प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने देवी-देवताओं के स्वरूप धरकर धार्मिक भजनों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। निर्णायक की भूमिका में विचित्रा गुप्ता, नताशा वार्ष्णेय एवं आशा गोस्वामी रहीं। प्रतियोगिता में प्रथम निहारिका वार्ष्णेय, द्वितीय मिश्का अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर इशानी वार्ष्णेय रही। पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन सर्वेश चीनी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी से कार्यक्रम में उत्साह बनाए रखा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में परिषद के सक्रिय सदस्यों का विशेष सहयोग तथा योगदान रहा, जिनमें मुख्य रूप से पद्मिनी शर्मा, टीटू शर्मा, विकास कुमार मिश्रा (एडवोकेट), लकी शर्मा, सीमा मिश्रा और आदित्य शंखधार आदि शामिल रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष अशोक शर्मा ने अंत में सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को कला के माध्यम से धर्म और संस्कारों से जोड़ना है।

# राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव की अखण्ड काव्यधारा से गूँजी कल्किनगरी

- आठ प्रदेशों के 137 कवि और कवयित्रियों ने किया काव्य पाठ
- रविवार सुबह 8:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक कुल 16 घंटे चला महोत्सव




**समाज जागरण**

संभल।सम्भल स्थित डी के रिसोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय काव्य संगम महोत्सव में आठ राज्यों से आए साहित्यकरों ने, प्रातः छह बजे से देर रात्रि तक निरंतर पंन्द्रह घंटे कविता पाठ करके, साहित्यिक कार्यक्रम को ऐतिहासिक समारोह के रूप में मनाया गया। श्री कल्कि देव तीर्थ समिति की प्रेरणा से यह कार्यक्रम हिन्दू जागृति मंच के अध्यक्ष रहे स्वर्गीय डी के शर्मा की स्मृति में आयोजित किया गया था। जिसमें सत्र के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी रामानुज ने साहित्य को वह धरोहर बताया जो अगली पीढी को संस्कारित बनाती है,एवं साहित्यिक अभिरुचि हमेशा ही हमारे मन-मस्तिष्क को तरोताजा बनाए रखती है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने हिन्दू जागृति मंच के सदस्यों एवं उपस्थित साहित्यकारों को भगवान श्री कल्कि का चित्र एवं श्रीमदभागवद गीता ग्रन्थ एवं स्पर्शी पत्रिका देकर सम्मानित किया।

नगर हिंदू सभा के अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक आयोजन बताया क्योंकि एक साथ 137 साहित्यकारों को एकत्र करके और इतने लंबे समय तक अखंड कार्यक्रम चलाना, वास्तव में साहित्य के इतिहास में एक अनूठा कार्यक्रम है। इसके लिए हिन्दू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा को बधाई दी।

हिंदू जागृति महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष नेहा मलय ने कहा कि आठ प्रदेशों से आए 137 साहित्यकारों ने रविवार प्रातः काल 8:00 बजे से निरंतर 16 घंटे तक कार्यक्रम चलकर रात्रि 12:00 बजे संपन्न हुआ। ऐसा अद्भुत अनूठा और मिसाल बनने वाला कार्यक्रम हिंदू जागृति मंच ने करके साहित्य जगत में संभल की यश पताका बुलंद की है। अतुल कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन प्रतिवर्ष ही ऐसा आयोजन निरंतर चार वर्षो से कराता आ रहा है, साहित्यकारों का सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है।

इह अवसर पर रामपुर से आए गीतकवि शिवकुमार चंदन सुनाया- आज समय की माँग यही है, मातृभूमि यशगान करो। निज संस्कृति संरक्षण हित, मिलकर कर्म महान करो।।डॉ संदीप कुमार सचेत ने पढा- दुख ने पाया विस्तार और सुख सिमट गया, खुद को सहेजने में, मैं खुद ही मिट गया।।

गीता सार को समेटे हुए दीपक गोस्वामी चिराग ने सुनाया- जो बीता अच्छा हुआ, जो भी होगा श्रेष्ठ। घटित हो रहा जो अभी, वह भी है अतिश्रेष्ठ।।

श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी द्वारा लाइन प्रस्तुत की गईं -

हँसती-इठलाती जहाँ पर हैं कलियाँ,
वहीं पर मैं अपना चमन देखता हूँ।
जहाँ पर है बहता प्रेमरस धरा पर,
वहीं पर मैं अपना वतन देखता हूँ।

सुखपाल सिंह गौर ने सुनाया कि- मुझे तो प्रेम है इस देश के साहित्य से यारो, कविताएँ मिट नहीं सकतीं और मैं मर नहीं सकता।

तीर्थ देव शर्मा सरल,श्रीपाल शर्मा ईदरीशपुरी, उज्ज्वल वशिष्ठ, ईशांत शर्मा ईशू, आवरण अग्रवाल श्रेष्ठ एवं ज्ञानप्रकाश उपाध्याय ने संचालन एवं व्यवस्थाओं की कमान संभाली।

इस अवसर पर अनन्त कुमार अग्रवाल,नेहा मलय, संतोष गुप्ता, अनुराग गुप्ता, संजीव कुमार सारस्वत, अजय गुप्ता सर्राफ, निशिकांत तिवारी, अरविन्द गुप्ता, चरन सिंह भारती, पूनम शुक्ला, नवरत्न वार्ष्णेय, सुमंत शुक्ला,दिनेश कुमार जाटव, रंजीत कुमार, अरुण अग्रवाल, सुबोध कुमार पाल, नवनीत कुमार, निखिल शर्मा, अमन सिंह, अमित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन सुखपाल सिंह गौर, इशांत शर्मा यीशु, अतुल कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता एवं मीनू रस्तोगी ने संयुक्त रूप से किया।

## खेत पर खड़ी बाइक चोरी पुलिस में शिकायत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर शेरकोट। खेत पर बाइक खड़ी कर काम करने गये युवक की बाइक अज्ञात चोर उठा ले गये पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला खुड़ा निवासी महेंद्र सिंह पुत्र नन्हे सिंह अपनी बाइक संख्या यूपी 20 एके 4709 से अपने खेत पर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक महामाया डिग्री कॉलेज के सामने सड़क किनारे खड़ी कर दी और खेत में कृषि कार्य करने चले गए। जब कुछ समय बाद वे वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी बाइक मौके से गायब थी पीड़ित ने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा आस-पास के क्षेत्र में काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित लगातार अपनी बाइक की खोज करता रहा, किंतु सफलता नहीं मिली। पीड़ित महेंद्र सिंह का कहना है कि उनकी बाइक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। पिडित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## समाधान दिवस में 15 शिकायतें दर्ज 2का हुआ समाधान

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 15 शिकायत दर्ज की गई जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया शेर शिकायतों को संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु सौंप दिया गया।



उप जिलाधिकारी नगीना विजय शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें 15 शिकायत है दर्ज की गई तथा दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तो को संबंधित विभागों को सौंपते हुए आदेशित किया गया की सरकार की मनसा अनुरूप शिकायत कताओं के पास पहुंचकर उक्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए जिससे शिकायत करता संतुष्ट हो सके। टॉप जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार की मनसा है कि कोई भी शिकायतकर्ता अधिकारियों के चक्कर ना काटे जिससे शिकायतकताओं का समय अधिकारियों के चक्कर काटने के बजाय अपने कार्य में लग रहे। इस अवसर पर उपलाधिकारी के अतिरिक्त तहसीलदार अमरपाल सिंह नायब तहसीलदार अजब सिंह नायब तहसीलदार नगीना श्याम सुंदर भैंस को अंजनी कुमार चतुर्वेदी व बीडीओ ज्योति सिंह सहित सभी विभागों के थाना प्रतिनिधि कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद नगर की तहसील क्षेत्र में स्थित नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने लोगों की समस्याओं को सुना और कई मामलों में त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण मानक के अनुसार किया जाए,इस दौरान उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार सहित समस्त विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम जसजीत कौर ने अधिकारियों को निर्देश दिये सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ करना सुनिश्चित करें तथा आगामी तहसील दिवस से पूर्व सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण मानक के अनुसार कर लिया जाए और कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाए। इस अवसर पर तेहीस शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।प्राप्त शिकायती व प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग की सौलह ,पुलिस विभाग की दो, विकास विभाग की एक, एवं अन्य विभागों की चार शिकायतें आई है।इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## मतदान स्थल दूर होने पर आपत्ति, युवा मोर्चा ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ओबरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चोपन विकास खंड के अंतर्गत एक ग्राम पंचायत में मतदान स्थल को अत्यधिक दूर स्थानांतरित किए जाने पर आपत्ति जताई और उचित कार्रवाई की मांग की। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद सोनी ने बताया कि ग्राम पंचायत बिल्ली मारकुंडी के वार्ड नंबर 13 के सैकड़ों मतदाताओं के नाम प्रकाशित नवीन मतदाता सूची में शामिल हैं। इन मतदाताओं के लिए मतदान स्थल को पूर्व के नजदीकी स्थान से लगभग 10 किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया गया है। सोनी ने आशंका व्यक्त की कि मतदान स्थल की यह अत्यधिक दूरी चुनाव के दौरान मतदाताओं को असुविधा पहुंचाएगी और उनके मताधिकार का प्रयोग करने में भारी दिक्कतें पैदा कर सकती है। इससे मतदान प्रतिशत पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है। भाजपा के मंडल मंत्री और अधिवक्ता उमेश चंद शुक्ला ने जानकारी दी कि पहले मतदान स्थल जूनियर हाईस्कूल खैरेटिया में था। वर्तमान सूची में इसे बाल विद्या निकेतन सेक्टर 10 में बना दिया गया है।

## पुलिस ने सड़क किनारे लगा अतिक्रमण हटवाया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर। स्थानीय पुलिस ने मुख्य मार्ग व बाजार में कानून व शाति व्यवस्था बहाल करने तथा सड़क के किनारे लगने वाले अतिक्रमण हटाने के लिए पैदल मार्च किया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को वहां से हटाया तथा सड़क के किनारे से पीछे की ओर यानी सड़क को कब्जा मुक्त करते हुए अपने ठेले व फड लगाने की सलाह के साथ साथ चेतावनी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सख्त कार्रवाई होगी। उधर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बहाल करने व कानून का कड़ाई से पालन करने के उद्देश्य से पैदल मार्च किया। इस दौरान सिटी इंचार्ज ने सड़क पर फड़, ठेला लगाने वालों को सड़क से पीछे ठेले लगाने की चेतावनी दी। उन्होंने बताया कि सड़क पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने बिताऊं से हस्तिनापुर जाने वाले मार्ग से भी अतिक्रमण हटवाया वहीं मंदिर जाहर दीवान के आसपास से भी सड़क पर ठेला लगाकर कारोबार करने वालों को सड़क को कब्जा मुक्त रखने की सलाह दी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसी ने भी सड़क पर अतिक्रमण किया तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ठेला व फड लगाने वालों में अफरा-तफरी रही। उधर नगर वासियों कहना है कि मंडी कोटला नेहरू चौक, फव्वारा चौक आदि स्थानो पर पुलिस गश्त होने के बाद भी अतिक्रमण देखा जा सकता है।



## एसपी अभिषेक झा ने कई निरीक्षकों व उपनिरीक्षकों के तबादले किए

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर एसपी अभिषेक झा ने जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से कई निरीक्षक और उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इस फेरबदल के तहत, किरतपुर के अपराध - निरीक्षक क्रांति प्रसाद शर्मा को बढ़ापुर का अपराध निरीक्षक नियुक्त किया गया। * है। पुलिस लाइन से निरीक्षक सुभाष चंद्र को साइबर क्राइम पेशी क्षेत्राधि कार चांदपुर भेजा गया है, जबकि निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह को साइबर क्राइम पेशी क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद की जिम्मेदारी दी गई है।



उप निरीक्षकों में, शेर सिंह को पुलिस लाइन से थाना हल्दौर भेजा गया है। संजय कुमार को प्रभारी चौकी कस्बा थाना स्योहारा बनाया गया है। कुलबीर सिंह को प्रभारी सिविल लाइन चौकी थाना कोतवाली शहर की जिम्मेदारी मिली है। राजीव कुमार को थाना अफजलगढ़, सुनील मिठालिया को थाना नगीना देहात, प्रवीण कुमार को थाना नगीना, शिवा नैन को थाना स्योहारा, प्रवीण कुमार को थाना नूरपुर और प्रशांत कुमार को थाना नगीना भेजा गया है। धर्मेंद्र कुमार शर्मा को प्रभारी चौकी वीर सावरकर थाना रेहड़, धर्मेंद्र कुमार को थाना नेटवर्क, छवी नाथ को थाना चांदपुर और विपिन कुमार को थाना हीमपुर दीपा में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, अजीत कुमार को थाना नगीना से प्रभारी चौकी चित्तौड़गढ़ थाना नगीना बनाया गया है।

## नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार का जिलाधिकारी ने फीता काटकर उद्घाटन किया

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद तहसील प्रांगण में बैठक एवं संपूर्ण समाधान दिवस अब नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में होंगी। तहसील प्रांगण में स्थित नव निर्मित कवि दुष्यंत कुमार सभागार का जिलाधिकारी जसजीत कौर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। तहसील परिसर में लगभग 35 लाख रुपये की लागत से नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार निर्मित किया गया है नवनिर्मित कवि दुष्यंत कुमार सभागार राजपुर नवादा निवासी हिंदी गजल के प्रणेता एवं महान साहित्यकार दुष्यंत कुमार के नाम पर सभागार का नाम रखा गया है। तहसील प्रशासन के अपने नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन के साथ संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभी तक बैठकें और संपूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह डवाकरा हॉल में आयोजित की जाती थी। लेकिन अब यह नव निर्मित दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित होगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल,एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, तहसीलदार संतोष यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

### अधिकारियों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी। समाज जागरण**
**संवाददाता - कुलदीप सिंह**

सोमवार को जनपद लखीमपुर खीरी की सभी तहसीलों में ह्लसम्पूर्ण समाधान दिवसह्व का आयोजन किया गया। इसी क्रम में तहसील सदर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने संयुक्त रूप से की।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर विधिक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिन मामलों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से आवश्यक हो, उन पर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।



इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसील मुख्यालयों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों की सुनवाई एवं निस्तारण कराया गया। प्रशासन का उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान कर आमजन को राहत प्रदान करना बताया गया।

## मतदाता सूची के गहन परीक्षण को लेकर हुई बैठक

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर झालू मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल वर्मा एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी उपस्थित रहे प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदाता सूची के गहन परीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर गोलबाग स्थित एक रेस्टोरेंट में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई जिसके माध्यम से बैठक में बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और मतदाता सूची पर विशेष चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने कहा कि भाजपा का संगठन अनुशासन सेवा और राष्ट्रहित की भावना पर आधारित है बूथ अध्यक्ष पार्टी और जनता के बीच मधुर संबंध के साथ-साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य जैसे शिक्षा स्वास्थ्य और सड़क बिजली आदि ने आज का जीवन बदला है उन्होंने बूथ अध्यक्षों का आहान करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में गहनता के साथ कार्य करें जिससे भविष्य में संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष तेजपाल वर्मा ने कहा कि मतदाता गहन परीक्षण अभियान लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है उन्होंने पूरे निष्ठा एवं सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए कार्यकताओं का आहान किया। बैठक में मंडल प्रभारी रविंद्र सिंह ललित कुमार मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता एडवोकेट शिवम अग्रवाल सहित मंडल व सेक्टर के पदाधिकारी सहित बूथ अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कड़कड़ाती ठंड में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का आठवें दिन भी धरना जारी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर भारतीय किसान यूनियन टिकैत का सोमवार को आठवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा ।डीएफओ कार्यालय पर धरना जारी है

धरने की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार ने और संचालन जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार गुड्डू ने किया। वक्ताओं ने कहा कि वन विभाग में क्षेत्र में पूरा भ्रष्टाचार मचा रखा है। वन विभाग किसानों का शोषण कर रहा है। किसानों को उनके राजस्व में दर्ज भूमि दिलाई जाए, भ्रष्टाचार खत्म किया जाए, जल्दी वन विभाग में तालाबंदी की जाएगी,।



मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, मंडल सचिव जय सिंह, जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, जिला महासचिव नरदेव सिंह, गजेंद्र मलिक, डॉक्टर शरीफ, दीपू, न्याय पंचायत अध्यक्ष अजीत सिंह, पप्पू भाई, ज्ञान सिंह, प्रमोद, विजेंद्र सिंह, विनीत, शगुन, मुकुल, सत्यपाल, बेगराज, मोनू, राजेंद्र सिंह, शीशराम, यूसुफ, साजिद, अयूब, पवन।

## राहुल हत्याकांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, सगे भाई दुष्यंत को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। थाना क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ माफी में हुए राहुल हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हत्या के मास्टरमाइंड और मृतक के सगे भाई दुष्यंत को गिरफ्तार कर लिया है। अपने ही भाई की हत्या कराने का आरोपी दुष्यंत अब पुलिस की गिरफ्त में है।

बताया गया कि गैरों के हाथों अपने भाई राहुल की हत्या कराने वाला दुष्यंत घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसकी तलाश में विभिन्न थानों की पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही थीं। संयुक्त प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपी दुष्यंत को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।



पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पारिवारिक विवाद के चलते दुष्यंत ने अपने भाई राहुल की हत्या की साजिश रची थी। इससे पूर्व पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और जल्द ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## फरधान गैंगरेप कांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

### एक लाख का इनामिया बदमाश तालिब उर्फ आजम पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

**लखीमपुर खीरी। समाज जागरण**
**संवाददाता - कुलदीप सिंह**

फरधान थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित सामूहिक दुष्कर्म कांड के मुख्य आरोपी और एक लाख रुपये के इनामिया बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया। मारा गया आरोपी तालिब उर्फ आजम लखीमपुर खीरी का निवासी था, जो लंबे समय से फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, तालिब उर्फ आजम कुछ दिन पूर्व लीलाकुआं क्षेत्र में कोचिंग जा रही छात्रा के साथ हुए गैंगरेप मामले में अपने साथियों के साथ नामजद आरोपी था। इस मामले में उसके अन्य साथी पहले ही पुलिस की गिरफ्त में आ चुके थे, जबकि तालिब लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था।



**सुल्तानपुर में हुई मुठभेड़**

सोमवार को सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर लखीमपुर खीरी पुलिस ने सुल्तानपुर पुलिस के सहयोग से आरोपी को लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में घेर लिया। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से तालिब गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तत्काल सुल्तानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**17 संगीन मुकदमे थे दर्ज**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तालिब उर्फ आजम के खिलाफ सामूहिक बलात्कार, लूट, हत्या के प्रयास सहित कुल 17 संगीन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। मुठभेड़ स्थल से अवैध असलहा भी बरामद किया गया है।

**क्षेत्र में राहत की भावना**

फरधान गैंगरेप कांड के मुख्य आरोपी के मारे जाने से पीड़ित परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# घर से बुला कर युवक के साथ मारपीट, दो भाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के बाईपास मार्ग पर घर बुलाकर एक युवा के साथ दो लोगों ने लाठी डंडे में धार धार तैयारों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी तैय्यब पुत्र उमरदीन ने बताया कि कैराना निवासी दो भाई कस्बे में पहुंचे और पीड़ित को फोन कर घर से बाहर सड़क पर बुला लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपी भाइयों ने पीड़ित के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियारों से जमकर मारपीट की और घायल कर दिया। शौर शराबा होने पर आरोपी जान से करने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल युवक के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी हुई है।

## संदिग्ध हालात में लगी भीषण आग, मकान का लाखों का सामान जलकर राख

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में मध्य रात्रि एक व्यक्ति के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि समय रहते परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग की घटना में मकान के भीतर रखा लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग की वजह से मकान की लकड़ी की छत भी भरभराकर गिर गई और सारा मलबा नीचे बिखर गया। क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी अरशद पुत्र लियू के मकान में देर रात अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मकान स्वामी के साथ मिलकर घंटों की मशक्कत के बाद पानी डालकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग मकान के अधिकांश हिस्से को नुकसान पहुंचा चुकी थी।पीड़ित के अनुसार आग से घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, अनाज, जरूरी कागजात और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। मकान की छत लकड़ी की होने के कारण आग की चपेट में आकर गिर गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना के बाद परिवार के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकेगी। पीड़ित मकान स्वामी अरशद ने इस हादसे को लेकर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है।

# फरार गैंगस्टर फिरोज खान गिरफ्तार, परिजनों का थाने पर हंगामा

**-सोशल मीडिया वीडियो मामले में तीन के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।**

**समाज जागरण झिंझाना। (फुरकान जंग)**



सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर शासन-प्रशासन के कार्य में बाधा डालने और धमकी देने के आरोप में फरार चल रहे गैंगस्टर फिरोज खान को पुलिस ने सोमवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान और बाद में उसके परिजनों के विरोध के चलते थाने पर हंगामे की स्थिति बन गई। महिला पुलिस, एसओजी टीम और थाना झिंझाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद परिजनों और समर्थकों ने थाने के बाहर भीड़ जमा कर विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने सख्ती से स्थिति को नियंत्रित करते हुए भीड़ को हटाया और शांति व्यवस्था कायम की। इसके बाद आरोपी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए ले जाया गया। गौरतलब है कि हिस्ट्रीशीटर गैंगस्टर फिरोज खान पर गंभीर धाराओ में 21 मुकदमे दर्ज हैं। लगभग 30 करोड़ रुपये की उसकी अर्जित संपत्ति को 25 दिसंबर 2025 को जिला प्रशासन द्वारा कुर्क किया गया था। इसके बाद से वह सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर स्वयं को बेकसूर बताते हुए पुलिस एनकाउंटर की आशंका जता रहा था। इसी कड़ी में, सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के संबंध में पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था । आरोपों में सार्वजनिक शांति भंग करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार जैसे गंभीर अभियोग शामिल हैं।

फेसबुक पर वायरल हुए वीडियो में झिंझाना थाने से संबंधित घटनाओं को दशार्या गया था। जांच में पाया गया कि फिरोज खान पुत्र अजीम खान, झिंझाना, उमर खान पुत्र दिलशाद खान, रजाक नगर रोड, झिंझाना, तथा शोबी पत्नी जावेद, ग्राम टपराना, ने पुलिस कार्यवाही का विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया था। आरोप है कि इन लोगों द्वारा वीडियो वायरल कर सार्वजनिक शांति भंग करने की आशंका पैदा की गई तथा सरकारी आदेशों के पालन में बाधा डाली गई। मामले में शांति भंग, सरकारी कार्य में अवरोध, पुलिस के साथ दुर्व्यवहार, आत्महत्या के प्रयास तथा धमकी देने जैसे आरोप भी शामिल हैं।

## नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में जतिन ने जीता रजत पदक

**समाज जागरण**



शामली। गत 14 दिसंबर से 3 जनवरी तक तुगलकाबाद, नई दिल्ली में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में शामली राइफल क्लब के प्रशिक्षु निशानेबाज जतिन निर्वाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। शहर के कांबोज कॉलोनी निवासी नेशनल शूटर जतिन निर्वाल ने एयर पिस्टल वर्ग में 600 में से 581 अंक हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इससे पूर्व दिसंबर माह में भोपाल में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में भी शामली राइफल क्लब के निशानेबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। ग्राम कुड़ाना निवासी उत्सव मलिक ने एयर राइफल टीम वर्ग में स्वर्ण पदक, ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने .22 राइफल थ्री पोजीशन जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक तथा ग्राम मादलपुर निवासी अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पियूष शर्मा ने एयर राइफल जूनियर टीम वर्ग में स्वर्ण एवं सीनियर टीम वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया था। सोमवार को कलेक्ट्रेट शामली में डीएम अरविंद चौहान एवं एसपी एनपी सिंह ने जतिन निर्वाल एवं उत्सव मलिक को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, तहसीलदार सदर मनोज, तहसीलदार गौरव उपस्थित रहे। विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ नेशनल शूटर ऋषभ चौधरी, रचित चौधरी, अभिषेक तोमर, अंकुर पाल (एयर पिस्टल वर्ग) तुगलकाबाद, नई दिल्ली में तथा ऋत्विक पाल, अक्षित निर्वाल, विधान प्रताप सिंह पुणे (महाराष्ट्र) में 10 से 25 जनवरी तक आयोजित होने वाले टीम इंडिया ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे।

## रालोद के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान तीनों विधानसभाओं में विधानसभा बूथ कमेटी प्रभारियों की नियुक्ति की गई। कैराना विधानसभा से अशोक चेयरमैन, शामली विधान सभा से नीरज पंवार तथा थानाभवन विधानसभा से डॉ. सऊद हसन को मनोनयन पत्र सौंपे गए।

बैठक में आगामी जिला पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक जिला पंचायत वार्ड पर 11 सदस्यीय टीम गठित करने और बूथ कमेटियों के गठन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीति संगठन को बूथ से लेकर जिला स्तर तक सशक्त बनाने की है। बैठक में तय की गई रणनीति आगामी जिला पंचायत चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान करेगी। जिला अध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि तीनों विधानसभाओं में बूथ कमेटी प्रभारियों की नियुक्ति से संगठन को नई दिशा मिलेगी। प्रत्येक जिला पंचायत वार्ड पर 11 सदस्यीय टीम का गठन कर रालोद पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और बैठक में लिए गए निर्णय पार्टी को निर्णायक बढ़त दिलाएंगे। बैठक में प्रदेश महासचिव ऋषिराज राझड़, देशराज भनेड़ा, विक्रांत जावला, लेबनान चौधरी, शौकत जंग, राजन जावला, राज सिंह, बाबूराम पंवार, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र वर्मा, उमरदीन मंसूरी, विश्वप्रताप सिंह, अमित लांक, अंकित जैन, सनोज चौधरी, अब्दुल गफ्फार आदि मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों का आतंक, सरकारी अस्पताल में उमड़ी काटे गए मरीजों की भीड़

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद सरकारी अस्पताल खुलते ही आवारा कुत्ते, बिल्ली व बंदर के काटने से घायल महिला, पुरुष और बच्चों की भारी भीड़ अस्पताल परिसर में उमड़ पड़ी। अचानक बड़ी संख्या में मरीज पहुंचने से कुछ समय के लिए अस्पताल कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। चिकित्सकों व फार्मासिस्टों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई और उन्हें आवारा जानवरों से दूर रहने की सलाह दी। कस्बा व आसपास के गांवों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोग इनके हमलों का शिकार हो रहे हैं। सोमवार को अस्पताल पहुंचे घायलों में कस्बा निवासी हिमांशु, भभीसा निवासी पुनीत, घसौली निवासी बच्चे सृष्टि व कार्तिक, भारसी निवासी बालक पुनीता, चारु चौधरी, लिसाढ़ निवासी शिवांशी, पंजखोरा निवासी कृष्ण पाल, डुंगर निवासी किशोरी, हिमांशी, सरनावली निवासी संजीव तथा कांधला निवासी देवकुमार, बिट्टू व शिवम शामिल रहे। सभी को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया।

अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर प्रसाद ने बताया कि सभी पीड़ितों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाकर प्राथमिक उपचार दे दिया गया है। जिन मरीजों की हालत गंभीर थी, उन्हें सीरम इंजेक्शन के लिए दिल्ली के अस्पताल रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध रहती है।घायल पीड़ितों व उनके परिजनों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद आवारा कुत्तों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। गलियों व सड़कों पर कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने नगर व क्षेत्र से आवारा जानवरों पर जल्द नकेल कसने की मांग की है। पालिका लिपिक अशोक कुमार का कहना है कि प्रशासन को आवारा जानवरों पर नकेल करने के लिए अनुमति मांग रखी है अनुमति मिलते ही अभियान चलाकर बंदरों व आवारा कुत्तों को पकड़ा जाएगा।

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटा गंभीर घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के निकट एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा कैराना निवासी हसीब अपनी मां समीना के साथ बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर जनपद के कस्बा शाहपुर में रिश्तेदारी में गया हुआ था। वापस लौटते समय जैसे ही वह गांव भभीसा के पास पहुंचे, तभी एक ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को एंबुलेंस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ट्रक चला की तलाश में जुटी हुई है।

## मस्जिदों से जबरन लाउडस्पीकर उतरवाने का आरोप

**समाज जागरण**



कैराना। नगर की मस्जिदों में अजान के लिए लगे लाउडस्पीकरों को पुलिस द्वारा जबरन उतरवाए जाने का आरोप लगा है। इस बाबत एडीएम को ज्ञापन दिया गया। सोमवार को नगर की प्राचीन जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना ताहिर के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने एडीएम को ज्ञापन पत्र सौंपा है। बताया कि शासन की गाइडलाइन्स के अनुरूप एक-एक लाउडस्पीकर लगे हैं और उनकी आवाज भी सीमित की गई है। आरोप है कि कई दिनों से पुलिस बिना आदेश दिखाए लाउडस्पीकर उतरवा रही है, जिससे कई मस्जिदों के स्पीकर हटा दिए गए हैं। उन्होंने धार्मिक भावनाओं को देखते हुए लाउडस्पीकर नहीं उतरवाने की मांग की है।

# दो पक्षों में मारपीट, पुलिस से हाथापाई

— मजदूरी के बकाया रुपयों को लेकर दोनों पक्षों में हुआ था विवाद

— चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज, दो गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। गन्ना कटाई की मजदूरी के बकाया रुपयों को लेकर दो युवकों के बीच हुई मारपीट के दौरान पुलिस के साथ भी हाथापाई हो गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। साथ ही, दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गांव खुरगान निवासी आजम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि उसने जावेद को मजदूरी पर रखा और 19500 रुपये पेशगी के तौर पर दिए थे। दस दिन मजदूरी के बाद जावेद फरार हो गया ओर बिहारीगढ़ चला गया। जहां से वापस आने के बाद उसने अपने 13500 रुपये बकाया देने का तकादा किया, लेकिन देने से इनकार कर दिया। तीन जनवरी की शाम करीब सवा छह बजे वह गांव में ही दुकान पर सामान लेने गया था। तभी राजकीय इंटर कॉलेज के पास बाइक सवार जावेद, सावेज, अरशद व अमजद ने लाठी-डंडों से मारपीट की।

मौके पर पहुंची पुलिस ने डंडा छीनने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने पुलिस से भी हाथापाई की। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं, पुलिस ने सावेज व अरशद को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ हेमंत कुमार का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सोमवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने शामली कलक्ट्रेट सभागार में डीएम अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में हुआ। डीएम ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्ता रण सुनिश्चित किया जाए। शामली कलक्ट्रेट में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा कुल 52 शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें से मौके पर ही 3 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के शीघ्र एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस से जुड़ी शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रेम चंद, तहसीलदार शामली मनोज कुमार मौजूद रहे। इसके अलावा तहसील



कैराना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उनके समक्ष 15 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज उपस्थित रहे। वहीं तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। यहां फरियादियों द्वारा 23 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी, तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी मौजूद रहे।

# जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**




शामली।(फुरकान जंग) जिला टैक्स बार एसोसिएशन शामली की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को शहर के कैराना रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन, लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट हर्ष शर्मा, अध्यक्ष राजपाल यादव, कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल सहित राज्य कर विभाग एवं आयकर विभाग के अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता बार के संरक्षक एडवोकेट अनिल कुमार मित्तल ने की। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन अधिवक्ता अनुराग गॉड एवं अधिवक्ता मोहित गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनव्वर हसन एडवोकेट, उपाध्यक्ष मोहित गुप्ता एडवोकेट, महासचिव सचिन गोयल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सनुज शर्मा एडवोकेट सहित कार्यकारिणी के अन्य मनोनीत सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अध्यक्ष मनव्वर हसन ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के दौरान अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ता देशपाल सिंह को वर्कशॉप चेयरमैन तथा अधिवक्ता इमरान अहमद को सूचना प्रभारी मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सामूहिक प्रयास से संगठन को सशक्त बनाएंगे और अधिवक्ताओं से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को प्राथमिकता से उठाएंगे।

## मकान निर्माण रोकने पहुंची राजस्व टीम को ग्रामीणों का विरोध, टीम लौटी वापस

**समाज जागरण कांधला।**

खंड विकास क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां में मकान निर्माण रुकवाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम को ग्रामीणों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के आक्रोश के चलते राजस्व विभाग की टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा।गांव गढ़ी मियां निवासी सादीन गांव के बाहर अपने मकान का निर्माण करा रहा था। इसी दौरान किसी ग्रामीण ने राजस्व विभाग को सूचना दी कि सादीन खाद के गड्ढों की भूमि पर मकान निर्माण कर रहा है। सूचना पर लेखपाल आदित्य व कानूनगो धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया।राजस्व टीम के पहुंचते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व विभाग बिना किसी ठोस कारण के ग्रामीणों को परेशान कर रहा है, जबकि सादीन का परिवार पिछले करीब पचास वर्षों से उक्त स्थान पर निवास कर रहा है।वहीं लेखपाल आदित्य ने बताया कि सादीन का मकान खाद के गड्ढों की जमीन पर बना हुआ है और पुराने मकान को तोड़कर नया निर्माण किया जा रहा था। फिलहाल मकान निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है।

## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के बिजली घर मार्ग निवासी एक महिला ने पड़ोस के कई लोगों पर उसके दो पुत्रों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। सोमवार को थाना क्षेत्र के नई बस्ती बिजली घर मार्ग निवासी महिला नजमा पत्नी सलीम ने बताया कि दोपहर के समय वह घर पर बैठी हुई थी तभी पड़ोस के कई लोग पीड़ित के घर पर पहुंचे और उसके दो पुत्रों के साथ जमकर मारपीट की और शराब होने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दूसरे पक्ष के कासिम ने भी थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अश्लील बातों का विरोध करने पर मारपीट

**समाज जागरण**

कैराना। नगर में 13 वर्षीय बेटी से फोन पर अश्लील बातें करने का विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के घर में घुसकर पिता, बेटी व पत्नी के साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ला अफगानान निवासी शाहबान उसकी 13 वर्षीय बेटी के साथ फोन पर अश्लील बातें कर परेशान करता था। उसने मोहल्ले की जिम्मेदार लोगों को बताया, लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। उसने परेशान होकर घर का मोबाइल नंबर बदल दिया। इसके बाद आरोपी उसके नंबर पर फोन करने लगा। चार जनवरी दोपहर साढ़े 12 बजे आरोपी ने उसके मोबाइल पर फोन कर गाली–गलौज की। इसके बाद उसने आरोपी के परिवार के मुस्तफा और शाकिर सहित अन्य लोगों से शिकायत की। इसके कुछ ही देर बाद मुस्तफा, शाकिर, शाहबान, राशिद और शौकत लाठी–डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने उसके तथा उसकी बेटी और पत्नी के साथ मारपीट की। इस दौरान उसकी पत्नी के कपड़े भी फाड़ दिए। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शहर के बाजारों में सौंदर्यकरण का कार्य चालू, लगाई जायेगी फैंसी लाईट

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका ने शहर के बाजारों में सौर्दयकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। 1.25 करोड की लागत से बाजारों में नाली और सडक के निर्माण के साथ साथ फैंसी लाईटे लगाई जायेगी। शहर के बाजारों में पिछले करीब 50 वर्षो से नालियों का निर्माण नही कराया गया था। हाल ही



में नगर पालिका बोर्ड बैठक में शहर के बाजारों के सौर्दयकरण का कार्य करने का प्रस्ताव पास किया गया था। जिसके बाद अब नगर पालिका ने टेंडर छोडने के साथ ही शहर के बडा बाजार, आजुध्या चौक, गांधी चौक में सौर्दयकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। सभासद रोबिन गर्ग, पूर्व सभासद मनोज मित्तल ने पहुंचकर कार्यो का जायजा भी लिया। उन्होने बताया कि लंबे समय से बाजारों में कोई कार्य नही हो सका था। अब बाजारों में कार्य होने से बाजारों का चौडीकरण होगा और अतिक्रमण भी खत्म हो सकेगा, जिसमें सभी दुकानदारों का सहयोग मिल रहा है। बाजारों की नालियों और सडकों के निर्माण के बाद फैंसी लाईटे भी लगाई जायेगी, जिससे बाजारों में सौर्दयकरण बढेगा।

## बाइक के सामने आया कुत्ता, दो घायल हालत गंभीर

**समाज जागरण**

शामली। शहर के मेरठ-करनाल मार्ग पर बाइक के आगे कुत्ता आ जाने से बाइक सवार दो लोग सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को डायल-112 पुलिस द्वारा सीएचसी शामली में भर्ती कराया गया, जहां एक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। सोमवार को शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिसाढ निवासी मोहित पुत्र सुरेन्द्र अपनी किरयाना की दुकान का सामान लेने के लिए गांव के ही रजत पुत्र प्रदीप के साथ बाइक पर सवार होकर शामली आ रहा था। बताया जाता है कि जब वह सामान लेकर वापस लौट रहे थे तो काबडौत पुल के निकट अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से बाइक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को शामली सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां मोहित की दशा गंभीर होने के कारण उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# ग्रीन वर्ल्ड का क्लीन स्वीप: एक दिन में तीन मुकाबले जीतकर ग्रीन इंडिया पर दबदबा

**- सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति संदेश के साथ खेलों का आयोजन**
**- शिक्षा के बल पर होगा विचारों में परिवर्तन: रजनी**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**






भिवानी। जिले के गांव ढाणा नरसान में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा छोड़ोझखेलोझ सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वनडे क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से नशा मुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी कपूर सिंह एवं शिक्षाविद विजेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रतियोगिता में ग्रीन वर्ल्ड और ग्रीन इंडिया टीमों के बीच एक ही दिन में तीन मुकाबले खेले गए, जिनमें ग्रीन वर्ल्ड ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए तीनों मुकाबले जीतकर क्लीन स्वीप किया। बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग–तीनों में संतुलित खेल के दम पर ग्रीन वर्ल्ड ने पूरे दिन अपना दबदबा बनाए रखा। पहले मुकाबले में ग्रीन वर्ल्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 208 रन बनाकर बड़ा लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से अमन कुमार ने मात्र 36 गेंदों में 70 रनों की विस्फोटक पारी खेली। सावन ने नाबाद 51 रन बनाए, जबकि अशोक ने 22 गेंदों में 40 रन की तेजतर्रार नाबाद पारी खेली। विवेक यादव (24) और सक्षम (21) ने भी रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रीन इंडिया की शुरूआत कमजोर रही। ग्रीन इंडिया से कपिल ने 35बोल में अर्धशतक बनाया, वही अवशेष कुमार ने 30 गेंदों में 78 रनों की शानदार पारी खेलकर संघर्ष किया, लेकिन दयानंद, अशोक कुमार और अमन की सटीक गेंदबाजी के सामने पूरी टीम 167 रन पर सिमट गई और ग्रीन वर्ल्ड ने पहला मुकाबला जीत लिया।

दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर ग्रीन वर्ल्ड ने फिर पहले बल्लेबाजी की और 175 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। अमन कुमार हलवासिया ने 65 रन की प्रभावशाली पारी खेली, जबकि दयानंद ने 40 और अशोक कुमार ने 28 रन बनाए। यश शर्मा ने 18 रन जोड़कर रनगति को बनाए रखा। जवाब में ग्रीन इंडिया की टीम अच्छी शुरूआत के बावजूद अवशेष कुमार (38) के आउट होते ही दबाव में आ गई। कपिल ने 30 रन बनाए, लेकिन लगातार विकेट गिरने से पूरी टीम 135 रन पर ऑलआउट हो गई और ग्रीन वर्ल्ड ने दूसरा मुकाबला 40 रनों से जीत लिया।

तीसरे मुकाबले में ग्रीन वर्ल्ड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए। सावन ने नाबाद 42, अमन कुमार ने 30 और यश शर्मा ने 22 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रीन इंडिया की ओर से अवशेष कुमार ने 45 रन बनाए, जबकि सतीश, मुकेश, हर्षित और पंकज ने संघर्ष किया, लेकिन टीम 105 रन तक ही पहुंच सकी। ग्रीन वर्ल्ड ने तीसरा मुकाबला भी जीतकर क्लीन स्वीप पूरा किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी कपूर सिंह, शिक्षाविद विजेंद्र सिंह एवं विवेकानंद हाई स्कूल की निदेशक सावित्री यादव ने खिलाड़ियों को सम्मानित कर खेलों को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए नशा मुक्ति, स्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# बड़ी कार्रवाई : सालमखेड़ा हत्याकांड की गुत्थी सुलझी

**- सीआईए डबवाली, कालांवाली व थाना ओढ़ा की संयुक्त कार्रवाई**
**- हत्या में संलिप्त 05 वांछित आरोपी गिरफ्तार**

**समाज जागरण, डबवाली/कालांवाली, 05 जनवरी (सुरेश जोरासिया)**





डबवाली पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गांव सालमखेड़ा में हुए सनसनीखेज हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने हत्या में संलिप्त 05 वांछित आरोपियों को काबू कर लिया है।

इस संयुक्त कार्रवाई को सीआईए स्टाफ डबवाली, सीआईए स्टाफ कालांवाली तथा थाना ओढ़ा पुलिस की टीमों ने अंजाम दिया। पुलिस की इस त्वरित व प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में विश्वास और मजबूत हुआ है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली श्री संदीप धनखड़, एचपीएस ने थाना कालांवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 29.12.2025 को हरमेल सिंह पुत्र रामकृष्ण उर्फ बब्बू निवासी देसूजोधा जिला सिरसा ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि दिनांक 28.12.2025 की रात्रि करीब 9:20 बजे उसके भाई गुरमेल सिंह उर्फ लक्खा का गांव सालमखेड़ा में झगड़ा हो गया था।

घायल अवस्था में उसे पहले सिविल अस्पताल ओढ़ा, फिर सिरसा सरकारी अस्पताल तथा बाद में गंभीर हालत में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मृत्यु हो गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने जानलेवा हथियारों से हमला कर गुरमेल सिंह की हत्या की।

इस संबंध में थाना ओढ़ा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 191(3) व 190 के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**संयुक्त पुलिस टीम की कार्रवाई**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डबवाली के निर्देशानुसार विशेष टीमें गठित की गईं। घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण एवं गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इससे पूर्व 02.01.2025 को एक आरोपी हैप्पी सिंह पुत्र लाधू सिंह उर्फ लदी राम निवासी सालमखेड़ा को गिरफ्तार कर चार दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया जा चुका है।

# कालांवाली में देवी भागवत कथा के निमित्त भक्तिमय संध्या फेरी का आयोजन

**समाज जागरण,**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) मंडी में आध्यात्मिक चेतना एवं भक्तिमय वातावरण के सृजन हेतु श्रीमद् देवी भागवत कथा के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एक भव्य एवं शोभायमान संध्या फेरी का आयोजन किया गया। यह संध्या फेरी दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से 1 फरवरी से 7 फरवरी तक महाजन धर्मशाला में होने वाली सात दिवसीय श्रीमद्ध देवी भागवत कथा के प्रचार प्रसार हेतु निकाली गई।खाटू श्याम मंदिर, कालांवाली मंडी से पहली संध्या फेरी निकाली गई ।संध्या फेरी का शुभारंभ अमरदीप बंसल(प्रधान),रणजीत सोनी,जगदीश राय,मोहन लाल,भूषण शर्मा,नवीन कुमार,लकी गर्ग,सांगा राम,पप्पू शर्मा,चिंकी गर्ग,पिंनू राम,स्वामी ज्ञानेशानंद जी ,स्वामी चन्द्रशेखरानंद जी,स्वामी मानवेंद्रानंद जी द्वारा नारियल फोड़ कर प्रभु के पूजन से किया गया।इसके उपरांत दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की साध्वी बहनो ने प्रभु के भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमयी कर दिया इस संध्या फेरी में श्रद्धालु भक्तों ने माँ भगवती के जयघोष, भजन-कीर्तन के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया।संध्या फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी,जहाँ भक्तों की आस्था ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।इस अवसर पर सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी ज्ञानेशानंद ने बताया कि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और ज्ञान का अनुपम संगम है। यह महापुराण माँ भगवती की महिमा, उनके दिव्य स्वरूपों, सृष्टि की उत्पत्ति तथा धर्म, कर्म और मोक्ष के गूढ़ रहस्यों का विस्तार से वर्णन करता है। देवी भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा नारी शक्ति के सम्मान एवं आत्मिक उत्थान की भावना प्रबल होती है।संध्या फेरी के माध्यम से नगरवासियों को आगामी श्रीमद् देवी भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया गया।स्वामी जी ने बताया कि यह कथा समाज में आध्यात्मिक जागरूकता, सद्भावना एवं संस्कारों को सुदृढ़ करने का एक दिव्य माध्यम है।अंत में संध्या फेरी माँ भगवती की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ श्रद्धा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# बलतेज पन्नू शिरोमणि कमेटी के प्रधान पर झूठे आरोप लगाना बंद करें :मुख्य सचिव मनन

**समाज जागरण,**



जैतो, 5 जनवरी (रघुनंदन पराशर ):शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मनन ने 328 पवित्र स्वरूपों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा की जा रही बेबुनियाद टिप्पणियों का संज्ञान लिया है और ऐसी गतिविधियों को रोकने की चेतावनी दी है। एस. कुलवंत सिंह मन्ने द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि हाल ही में आप नेता बलतेज पन्नू ने सिख संगठन के प्रमुख पर झूठे आरोप लगाए हैं, जिन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बलतेज पन्नू का यह बयान कि 328 पवित्र स्वरूपों से संबंधित एक डायरी शिरोमणि कमेटी के प्रधान के पास है, सरासर झूठ और अनुयायियों को गुमराह करने का काम है। एस. मन्ने ने साफ कहा कि अगर बलतेज पन्नू के पास शिरोमणि कमेटी के प्रधान के पास ऐसी डायरी होने का कोई सबूत है, तो उन्हें इसे सार्वजनिक करना चाहिए, नहीं तो उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूप को संगत को देने की प्रशासनिक प्रक्रिया एक कानून है, जिसमें ऐसी किसी डायरी का कोई प्रावधान नहीं है। इसलिए, बलतेज पन्नू का समुदाय को गुमराह करना सिर्फ राजनीति है। मन्ने ने कहा कि बलतेज पन्नू को अपनी हद में रहना चाहिए और अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए सिख संगठन के बारे में झूठे बयान नहीं देने चाहिए। अगर भविष्य में वह शिरोमणि कमेटी के प्रधान सहित किसी भी अधिकारी पर झूठे आरोप लगाने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# मानहानि मामला: सांसद कंगना रनौत बठिंडा कोर्ट में पेश नहीं हुई, अगली सुनवाई 15 जनवरी को

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 5 जनवरी: बीजेपी सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ साल 2021 से चल रहे मानहानि मामले में बठिंडा कोर्ट में पेश होना था, लेकिन वह पेश नहीं हुईं। उनकी गैरमौजूदगी के कारण, उनके वकील ने पेशी से छूट के लिए एक अर्जी दी। शिकायतकर्ता महिंदर कौर के वकील ने इसका कड़ा विरोध करते हुए मांग की कि छूट की अर्जी खारिज की जाए। उन्होंने कोर्ट से सांसद कंगना रनौत का बेल बॉन्ड रद्द करने की भी अपील की। शिकायतकर्ता पक्ष ने दलील दी कि मामला लगभग पांच साल से लंबित है और आरोपी की लगातार गैरमौजूदगी से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। शिकायतकर्ता के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि, "बहाने बनाने का समय खत्म हो गया है। शिकायतकर्ता पिछले पांच सालों से न्याय के लिए कोर्ट के चक्कर लगा रही है। ऐसे में किसी भी कीमत पर पेशी से छूट स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।" सुनवाई के दौरान, माननीय जज ने साफ कहा कि इस स्टेज पर दलीलें पेश की जानी चाहिए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को अंतिम दलीलें पेश करने का मौका दिया और अगली सुनवाई की तारीख 15 जनवरी तय की। आज की सुनवाई के दौरान, शिकायतकर्ता खुद अपनी मां की बीमारी के कारण कोर्ट में मौजूद नहीं हो सकीं, हालांकि उनके पति कोर्ट परिसर में मौजूद थे। गौरतलब है कि यह मानहानि का मामला किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों से जुड़ा है। बठिंडा की एक महिला ने कंगना रनौत के खिलाफ याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि उनकी टिप्पणियों से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। कंगना रनौत की पेशी के लिए कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हालांकि, उनकी गैरमौजूदगी के कारण आज मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। अब, 15 जनवरी को होने वाली अगली सुनवाई में इस मामले में आगे की कार्रवाई तय होने की संभावना है। गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के दौरान, कंगना रनौत ने कोर्ट को बताया था कि रीट्वीट एक गलतफहमी के कारण हुआ था और उन्होंने इसके लिए महिंदर कौर के परिवार से माफी मांगी थी। हालांकि, महिंदर कौर ने उनकी माफी स्वीकार करने से इनकार कर दिया और मामला जारी रखने का फैसला किया।

# पंजाब सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है: वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 5 जनवरी:पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने सोमवार को राज्य सरकार की अपने कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, संविदा कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों के मुद्दे पहले ही हल किए जा चुके हैं। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बाकी जायज मांगों का समाधान अभी प्रक्रिया में है और उन पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है।पंजाब सचिवालय में अपने कार्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए, वित्त मंत्री ने शिक्षा विभाग और गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के संबंध में विस्तृत चर्चा की। बैठक में व्यय सचिव डॉ. वी.एन. जाडे, शिक्षा सचिव अनिंदिता मित्रा, विशेष सचिव कार्मिक उपकार सिंह, विशेष सचिव वित्त अजय अरोड़ा, और गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जतिंदर पॉल सिंह गिल सहित प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।सत्र के दौरान, वित्त मंत्री चीमा ने आम आदमी पार्टी, पंजाब के पूर्व कर्मचारी विंग और ईटीटी -टीईटी पास शिक्षक संघ (जय सिंह वाला) के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की। शिक्षक संघ के प्रतिनिधि से बातचीत करते हुए, वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी वैध चिंताओं पर कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, उन्होंने सलाह दी कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भविष्य की उच्च-स्तरीय चचाओं के लिए, संघ को एक प्रतिनिधि के बजाय चार से पांच नेताओं का व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण अधिक व्यापक चर्चा को सुविधाजनक बनाएगा और अधिक प्रभावी ढंग से आम सहमति तक पहुंचने में मदद करेगा।इसके अलावा, पूर्व कर्मचारी विंग के नेताओं के साथ अपनी बातचीत में, वित्त मंत्री ने वित्त विभाग और अन्य संबंधित विभागों को बैठक के दौरान उठाई गई जायज मांगों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार एक कर्मचारी-समर्थक प्रशासन है जो सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए एक स्थिर और सहायक माहौल बनाने पर केंद्रित है। मीटिंग के दौरान, आम आदमी पार्टी के पूर्व कर्मचारी विंग के प्रतिनिधियों, जिनमें प्रेसिडेंट गुरमेल सिंह सिद्धू, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी खुशविंदर कपिला, एडवाइजर दर्शन सिंह, मक्खन सिंह, गुरदेव सिंह पटियाला, और ईटीटी - टीईटी पास टीचर्स एसोसिएशन (जय सिंह वाला) के प्रेसिडेंट कमल ठाकुर शामिल थे, ने अपने-अपने मुद्दे और चिंताएं उठाईं।

# टिकट सटाफ ने वंदे भारत एक्सप्रेस में छूटे महिला यात्री के बैग को लौटाकर कर्तव्य निभाया

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,5 जनवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा सोमवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि 4 जनवरी 2026 को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 22487 (दिल्लीझअमृतसर) में यात्रा कर रहे एक यात्री ने कोच संख्या सी-12 में दिल्ली से यात्रा प्रारंभ की। यात्रा के दौरान, उनका बैग गलती से



किसी अन्य कोच में छूट गया, जिसका पता उन्हें ट्रेन खुलने के बाद चला। यात्री द्वारा तुरंत इस संबंध में टीटीई श्रीमती शशि बाला को सूचना दी गई। श्रीमती शशि बाला ने तत्परता दिखाते हुए यात्री से बैग के रंग एवं प्रकार की जानकारी ली और तुरंत सीआईटी श्री चमन लाल सहित अन्य सहयोगी स्टाफ को सूचित किया। टिकट चेकिंग स्टाफ के अथक प्रयासों से बैग को शीघ्र खोज लिया गया। उस बैग में लैपटॉप एवं आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित पाए गए, आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर यात्री को बैग सौंप दिया गया। बैग प्राप्त कर यात्री अत्यंत प्रसन्न हुआ और उन्होंने भारतीय रेलवे तथा टिकट चैकिंग स्टाफ को धन्यवाद किया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने टिकट चैकिंग स्टाफ श्रीमती शशि बाला एवं सीआईटी श्री चमन लाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की वजह से रेलयात्रियों को सुरक्षित एवं सुखद यात्रा अनुभूति मिलती है। उन्होंने यात्रियों से अपील किया कि ट्रेन में यात्रा के दौरान सतर्क रहे और अपने सामान को सुरक्षित रखे।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना पर विपक्ष के आरोपों को खारिज किया

**समाज जागरण**



चंडीगढ़, 05 जनवरी 2026। मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी ने हाल ही में शुरू की गई 'विकसित भारत-जी राम जी' योजना पर विपक्ष द्वारा लगाए गए दुष्प्रचार को खारिज किया। मुख्यमंत्री ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि यह नई योजना पुरानी मनरेगा योजना की जगह लेती है, जो समय के साथ केवल भ्रष्टाचार और गड्ढे भरने का जरिया बन गई थी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब में सोशल ऑडिट के दौरान पिछले सिस्टम में 10,663 गबन के मामले सामने आए, लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि इसी विफलता के कारण नई योजना तैयार की गई है।

साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्ट आम आदमी पार्टी की सरकार इस सुधारों का विरोध करने के लिए प्रस्ताव पारित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने नई योजना के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें भ्रष्टाचार से निपटने और शोषण को रोकने के लिए कई सख्त उपाय किए गए हैं। योजना का लक्ष्य है कि समान लाभ और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल सके और सरकारी संसाधनों का उचित उपयोग हो।

उन्होंने सभी से अपील की कि योजना के सकारात्मक पहलुओं और सुधारों को समझें और राजनीतिक दुष्प्रचार से प्रभावित न हों।

# हवाई अड्डों की तर्ज पर पुनर्विकसित होंगे रेलवे स्टेशन

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत एआई, बीआईएम और हाई-टेक सॉफ्टवेयर से होंगे सुरक्षित व आधुनिक स्टेशन भवन तैयार

**समाज जागरण**



रायपुर, छत्तीसगढ़। भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत अब रेलवे स्टेशन का स्वरूप भी पूरी तरह बदलने जा रहा है। वर्ष 2023 में शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत देशभर के 1,275 रेलवे स्टेशनों को चरणबद्ध और स्थान-विशिष्ट तरीके से आधुनिक बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्टेशनों को केवल आवागमन केंद्र न रखकर, उन्हें हवाई अड्डों की तरह आधुनिक, सुविधायुक्त और एकीकृत परिवहन हब के रूप में विकसित करना है।

योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर एयर कॉनकोर्स जैसी विशाल प्रतीक्षा व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, निःशुल्क वाई-फाई, कार्यकारी लाउंज तथा वीआईपी यात्रियों के लिए ठहरने की विशेष सुविधा विकसित किए जाने की परिकल्पना है। इससे यात्रियों को अब रेलवे स्टेशन पर भी एयरपोर्ट जैसा आरामदायक अनुभव मिलेगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना में क्षेत्रीय वास्तुकला, पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ निर्माण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक साइनेज तथा दिव्यांगजनों के लिए सुगम सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट पहल के तहत स्टेशन परिसर में स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे अंचल की पारंपरिक कला और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई पहचान मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप रेलवे स्टेशनों को घरेलू हवाई अड्डों की शैली में विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संरचनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए सीएसआई सेफ, ईटीएबीएस, आरसीडीसी, स्टैड प्रो, आइडिया स्टैटिका जैसे उच्च तकनीकी सॉफ्टवेयर के माध्यम से डिजाइन और विश्लेषण किया जा रहा है।

इस योजना को लेकर भाजपा महिला मोर्चा बस्तर की प्रभारी एवं गूंज वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष लक्ष्मी कश्यप से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि संरचनात्मक अभियंता एवं नगर योजनाकार भूपेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा अत्याधुनिक एआई आधारित तकनीक, बीआईएम, ऑटोकैड, सीएसआई सेफ, ईटीएबीएस और सेफ सॉफ्टवेयर के उपयोग से अमृत भारत रेलवे स्टेशन का सुरक्षित और आधुनिक डिजाइन तैयार किया गया है। इस अभिनव कार्यप्रणाली को अंतरराष्ट्रीय जर्नल कंस्ट्रक्शन इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (सीई एंड सीआर) के नवंबर 2025 अंक में प्रकाशित किया गया है।

प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप रेलवे स्टेशनों को निजीकरण की पहल से जोड़कर नए व्यावसायिक अवसर, रोजगार सृजन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी, युवाओं के लिए आय के नए साधन और स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद है।

# पंजाब सी.एम.को तलब करने का मामला; भगवंत मान ने कहा अकाल तख्त साहिब का आदेश मेरे सिर-मत्थे

**दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो ,5 जनवरी :पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को अकाल तख्त ने तलब किया है। जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज ने सीएम मान को 15 जनवरी को 'श्री अकाल तख्त साहिब' के सामने निजी तौर से पेश होने के लिए कहा है। सीएम मान पर सिखी मान-मयार्दा व सिद्धांतों के विरूद्ध टिप्पणी और कृत्य करने का आरोप है। वहीं अकाल तख्त



द्वारा तलब किए जाने पर अब सीएम भगवंत मान का भी बयान सामने आया है। सभी को उनके इस बयान का इंतजार था।तलब किए जाने के मामले में सीएम भगवंत मान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बयान जारी करते हुए श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को सबसे ऊपर बताया है। उन्होंने लिखा, "श्री अकाल तख्त साहिब जी का आदेश मेरे सिर-मत्थे है, ये दास एक चीफ मिनिस्टर के तौर पर नहीं, बल्कि नंगे पैर चलने वाले एक सामान्य सिख के तौर पर 'श्री अकाल तख्त साहिब जी के समक्ष हाजिर रहेगा। सीएम मान ने आगे कहा, श्री अकाल तख्त साहिब जी और उस पवित्र तख्त साहिब का आदेश मेरे लिए सबसे पहले है, था और हमेशा रहेगा।"

# बुढार स्टेडियम में सजेगा क्रिकेट का महाकुंभ, अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट 13 जनवरी से

**समाज जागरण**

बुढार (शहडोल)। नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे मैदान में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन इस वर्ष 13 जनवरी से किया जाएगा, प्रतियोगिता का फाइनल 21 जनवरी को खेला जाएगा।

**टूर्नामेंट का उद्देश्य**

नगर की खेल एवं सामाजिक संस्था फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वाधान में स्थानीय स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे इस खेल टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्रीय खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच मिलेगा, जिससे वे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे।

**उद्घाटन समारोह की तैयारियां**

टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं खेल प्रेमी नागरिक अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। स्थानीय विधायक जय सिंह मरावी के मार्गदर्शन में होने वाले इस टूर्नामेंट की लोकप्रियता शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद रूप से है।

**टीमों की भागीदारी**

आयोजन समिति के सदस्य अवधेश पांडे (पिंटू) ने बताया कि इस टूर्नामेंट में स्थानीय सहित देश के कई हिस्सों की टीमें भाग लेंगी। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता में दिल्ली, बिलासपुर, जबलपुर, प्रयागराज, रीवा, शहडोल, अंबिकापुर, पेंड्रा, उमरिया एवं बुढार की टीमों भाग लेंगी।

**प्रतियोगिता का प्रारूप**

टूर्नामेंट का प्रारूप T20 का होगा, प्रत्येक दिन एक मैच खेला जाएगा, सभी मैच नॉकआउट के होंगे। प्रारूप सभी टीमों को बराबर अवसर प्रदान करेगा।

**मैदान और सुविधाओं की व्यवस्था**

स्थानीय स्टेडियम में खेल मैदान की पिच और आउटफील्ड को बेहतर बनाने के लिए विशेष तैयारी की जा रही हैं। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा।

**पुरस्कार और सम्मान**

टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों और खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता और सेमीफाइनलिस्ट टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तिगत श्रेणियों में भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**खेल प्रेमियों में उत्साह**

स्थानीय खेल प्रेमियों में टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन समिति ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# थाना कोतमा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा, 12 घंटे के भीतर चोरी गई मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण अनूपपुर**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोतमा के मार्गदर्शन में थाना कोतमा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 04.01 .2026 को फरियादी मोहम्मद इकबाल पिता मोहम्मद अहमद, निवासी वार्ड क्रमांक 04, कोतमा द्वारा थाना कोतमा में उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादी ने बताया कि वह दिनांक 04.01.2026 को अपने परिजनों को ट्रेन में बैठाने हेतु कोतमा रेलवे स्टेशन गया था, जहां रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों के पास उसने अपनी काले रंग की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (क्रमांक MP 65 ZB 5429) खड़ी की थी। लगभग आधे घंटे बाद वापस आने पर उसकी मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं थी। अज्ञात चोर द्वारा लगभग 70,000 रुपये की मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर थाना कोतमा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान थाना कोतमा पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की सघन जांच की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। परिणामस्वरूप पुलिस द्वारा आरोपी मोहम्मद एनस, उम्र 19 वर्ष, निवासी बनियाटोला, कोतमा को दस्तयाब कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल कीमत लगभग 70,000/- रुपये बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

उक्त कार्यवाही में थाना कोतमा के थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के साथ सहायक उप निरीक्षक कमलेश चौहान, आरक्षक 232 अभय त्रिपाठी एवं आरक्षक स्वदेश चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर सकल हिन्दू समाज द्वारा देव स्थान पूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम आज अनूपपुर नगर की गणेश बस्ती में हुआ सम्पन्न।

नगर की चारों बस्तियों में जनवरी माह में आयोजित होंगे सम्मेलन।



**समाज जागरण**

अनूपपुर। हिंदू समाज की एकता, संगठन और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सकल हिंदू समाज अनूपपुर नगर द्वारा आज देव स्थान पूजन एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम रजहा मंदिर पुरानी बस्ती में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आगामी हिंदू सम्मेलन की श्रृंखला का शुभारंभ रहा। कार्यक्रम में हिंदू समाज के सभी समुदायों, वर्गों एवं संगठनों के सम्मानित जनों की सहभागिता रही। बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं युवाओं ने उपस्थित होकर समाज को एकजुट करने के संकल्प को मजबूती प्रदान की। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा जानकारी दी गई कि अनूपपुर नगर की चारों प्रमुख बस्तियों में चरणबद्ध रूप से हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार–

**गणेश बस्ती – 18 जनवरी**

राम जानकी बस्ती – 24 जनवरी

चेतना बस्ती – 27 जनवरी सोनभद्र बस्ती – 30 जनवरी इन सम्मेलनों के माध्यम से समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों को एक मंच पर लाने, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना एवं संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान आयोजन एवं संचालन समिति की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई तथा समाज के प्रत्येक वर्ग से आगामी सम्मेलनों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता का आह्वान किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने हिंदू समाज की एकता, संगठन और सद्भाव को बनाए रखने हेतु निरंतर कार्य करने का संकल्प एक स्वर में व्यक्त किया।

# अमिलिहा चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- पाली थाना अंर्तगत अमिलिहा में पिछ्ले दिनों हुई चोरी के मामले में घुनघुटी पुलिस चौकी की तत्परता ने रंग दिखाया है। जिससे मामले का घुनघुटी पुलिस ने से खुलासा किया है। विदित होवे की 3 जनवरी की दरम्यानी रात अमिलिहा गाँव में संतोष तिवारी के घर एवं किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया था। जिसकी रिपोर्ट फरियादी द्वारा घुनघुटी चौकी में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी एवं जमीनी पड़ताल के आधार पर महज दो दिनों के भीतर चोरी गया लगभग चार



हजार रुपये का सामान बरामद कर लिया और दो आरोपियों सुमित विश्वकर्मा एवं रामलाल खैरवार को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्यवाही पुलिस के कार्य की दक्षता को दशार्ती है। घटना के त्वरित खुलासे में घुनघुटी चौकी प्रभारी शिवपाल सिंह तोमर एएसआई शैलेंद्र चतुवेर्दी तथा उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस की इस मुस्तैदी से न केवल फरियादी को राहत मिली है, बल्कि क्षेत्र के नागरिकों में सुरक्षा और भरोसा बढ़ा है।

निश्चित ही जब पुलिस इसी प्रकार सजग संवेदनशील और तत्पर होकर कार्य करेगी तो अपराधियों के लिए कानून से बच पाना कठिन होगा। घुनघुटी पुलिस की यह कार्रवाई अन्य मामलों में भी एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में देखी जा रही है।

# नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों में जल गुणवत्ता सैंपलिंग का कार्य जारी

**समाज जागरण**

कटनी ।नगर निगम कटनी सीमान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश के बाद सक्रिय नगर निगम अमले ने सोमवार 5 जनवरी को विभिन्न जल स्त्रोतों के निरीक्षण , सैंपलिंग एवं जांच की कार्यवाही की।। इसके तहत विभिन्न वार्डो में पेयजल गुणवत्ता से संबंधित मैदानी सर्वेक्षण भी किया जाकर पेयजल के सैंपल संकलित किए गए।

सर्वेक्षण के दौरान जल आपूर्ति बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए पानी की स्वच्छता एवं उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया गया। जांच में पाया गया कि क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थिति गुणवत्तापूर्ण पाई गई। पाइपलाइन के माध्यम से की जा रही जलापूर्ति, नलों से साफ एवं स्वच्छ सुगम जल आपूर्ति। की जा रही है।

नगर निगम कर्मियों द्वारा सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया गया। पुरुषों एवं बुजुर्ग नागरिकों से चर्चा में नागरिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल प्राप्त हो रहा है, पानी पीने योग्य है तथा पानी से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं है। नागरिकों ने यह भी बताया कि वे नियमित रूप से इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान में पानी से संबंधित कोई शिकायत या समस्या सामने नहीं आई है और जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

जांच हेतु 17 पानी के सैंपल भेजे गए लैब इस कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सोमवार को सर्वेक्षण के दौरान बाबा नारायण शाह वार्ड, काली माता मंदिर, माधवनगर रॉबर्ट लाईन, संत कंवरराम वार्ड टंकी नंबर 4, झिंझरी स्थित बिलहरी मोड नई पानी की टंकी, अल्फर्ट गंज मोहन टॉकीज रोड, कोतवाली थाना सिटी सप्लाई, जगमोहनदास वार्ड स्थित जंगल दफ्तर पानी की टंकी, सुधार न्यास कॉलोनी, महात्मा गांधी वार्ड कनकने स्कूल टंकी सप्लाई हेतु हरिजन बस्ती, निषाद स्कूल टंकी सप्लाई हेतु केवट कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी टंकी, हाउसिंग बोर्ड टंकी, अमीरगंज स्थित नई टंकी, डनहिल टैंक सप्लाई हेतु बरगवां बंधवा टोला, सहित अन्य स्थलों से पानी के सैंपल लिये जाकर जांच हेतु लैब भेजे गए। वहीं मदन मोहन चौबे वार्ड में खराब पानी की सप्लाई की शिकायत पर वार्ड से सैंपल लिया जाकर टेस्टिंग हेतु लैब भेजने की कार्यवाही की गई।

वहीं सुचारू पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर सुधार न्यास कॉलोनी के संपवेल की सफाई का कार्य कराया गया। नगर निगम प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी पेयजल की शुद्धता को लेकर किसी प्रकार की शिकायत हो, तो नागरिक तत्काल नगर निगम के हेल्पलाइन नंबर 9351136230 पर संपर्क करें, ताकि समय पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भ्रमण कार्यक्रम 9 जनवरी को भठिया मंदिर परिसर मे प्रस्तावित

### शहडोल कलेक्टर ने की तैयारी बैठक

**समाज जागरण**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 9 जनवरी 2026 को शहडोल जिले के जैतपुर विधानसभा क्षेत्र में भठिया मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल एवं जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा एवं अधिकारियो की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभा गार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विभागीय अधिकारियो को सौंपे गए दायित्वों का प्राथमिकता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में वाहन पार्किंग व्यवस्था, मंचीय कार्यक्रम, आमंत्रण पत्र, जनजातीय लोक कलाकरो की प्रस्तुतियां, चिकित्सा सुविधा, लोकार्पण, भूमि पूजन, हितलाभ का वितरण, विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी, के संबंध में चर्चा कर संबंधित विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री काजोल सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# सिंगरौली से सीधी तक दलाल- सरकारी तंत्र की सांठगांठ सीमावर्ती रास्तों पर खुलेआम उगाही

**समाज जागरण**

सिंगरौली। म.प्र. में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर एक बार फिर बड़ा घोटाला सामने आ रहा है। सीमावर्ती उत्तर प्रदेश एवं छग. से बड़े पैमाने पर धान लाकर जिले के कई कथित सेवा सहकारी समितियों के खरीदी केन्द्रों में खपाई की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि यूपी छग. की सड़ी-गली और घटिया गुणवत्ता वाली धान को म.प्र. की बताकर समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है, जिससे शासन को करोड़ों रुपये का सीधा नुकसान हो रहा है।

सूत्रों के अनुसार यूपी के सोनभद्र जिले के दुद्धि, भरहरी, गोभा, माड़ा क्षेत्र, झरकटा समेत अन्य मार्गो से रोजाना दर्जनों पीकअप और ट्रैक्टर-ट्रॉली धान लेकर एमपी की सीमा में प्रवेश कर रही हैं। यह धान सीधे जिले में प्रवेश होते हुए सीधी और सिंगरौली की कथित समितियों तक पहुंच रही है। कागजों में यह धान एमपी के किसानों की बताई जाती है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि हकीकत में यह पूरा खेल सीमावर्ती माफिया और दलालों द्वारा संचालित है। सीमा पर बने चेक पोस्टों की भूमिका भी पूरी तरह संदिग्ध है। आरोप है कि हर वाहन से 1000 प्रति वाहन की अवैध वसूली कर धान को बिना रोक-टोक अंदर आने दिया जा रहा है। इसके बाद जब यह धान समितियों तक पहुंचती है, वहीं रास्ते में संबंधित पुलिस चौकियों द्वारा 4 हजार एवं थानों की पुलिस द्वारा 6000 प्रति गाड़ी तक की उगाही की जा रही है। यानी किसान नहीं, बल्कि सिस्टम ही इस अवैध कारोबार का संरक्षक बना हुआ है। धान खरीदी केंद्रों पर हालात और भी गंभीर हैं। कई समितियों में दलाल खुलेआम सक्रिय हैं, जो यूपी और छत्तीसगढ़ की धान को एमपी के किसानों के नाम पर दर्ज करा रहे हैं। वास्तविक स्थानीय किसान घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन उनकी धान तौलने से पहले ही बाहरी धान अंदर खपा दी जाती है। गुणवत्ता जांच केवल कागजों तक सीमित है, न नमी की सही जांच, न सड़न की, न ही भौतिक सत्यापन। फिलहाल कथित समिति घोघरा, गढ़वा के पड़री, कुसाही, धरौली समेत अन्य खरीदी केन्द्रों में सक्रिय दलालों एवं चल रहे अवैध वसूली को लेकर प्रशासन पर भी उंगली उठने लगी है।

**चेकपोस्टो पर सीसीटीव्ही कैमरा लगाने की मांग**

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसके इशारे पर यह पूरा नेटवर्क चल रहा है, क्या चेक पोस्टों पर तैनात अधिकारी अनजान हैं या जानबूझकर आंख मूंदे हुए हैं, क्या समितियों के कथित प्रबंधक और कर्मचारी बिना ऊपर के दबाव के इतना बड़ा खेल कर सकते है। यदि समय रहते इस मामले की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह धान घोटाला आने वाले समय में प्रदेश की कृषि नीति और समर्थन मूल्य व्यवस्था को पूरी तरह खोखला कर देगा। अब निगाहें शासन और प्रशासन पर टिकी हैं, क्या कार्रवाई होगी, या फिर यूपी और छत्तीसगढ़ की धान यूं ही एमपी में बिकती रहेगी और सरकारी खजाना लुटता रहेगा। अब प्रबुद्ध नागरिक इसी बात को लेकर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुये चेकपोस्टो पर सीसीटीव्ही कैमरा लगाए जाने की मांग की है।

**मैदानी अधिकारी अनजान या फिर संरक्षण**

स्थानीय किसानों का आरोप है कि यदि वे इस गोरखधंधे का विरोध करते हैं, तो उन्हें धमकाया जाता है या उनकी धान रिजेक्ट कर दी जाती है। कई किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह खेल सरकारी तंत्र संरक्षण के बिना संभव ही नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब रोजाना सैकड़ों वाहन सीमावर्ती रास्तों से धान लेकर आ रहे हैं, तो क्या राजस्व, खाद्य विभाग और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि एक वाहन में औसतन 70 से 80 क्विंटल धान लाई जा रही है और रोजाना दर्जनों वाहन प्रवेश कर रहे हैं, तो यह आंकड़ा हजारों क्विंटल प्रतिदिन तक पहुंचता है। इस तरह पूरे खरीदी सीजन में शासन को दर्जनों करोड़ रुपये का नुकसान होना तय है। यह सिर्फ आर्थिक घोटाला नहीं, बल्कि ईमानदार किसानों के हक पर सीधा डाका है और स्लॉट में भी खेला है।

# कटनी जिले ने हासिल किया प्रदेश में दूसरा स्थान

**समाज जागरण**

कटनी ।बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के तहत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में आकांक्षी युवाओं के लिये उत्कृष्ट कार्य पर रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर श्री तिवारी की प्रशंसा की है। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के मामले में कटनी जिले को पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है ।रोजगार आयुक्त, गिरीश शर्मा ने प्रशंसा पत्र में कलेक्टर तिवारी के बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुये कहा है कि "आपके नेतृत्व में किया गया कार्य प्रशंसनीय है, भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा है ।जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि इस वर्ष अप्रैल से अब तक 8 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है। जिसमें 2 हजार 312 युवाओं का प्राथमिक चयन कर उन्हें ऑफर लेटर वितरित किये गये। वहीं अप्रेंटिसशिप के लिये 297 आवेदकों का चयन किया गया। इसी प्रकार स्वरोजगार हेतु 2 हजार 599 आवेदकों को रोजगार मेले के माध्यम से ऋण वितरित किये गये।

# बेंगलुरु में राजस्थान को हराया

**समाज जागरण**

धनपुरी ।नगर पालिका धनपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टूनार्मेन्ट 2026 में को सुभाष स्टेडियम धनपुरी नं0-3 में प्रथम पाली में एम.ई. जी. बैंगलोर ने राजस्थान पुलिस को 2-0 से पराजित किया एवं द्वितीय पाली में महू इन्दौर विरूद्ध एस.ई. रेल्वे हेडक्वार्टर नागपुर का मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ । नगर पालिका धनपुरी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल टूनार्मेन्ट 2026 में सुभाष स्टेडियम धनपुरी नं0-3 में प्रथम पाली में एम.ई. जी. बैंगलोर ने राजस्थान पुलिस को 2-0 से पराजित किया एवं द्वितीय पाली में महू इन्दौर विरूद्ध एस.ई. रेल्वे हेडक्वार्टर नागपुर का मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ । आज के खेल में प्रथम पाली के अतिथि इन्द्रजीत सिंह छाबड़ा, प्रेसिडेन्ट डी0एफ0ए0 शहडोल, डॉ0 साहिद कादरी, सेन्ट्रल हास्पिटल



धनपुरी, एवं द्वितीय पाली घनष्याम जायसवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका शहडोल, रविन्द्र तिवारी-शहडोल एवं सम्माननीय सभापति एवं पार्षद्गण के आतिथ्य में खेला गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा, न0पा0परि0 धनपुरी एवं विषिष्ट अतिथि हनुमान प्रसाद खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष एवं समस्त सभापति एवं पार्षदगणों की उपस्थित में तथा सुश्री पूजा बुनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी न0पा0परि0 धनपुरी की उपस्थित में एवं मैच की कमेन्टेटर अजय द्विवेदी एवं कलाम मोहम्मद द्वारा की गई एवं मंच संचालन पीयूष द्विवेदी के द्वारा किया गया । 06.01.2025 को खेला जायेगा दो पालियों में मैच, प्रथम पाली में लीग मैच 12.00 बजे से डी0एफ0ए0 शहडोल विरूद्ध आर0सी0एफ0 कपूरथला पंजाब तथा दूसरा मैच क्वर्टर फाईनल मैच दोपहर 2.00 बजे से न्यू स्पोटिंग क्लब चर्चा (कोरिया) विरूद्ध एम.ई.जी. नागपुर के बीच में खेला जायेगा ।

# मऊगंज बना चारागाह, बाहरियों की भर रही झोली : कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा का भाजपा विधायक पर तीखा हमला

**समाज जागरण**

मऊगंज। जिले की राजनीति रविवार को उस समय गरमा गई जब हनुमना ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा ने भाजपा विधायक प्रदीप पटेल पर गंभीर आरोप लगाए। रविवार शाम करीब 5 बजे आयोजित प्रेस वार्ता में मिश्रा ने विधायक की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मऊगंज अब विकास का केंद्र नहीं रह गया है, बल्कि एक चारागाह बन चुका है, जहां बाहरी लोग आकर अपने स्वार्थ पूरे कर रहे हैं। वीरेंद्र मिश्रा ने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक जनता के प्रतिनिधि कम और एक बड़े भू-माफिया की तरह अधिक व्यवहार कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में सामने आए एक भूमि विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि जिस जमीन का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, वहां विधायक किस अधिकार और हैसियत से पहुंचे। उन्होंने सवाल उठाया कि विधायक कानून के प्रतिनिधि बनकर गए थे या फिर दबाव और ताकत के बल पर जमीन खाली कराने का प्रयास किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि फिल्मों में दिखने वाले जबरन जमीन कब्जाने के दृश्य अब मऊगंज की जमीनी हकीकत बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कथित तौर पर गुंडों के माध्यम से जमीन खाली कराना लोकतंत्र और कानून व्यवस्था पर सीधा हमला है। मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जब कोई मामला न्यायालय में लंबित हो, तो किसी भी जनप्रतिनिधि को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

प्रेस वार्ता के दौरान वीरेंद्र मिश्रा ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो। यदि जांच में विधायक दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि मऊगंज में कथित गुंडागर्दी, अवैध गतिविधियां और जमीन से जुड़े विवाद नहीं रुके, तो कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। जरूरत पड़ने पर पार्टी सड़कों पर उतरकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता के दौरान मौजूद कांग्रेस कार्यकताओं में भी आक्रोश देखने को मिला, जिससे जिले की राजनीति में आने वाले दिनों में और तीखापन बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

# जयसिंहनगर प्रीमियम लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन

**समाज जागरण विजय तिवारी शहडोल**

जयसिंहनगर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन समारोह संपन्न हुआ समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष जयसिंहनगर विधानसभा की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने विजेता टीम बज्र इलेवन एवं उपविजेता जयसिंहनगर टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर खिलाड़ियों को संबोधित किया इस गरिमामय अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष सम्पत मिश्रा ,मंडल अध्यक्ष जय श्री कैचर मंत्री श्रीमती कविता सिंह मार्को , महामंत्री अनुपम द्विवेदी , दिवाकर पयासी , नीरज शर्मा , सातिका तिवारी, राजेश द्विवेदी , सांसद प्रतिनिधि रावेन्द्र शर्मा, निर्मल द्विवेदी , आयोजन समिति से प्रकाश नारायण तिवारी , राजीव तिवारी , दिलीप शुक्ला एवं समिति के सभी सदस्यगण एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।इस सफल आयोजन के लिए समस्त आयोजनकताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने तथा आगे बढ़ने का सशक्त अवसर प्राप्त होता है, जो निश्चित रूप से क्षेत्र के खेल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान एक कि मौत, चार घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना में सोमवार की सुबह अटल पथ पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो द्वारा पीछे से पिकअप में टक्कर मारने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान एक स्थानीय कारोबारी के बेटे के रूप में हुई है, जिससे घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता और बढ़ गई। यह दुर्घटना सोमवार की सुबह गांधी मैदान ट्रैफिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटल पथ पर हुई। रात का सन्नाटा और खाली सड़कें अक्सर तेज रफ्तार को बढ़ावा देती हैं। इसी दौरान सोनपुर से पटना लौट रही स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन पशुओं के चारे से लदा हुआ था और उसका टायर पंक्चर हो गया था। चालक राम सेवक वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पंक्चर बना रहा था। उसी समय पीछे से आ रही स्कॉर्पियो तेज गति में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। स्कॉर्पियो सीधे पिकअप से टकरा गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पिकअप पर लदी चारे की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। इस हादसे में स्कॉर्पियो चला रहे आदित्य कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। आदित्य मीठापुर निवासी थे और पेट्रोल पंप कारोबारी प्रदीप कुमार के बेटे थे। स्कॉर्पियो भी प्रदीप कुमार के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी और हाल ही में खरीदी गई थी। वाहन पर एक राजनीतिक दल का झंडा भी लगा हुआ था। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार आदित्य के तीन दोस्तों को हल्की चोटें आईं, जबकि पिकअप चालक रामसेवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप चालक रामसेवक को गंभीर चोटें आई हैं। रामसेवक ने बताया कि वह छपरा से पशु चारा लेकर शिवपुरी चितकोहरा स्थित चक्की जा रहा था, तभी रास्ते में उसकी गाड़ी पंक्चर हो गई और हादसा हो गया। हादसे के बाद स्कॉर्पियो में सवार आदित्य के तीनों दोस्त मौके से फरार हो गए। उन्हें हल्की चोटें आई थीं, लेकिन वे इलाज कराने या पुलिस को जानकारी देने के बजाय वहां से चले गए। पुलिस उनकी पहचान और लोकेशन पता करने में जुटी हुई है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से उन्हें तलाशने का प्रयास किया जा रहा है। गांधी मैदान ट्रैफिक थाना पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है, जिसमें वाहन की रफ्तार, ब्रेक के निशान और एयर बैग सिस्टम शामिल हैं। मृतक के परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की।

# युवक को गोली मारने में वांछित दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना। युवक को गोली मारकर घायल करने के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। बीते 31 दिसंबर को गांव तितरवाड़ा निवासी सरवर उर्फ कल्लू कार द्वारा गांव के ही मनव्वर व नदीम के साथ अपने घर जा रहा था। आरोप था कि तभी गांव में बाइक सवार सावेज, सुफियान व एक अज्ञात ने कार में टक्कर मार दी तथा फायरिंग की, जिसमें सरवर उर्फ कल्लू हाथ में गोली लगने से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना में वांछित चल रहे सुफियान निवासी गांव तितरवाड़ा को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से तमंचा व दो कारतूस बरामद हुए ।पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। सोमवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हुसैन अहमद निवासी गांव मंडावर बताया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

# कैराना में आबकारी टीम की छापेमारी, खाली हाथ लौटी

**समाज जागरण**

कैराना। अवैध शराब व स्मैक बिक्री की गुप्त सूचना पर सहारनपुर आबकारी विभाग की टीम ने नगर में छापेमारी की। हालांकि, टीम को खाली हाथ ही लौटना पड़ा।

सोमवार को आबकारी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर विनोद यादव के नेतृत्व में टीम सहारनपुर से कैराना पहुंची। सबसे पहले कोतवाली के पीछे मोहल्ला आलकलां बारादरी में एक मकान पर छापेमारी की, जहां टीम के हाथ कोई सफलता नहीं लगी। इसके बाद टीम मोहल्ला आलकलां में ही शामली बस स्टैंड के सामने वाली गली में पहुंची और तीन घरों में तलाशी ली। लेकिन, कोई बरामदगी नहीं हुई। टीम में सहारनपुर के आबकारी निरीक्षक विनय तिवारी, रवि विद्यार्थी, महिमा चौधरी तथा शामली के निरीक्षक हेमंत पांडेय शामिल थे।असिस्टेंट कमिश्नर विनोद यादव ने बताया कि यहां अवैध शराब व स्मैक बिक्री की सूचना मिली थी, जिसके बाद टीम पहुंची थी। बाद में टीम लौट गई।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण**

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बर्रा बगहा मजरे सरकण्डी में एक सप्ताह पूर्व घर के अंदर सो रही तीस वर्षीय महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। जिसकी इलाज के दौरान रविवार की शाम घर पर ही मौत हो गई। बताते चलें कि बर्रा बगहा मजरे सरकण्डी निवासी अयोध्या की पत्नी रन्नो देवी 31 दिसंबर की रात घर के कमरे में सो रही थी। तभी अचानक जंगली जानवर अंदर घुस आया और महिला पर हमला कर दिया था। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई थी। परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां से उसे हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। वहां भी जवाब दे देने पर उसे लखनऊ ले गए। इसके बाद घर पर इलाज करवा रहे थे। तभी रविवार की शाम उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतका के भाई दयाशंकर ने दी है।

## छत से गिरकर बालिका घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला इमिलियाबाग में सोमवार की सुबह खेलते-खेलते छत से गिरकर 08 वर्षीय बालिका घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार इमिलियाबाग मुहल्ला निवासी शकील अहमद की पुत्री जेबा सोमवार की सुबह छत पर खेल रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। घटना की जानकारी इलाज करा रही मां फिरदौस ने दी।

## सड़क हादसों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित दो घायल

**समाज जागरण**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कल्यानपुर थाना क्षेत्र के रेवाड़ी गांव निवासी दीपक की 43 वर्षीय पत्नी शशिप्रभा आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। बताते हैं कि सुबह वह पति के साथ बाइक से मलवां ब्लाक मीटिंग में जा रही थी। जैसे ही ये लोग मलवां के समीप ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही स्कूटी से भिड़ंत हो गई। जिससे शशिप्रभा घायल हो गई। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी रामचरन का 30 वर्षीय पुत्र सुरेश शंकर सोमवार की सुबह बाइक से शहर आ रहा था। तभी राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर के समीप अनियत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## सफाई कर्मचारी संघ ने सहायक नगर आयुक्त से कर्मचारियों को गर्म वर्दी देने की मांग की!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! सहायक नगर आयुक्त ने नगर निगम पर सफाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमण्डल को गर्म वर्दी का उच्च कोटि का वस्त्र चयन करने



के लिए बुलाया गया जिसमें महिलाएं एवं पुरुष कर्मियों के वस्त्रों का चयन किया गया संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम प्रशासन से वार्ता करते हुए कहा कि 26 जनवरी 2026 से पूर्व कर्मचारियों को गर्म वर्दी प्रदान की जाए वार्ता पर विचार करते हुए सहायक नगर आयुक्त ने संयुक्त मोर्चा की बात को गहनता से स्वीकार करते हुए कहा कि 26 जनवरी से पूर्व गर्म वर्दी प्रदान कर दी जाएगी वार्ता में अशोक मोती वाल्मीकि जालिम सिंह वाल्मीकि रामनाथ आजाद बबलू गौतम आचार्य कृष्ण मुरारी अमित कुमार मुन्नालाल टारजन सोनू चौहान विकास कुमार मीनू वाल्मीकि सुरेश राही राजेश वाल्मीकि जतन वाल्मीकि आदि साथियों सहित सफाई कर्मचारी उपस्थित थे!

## समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस ने जन शिकायतों की सुनवाई निस्तारण किया!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जन शिकायतों की सुनवाई कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें, कोई भी शिकायतकर्ता ऐसा न हो जिसकी शिकायत का निस्तारण न हो, जिलाधिकारी ने राजस्व और कानून संबंधी मामलों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर शिकायतों को निस्तारित करने के आदेश दिए, इस दौरान राजस्व मामलों में अवैध कब्जे, पैमाइश और विरासत से जुड़े मामले आए, जबकि पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी विवाद के सर्वाधिक मामले आए, जबकि विकास कार्यों में नाली, खरंजा निर्माण, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं आई।

एक शिकायतकर्ता सुरेश चंद जो ग्राम बिलहना थाना बसई मोहम्मदपुर का निवासी है, उसने शिकायत की, कि उसके गांव में एलन नामक भट्टा संचालित है, जिसमें धूल, प्रदूषण पूरे गांव में व्याप्त हो जाता है, जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच राजस्व निरीक्षक और प्रदूषण बोर्ड से करने की बात कही, जिससे इस समस्या के निदान किया जा सके।

इसी तरह एक व्यक्ति ने राशन कार्ड जारी करने के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया कि उसका राशन कार्ड जारी किया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता की संपूर्ण शर्तों की जांच कर इनका राशन कार्ड जारी किया जाए, इसी तरह देवेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने जलोपुरा मार्ग से जल निगम की टंकी तक नालियों की सफाई एवं आर0सी0सी0 पर पड़ी हुई गंदगी हटवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देशित किया कि उनकी समस्या का समाधान तुरंत करें, इस दौरान 51 शिकायती प्रार्थना पत्र आए जिसमें से 15 शिकायतों का मौके पर त्वरित समाधान किया गया, इस दौरान डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, परियोजना निदेशक, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला वर्ग पिछडा अधिकारी आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

## गलत गतिविधियों की सूचना पर दो होटल सील, संचालक फरार!

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जनपद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को टूंडला पुलिस व फिरोजाबाद तहसील की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजा का ताल स्थित एजे ब्रदर्स होटल और ऋषभ होटल एंड रेस्टोरेंट पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार दोनों होटलों में गलत काम होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सूचना के आधार पर जब पुलिस और तहसील की टीम मौके पर पहुंची, तो कार्रवाई की भनक लगते ही होटल संचालक मौके से फरार हो गए। टीम ने मौके पर जांच-पड़ताल के बाद दोनों होटलों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में हड़कंप मच गया और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। प्रशासन का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और फरार होटल संचालकों की तलाश शुरू कर दी गई है। दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अन्य होटल और रेस्टोरेंट संचालकों में खलबली मची हुई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अनैतिक व गैरकानूनी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कन्नौज: वर्ष 2026 में स्थानीय अवकाशों की सूची घोषित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झा ने आदेशित किया है कि वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी एवं कन्नौज बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वार्ता के क्रम में उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत वार्षिक कैलेंडर- 2026 में उल्लिखित टिप्पणी संख्या -03 एवं 08 में दिए गए निदेशों के अनुपालन में जनपद न्यायालय, कन्नौज के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के कैलेंडर वर्ष 2026 की टिप्पणी संख्या-03 के आलोक में जनपद न्यायालय, कन्नौज में मकर संक्रांति दिनांक 14 जनवरी 2026 (बुधवार), ईद-ए-मिलाद (बारावफात) दिनांक 26 अगस्त 2026 (बुधवार), रक्षाबंधन दिनांक 28 अगस्त 2026 ( शुक्रवार), गोवर्धन पूजा दिनांक 10 नवम्बर 2026 (मंगलवार) एवं भाई दूज दिनांक 11 नवम्बर 2026 (बुधवार) को स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वार्षिक कैलेंडर-2026 की टिप्पणी संख्या-07 में दिए गए निदेशों के अनुपालन में अतिरिक्त अवकाश पृथक से घोषित किए जाएंगे। इन घोषित अवकाशों के उपरांत भी वर्ष 2026 में जनपद न्यायालय, कन्नौज में कार्यदिवसों की संख्या 265 दिनों से कम नहीं रहेगी।

## कन्नौज: बढ़ा तनाव, वकीलों ने घूम घूम कर की नारेबाजी, नही करेंगे काम

### एसडीएम या तो वार्ता कर सुलझाएं मसला या करा दें एफआईआर: डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। तहसील कन्नौज में बार और बेंच के बीच बढ़ता हुआ तनाव कभी भी विस्फोटक रूप ले सकता है। मामला इस हद तक बढ़ गया है कि दोनों पक्ष एक दूसरे से आमने सामने वार्ता को भी तैयार नही है।

शानिवार को सार्वजनिक अवकाश के चलते आज जैसे ही सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रारम्भ हुआ अधिवक्ताओं ने एक जुट होकर घूम घूम कर प्रशासन विरोधी नारेवाजी करने लगे। थोड़ी देर बाद पहुंचे जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने शोर सुनकर एसडीएम सदर से कहा कि वे या तो अधिवक्ताओं से वार्ता कर समस्या का समाधान करें या फिर अराजकता फैलाने के लिए अधिवक्ताओं के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराएं।

इसी बीच अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से तहसील सभागार में जाने की कोशिश की तो उन्हें बाहर ही रोक दिया गया कहा गया कि ज्ञापन देने के लिए 5 अधिवक्ताओं का समूह अंदर आ जाये। इस पर अधिवक्ताओं ने इनकार कर दिया और हल्ला मचाते हुए परिसर में घूमने लगे।



बाद में उन्होंने अपना यह ज्ञापन सार्वजनिक करते हुए इसकी प्रति मीडिया को जारी कर दी है। ज्ञापन में कहा गया है कि उप जिलाधिकारी कन्नौज सुश्री वैशाली द्वारा अधिवक्ताओं के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार किये जाने व न्यायिक व वादकारियों से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण करने में हीला हवाली करने व कोई रूचि न लेने व अधिवक्तागणों व बादकारी आम जनता से सम्मान जनक व्यवहार न करने व लम्बे समय से आदेश में सुरक्षित तमाम पत्रावलियों में आदेश न करने व वाद कारियों व आम जनता व अधिवक्तागणों से लगातार मिलने से इन्कार करने से हम सभी अधिवक्तागण बेहद क्षुब्ध व दुखी है। पीठासीन अधिकारी के तानाशाही पूर्ण व अमर्यादित व्यवहार से हम अधिवक्तागणों ने काफी रोष व्याप्त है। पीठासीन अधिकारी द्वारा न्यायिक कार्य न होने के बावजूद तमाम बादों को सुनवाई किये बगैर अदम पैरवी में खारिज किये जाने से वादकारियों को भारी नुकसान हो रहा है। तहसीलदार कन्नौज पद पर कार्यरत अर्पित कुमार यादव (ज्वाइट मजिस्ट्रेट) द्वारा कोई न्यायिक व प्रशासनिक कार्य न करने व तमाम अविवादित नामान्तरण वादों में काफी समय बीत जाने के उपरान्त आदेश पारित न करने से वादकारी व आम जनता को हो रही परेशानी से हम सभी अधिवक्तागण बेहद परेशान है। जनपद के कई राजस्व व चकबन्दी न्यायालयों व कार्यालयों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। जिससे वाद कारियों का शोषण हो रहा है और पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस सम्बन्ध में अधिवक्तागणों द्वारा कई बार डीएम को अवगत भी कराया जा चुका है लेकिन अब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है। उप निबन्धक कन्नौज अश्वनी कुमार वर्मा द्वारा लगातार भ्रष्टाचार व अधिवक्ताओं व निबन्धन हेतु प्रस्तुत पक्षकारों से अभद्रता कर व डरा धमका कर प्रस्तुत विलेखों में तमाम मनगढ़त व अबिधिक कुटिलताएं उतपन्न कर पक्षकारों से अविधिक तरीके से धन दोहन किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध मे द्वारा कई बार विरोध व्यक्त करते हुये अधिवक्तागण द्वारा उक्त उप निबन्धक द्वारा की जा रही अनियमितताओं व भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में बार बार अवगत कराये जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्यवाही न होने से अधिवक्तागण बेहद दुखी व निराश है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में सभी राजस्व अधिवक्तागण द्वारा आरोपित चक बन्दी व तहसील न्यायालयों में सम्मान पूर्वक कार्य करने में असमर्थ होने के कारण न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया है। सभी अधिवक्तागणों का विनम्र अनुरोध है कि उप जिलाधिकारी कन्नौज के पद पर तैनात सुश्री वैशाली (ज्वाइंट मजिस्ट्रेट) व तहसीलदार कन्नीज पद पर कार्यरत अर्पित कुमार यादव (ज्वाइंट मजिस्ट्रेट) को तत्काल स्थानान्तरित किया जाए तथा चकबन्दी व राजस्व न्यायालयों व कार्यालयों में व्याप्त अनियमितताओं भ्रष्टाचार व उदासीनता से सम्बन्धित शिकायतों को यथाशीघ्र निस्तारण करवाया जाये।

वकीलों ने चेतावनी दी है कि जब तक उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तब तक सभी अभिवक्तागण तहसील कन्नौज स्थित सभी चकबन्दी व राजस्व न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहेगें।

## कन्नौज: कम्बल की रस्सी बनाकर जिला जेल से दो कैदी फरार

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। स्थित जिला जेल से दो बंदी फरार हो गए हैं। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है और मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई है। डीएम और एसपी ने घटना की सूचना मिलते ही जिला जेल का स्वयं निरीक्षण किया और कड़ी तथा विस्तृत जांच के आदेश दिए है। सूत्रों के अनुसार, फरार हुए बंदियों ने कंबलों को आपस में बांधकर जेल की ऊंची दीवार पर चढ़ाई की और फिर वहां से भाग निकले। इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। भागने वाले बंदियों के नाम अंकित और डिम्पी उर्फ शिवा बताए जा रहे हैं। फिलहाल, जेल प्रशासन और पुलिस अधिकारी इस मामले की गुपचुप तरीके से जांच में जुटे हैं हालांकि, अभी तक इस घटना की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मामले की जानकारी होते ही समाधान दिवस छोड़कर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और एसपी बिनोद कुमार जिला जेल के लिए निकल गए हैं। जिला जेल मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर अनौगी गांव के पास है। जेल से फरार बंदी अंकित पुत्र प्रेम चंद्र तालग्राम का रहने वाला था और ये 3/25 आर्म्स एक्ट में जेल में बंद था। वहीं दूसरा आरोपी डिम्पी उर्फ शिवा पुत्र चमन लाल मलगवां थाना ठठिया का रहने वाला था और पॉक्सो एक्ट में जेल में बन्द था।

## कन्नौज: जिला जेल से भाग निकले दो विचाराधीन बन्दी, जेलर समेत चार निलम्बित

### कारागार अधीक्षक समेत सभी की जांच करेंगे डीआईजी जेल कानपुर

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिला जेल की करीब 22 फीट ऊंची दीवार फांदकर 2 कैदी फरार हो गए। रविवार रात जेल में न्यू ईयर की पार्टी रखी गई थी ! अफसर-कर्मचारी और उनका परिवार पार्टी / डांस में मशगूल था। पार्टी का फायदा उठाकर कैदियों ने कंबलों को आपस में जोड़ा और दीवार को फांदकर भाग निकले। रात में जेल के सभी कैदियों को बैरक भेजा गया, लेकिन गिनती नहीं हुई थी। सोमवार सुबह 11 बजे जब सभी कैदी निकाले गए तो गिनती में दो कैदी कम निकले। पहले जेल प्रशासन इसे छिपाने की कोशिश करता रहा और खोजबीन जारी रखी लेकिन डीएम को इस बात की भनक लग गई। वे समाधान दिवस छोड़कर जिला जेल पहुंचे। तब जेल प्रशासन ने उनके सामने सच्चाई कबूली। डीएम ने शासन को रिपोर्ट दी है। शासन ने बैरक प्रभारी शिवेंद्र सिंह यादव, हेड जेल वार्डर शिवचरण, डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद, जेलर विनय प्रताप सिंह को सस्पेंड कर दिया है। जेल अधीक्षक के खिलाफ जांच के आदेश दिए गए हैं। कानपुर रेंज के डीआईजी जेल को जांच अधिकारी बनाया गया है।

जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर अनौगी गांव के पास जिला जेल है। जेल से भागने वाले कैदी अंकित और डिम्पी उर्फ शिवा शातिर अपराधी हैं। दोनों कन्नौज के रहने वाले हैं। अंकित पुत्र प्रेम चंद्र का घर तालग्राम में है, उसे 10 जून, 2025 को चोरी और अवैध असलहे के साथ पकड़ा गया था। उस पर पुलिस ने 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। दूसरा कैदी डिम्पी उर्फ शिवा मलगवां थाना क्षेत्र ठठिया का रहने वाला था। उसने एक नाबालिग लड़की के साथ रेप किया था। वह 20 दिसंबर, 2025 को पॉक्सो एक्ट में जेल भेजा गया था। दोनों विचाराधीन बंदी है।

## कन्नौज: विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा मार्च तक शुरू करें डिजिटल लायब्रेरी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मनरेगा, गो आश्रय स्थल, स्वच्छ भारत मिशन, आवास आदि योजनाओं की संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद की समस्त गौशालाओं में गोवंशों को ठंड से बचाव हेतु व्यापक एवं प्रभावी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि 1365 लाभार्थियों को 2719 गोवंश पशुपालक किसानों को सुपुर्द





किए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी लाभार्थियों के खातों में निर्धारित धनराशि समय से प्राप्त हो रही है तथा इसकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाए जाने हेतु ठोस रणनीति के साथ कार्य किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य प्रगति पर है, जिसके तहत ग्राम पंचायतों से ₹75 लाख 320 की धनराशि ओएसआर के माध्यम से प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 1820 व्यक्तिगत शौचालयों की प्रोत्साहन धनराशि शीघ्र ही संबंधित लाभार्थियों के खातों में पहुंचाई जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 599 सफाई कर्मी पंचायतों में कार्यरत हैं, जिनका प्रशिक्षण कराया जाए तथा प्रशिक्षण के दौरान उनके कार्य दायित्वों की स्पष्ट जानकारी दी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के अंतर्गत प्रथम किश्त शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, उन्होंने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी 30 मार्च तक अनिवार्य रूप से संचालित हो जानी चाहिए। उन्होंने पंचायत उत्सव भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा में बताया गया कि 23 अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जबकि 3 स्थानों पर विवाद की स्थिति है, जिनका शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इस सप्ताह कार्य में स्पष्ट प्रगति दिखाई देनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिला धिकारी (वि0/ रा0) देवेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कन्नौज: लेखपाल की मिलीभगत की जांच करने तहसीलदार को मौके पर भेजा गया

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 58 में से 7 शिकायतें मौके पर ही निस्तारित

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। सदर तहसील में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जनसुनवाई के दौरान कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष 51 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादी अमर सिंह द्वारा ग्राम सलेमपुर तारा बांगर में ग्राम प्रधान द्वारा अवैध रूप से मकान, पंचायत भवन एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराए जाने, रुपये लेकर प्रार्थी की भूमिधरी भूमि पर जबरन निर्माण एवं लेंटर डलवाए जाने तथा लेखपाल से मिलीभगत की शिकायत की गई। इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि वे एसएचओ के साथ आज ही मौके पर जाकर जांच कर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त





शिकायतों के निस्तारण में क्वालिटी पर विशेष फोकस किया जाए। भूमि विवाद, पट्टा, खतौनी प्रविष्टि आदि मामलों की निगरानी तहसीलदार स्वयं करें तथा संबंधित लेखपाल पूर्ण जानकारी रखें। आवास एवं पेंशन योजनाओं के संभावित लाभार्थियों की सूची पूर्व से तैयार रखने के निर्देश दिए गए, ताकि लक्ष्य प्राप्त होते ही पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आईजीआरएस मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजि लाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## कन्नौज: किसान सम्मान पाना हो तो फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लें: डी डी एजी

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को अवगत कराया है कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य अभियान के रूप में किया जा रहा है, जो कृषकों के हित में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को कृषि ऋण, फसली ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अवसंरचना फंड सहित कृषि विकास से संबंधित अन्य ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी, साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सम्मिलित होने तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद हेतु ऑनलाइन पंजीकरण भी संभव हो सकेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किस्त प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य है। जिन कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं होगी, उनकी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त बाधित हो सकती है। फार्मर रजिस्ट्री से पीएम किसान योजना के संतृप्तिकरण में सहायता मिलेगी तथा किसान क्रेडिट कार्ड, फसल ऋण एवं अन्य कृषि ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल होगी। इसके अतिरिक्त फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगी तथा आपदा प्रबंधन के अंतर्गत कृषकों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु उनके चिन्हांकन में भी सुविधा होगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय के लिए कृषकों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से हो सकेगा और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराए जाने में कृषि एवं संबद्ध विभागों को फार्मर रजिस्ट्री में उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर पारदर्शी एवं सुचारु वितरण करने में सहायता मिलेगी, जिससे लाभार्थियों को बार-बार सत्यापन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही कृषकों को समय पर वांछित परामर्श, विभिन्न संस्थाओं से संपर्क के अवसर तथा नवोन्मेषी कार्यक्रमों के विस्तार में भी लाभ प्राप्त होगा। उप निदेशक कृषि ने बताया कि कृषक फार्मर रजिस्ट्री हेतु विकसित वेब पोर्टल https://upfr.a gristack.gov.in अथवा मोबाइल एप Farmer Re gistry UP के माध्यम से स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित जन सेवा केंद्रों (CSC) पर निर्धारित शुल्क देकर फार्मर रजिस्ट्री कराई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व विभाग, कृषि विभाग, पंचायत राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्मिकों द्वारा भी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया जा रहा है।

उप निदेशक कृषि ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील की है कि वे शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री कराकर शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करें।

# पटना में कोचिंग के लिए घर से निकला छात्र एक सप्ताह से लापता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र से कोचिंग जाने के लिए घर से निकला 17 वर्षीय छात्र बीते एक सप्ताह से लापता है। काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों का सब्र टूट गया और उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में प्रदर्शन किया। मामला अब सिर्फ एक गुमशुदगी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि परिजन किसी अनहोनी की आशंका भी जता रहे हैं। लापता छात्र की पहचान मसौढ़ी निवासी किसान चिंटू शर्मा के 17 वर्षीय बेटे रोहित शर्मा के रूप में हुई है। रोहित इंटरमीडिएट का छात्र है और पढ़ाई के लिए नियमित रूप से कोचिंग जाया करता था। परिवार के अनुसार वह शांत स्वभाव का लड़का है और घर में किसी से उसका कोई विवाद नहीं था। रोहित अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है, इसलिए उसके अचानक गायब हो जाने से पूरा परिवार सदमे में है। परिजनों के मुताबिक, 29 दिसंबर को रोहित रोज की तरह कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। उस दिन के बाद से वह वापस नहीं लौटा। पहले तो परिवार ने सोचा कि शायद किसी दोस्त के यहां रुक गया होगा, लेकिन जब काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली तो चिंता बढ़ गई। उसी दिन परिजनों ने मसौढ़ी थाना में जाकर रोहित की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान कुछ सीसीटीवी फुटेज सामने आए, जिनमें रोहित को एक सड़क पर पैदल जाते हुए देखा गया। इसके बाद से उसकी कोई गतिविधि सामने नहीं आई। सबसे चिंताजनक बात यह है कि रोहित का मोबाइल फोन उसी समय से स्विच ऑफ आ रहा है। न तो किसी कॉल का जवाब मिला और न ही कोई संदेश। मोबाइल बंद होने से उसकी लोकेशन ट्रेस करने में भी पुलिस को कठिनाई हो रही है, जिससे परिजनों की बेचैनी और बढ़ गई है। एक सप्ताह तक कोई ठोस जानकारी न मिलने से नाराज परिजनों ने रविवार की देर रात मसौढ़ी थाना परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि लापता छात्र की तलाश में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते गंभीरता से जांच होती तो शायद अब तक रोहित का पता चल चुका होता। प्रदर्शन के दौरान परिवार के सदस्य भावुक नजर आए और उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द बच्चे को ढूंढने की मांग की। रोहित के पिता चिंटू शर्मा ने बताया कि उनका बेटा घर से हंसते हुए निकला था और किसी तरह की परेशानी या तनाव में नहीं दिख रहा था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घर में किसी प्रकार का झगड़ा या प्रताड़ना जैसी कोई बात नहीं हुई थी। अपने इकलौते बेटे के लापता होने से वे मानसिक रूप से टूट चुके हैं और हर पल किसी अनहोनी की आशंका उन्हें परेशान कर रही है। इस मामले में मसौढ़ी थाना प्रभारी विवेक कुमार भारती ने परिजनों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पुलिस पूरी गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि लापता छात्र की तलाश के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और विभिन्न संभावित स्थानों पर पुलिस टीम भेजी गई है। थाना प्रभारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि घर के लोगों की कथित प्रताड़ना के बाद छात्र अचानक कहीं चला गया। हालांकि परिजन इस दावे को पूरी तरह से नकार रहे हैं। पुलिस का कहना है कि छात्र की तलाश मोबाइल लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है। इसके अलावा छात्र के दोस्तों, कोचिंग सेंटर और आसपास के इलाकों में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में कोई ठोस सुराग हाथ लगेगा और छात्र को सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।

# आजसू नेताओ ने कार्य का किया विरोध।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत देवी महतो कॉलेज मोड से महुवाटांड़ ( पेंक) डेगागढ़ा , सियारी , मुंगोरंगामाटी (जिसकी कुल लंबाई 31485 किलो मीटर) पथ का चोडीकरण एवं मजबूती करण कार्य हेतु पथ के आरोखन में पड़ने वाले भूमि के अनापत्ति प्रमाण निर्गत के संबंध में ग्राम सभा का आयोजन भलमारा, नावाडीह, बरई, पोखरिया, नारायणपुर, पेंक, मुंगोरंगामाटी इन पंचायत में संबंधित क्षेत्र के मुखिया, वनक्षेत्र पदाधिकारी,(खरपिटो एवं बेरमो) पंचायत सचिव, राजस्व उपनिरीक्षक, वन अधिकार समिति (अध्यक्ष एवं सचिव) के उपस्थिति में ग्राम सभा कर के कार्य को किया जाना था परंतु इस कार्य में ठिकेदार बिल्कुल ठकेदार की तरह कार्य को किए जा रहा है। संसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने कहा कि कार्य में पुल निर्माण में न ही लेवर को हैंड ग्लाफ्स न ही मिस्त्री को किसी प्रकार का ग्लाफाश की सुविधा दिए है मजदूरों के माथे में किसी प्रकार का कोई भी सेफ़्टी हेलमेट उपलब्ध नहीं करवाया गया है। यहां तक कि लेवर को मजदूरी दर भी उचित नहीं दिया जा रहा है ऊपरघाट के ग्रामीणों को बहला - फुसला के बेकूफ बना के कार्य को किया जा रहा है । इसलिए जब तक उचित रूप से रेती जमीन का नापी कर नहीं लिया जाए काम को बंद ही रहने दिया जाए, वही बरई पंचायत के बनकटवा युवा वार्ड प्रदीप महतो ने फोन से संपर्क कर पथ निर्माण के जेई आलोक जी से बात कर कहा कि इस रोड की उचित जांच कर ही कार्य को प्रारंभ करे चुकी नाली में साधारण छड़ और सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है । उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य का विरोध कर कार्य को हमेशा के लिए बंद करवा दिया जाएगा जिसका जवाब देह आप होंगे । मौके में श्यामलाल महतो, कैलाश मंडल, नारायण महतो, परमेश्वर महतो मेघलाल महतो उपस्थित थे ।

# पटना में सीएम ने किया पूर्व उप मुख्यमंत्री का प्रतिमा का अनावरण

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को राजधानी पटना स्थित राजेंद्र नगर पहुंचे, जहां उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी की स्मृति में बनाए गए सुशील कुमार मोदी स्मृति पार्क का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पार्क परिसर में स्थापित सुशील कुमार मोदी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण भी किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, मंत्रीगण, राजनीतिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी सहित नीतीश कुमार कैबिनेट के कई वरिष्ठ मंत्री उपस्थित थे। इसके अलावा विभिन्न दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और सुशील कुमार मोदी के समर्थकों ने भी समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम का माहौल भावनात्मक रहा, जहां वक्ताओं ने सुशील कुमार मोदी के सार्वजनिक जीवन, उनकी राजनीतिक यात्रा और बिहार के विकास में उनके योगदान को विस्तार से याद किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सुशील कुमार मोदी ने बिहार की राजनीति में अपनी अलग और विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि सुशील कुमार मोदी ईमानदारी, सादगी और सिद्धांतों की राजनीति के लिए जाने जाते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मृति पार्क का निर्माण उनके इन्हीं मूल्यों और योगदानों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है। नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि सुशील कुमार मोदी का राजनीतिक जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहकर भी किस तरह मयार्दा, संवाद और सहयोग के साथ राजनीति की जा सकती है, इसका उदाहरण सुशील कुमार मोदी ने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह स्मृति पार्क न सिर्फ एक हरित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा, बल्कि लोगों को उनके जीवन और विचारों से सीख लेने का अवसर भी देगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सुशील कुमार मोदी ने बिहार को आर्थिक और प्रशासनिक रूप से मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकासोन्मुख सोच के लिए सुशील कुमार मोदी को हमेशा याद किया जाएगा। वहीं मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि स्मृति पार्क बिहार की राजनीतिक और सामाजिक विरासत को संजोने का एक महत्वपूर्ण कदम है। राजेंद्र नगर क्षेत्र में विकसित यह स्मृति पार्क आम नागरिकों के लिए एक नया सार्वजनिक स्थल होगा। पार्क में हरियाली, बैठने की व्यवस्था और सुशील कुमार मोदी के जीवन से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की गई हैं, ताकि यहां आने वाले लोग उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा ले सकें। स्थानीय लोगों ने भी पार्क के उद्घाटन का स्वागत करते हुए कहा कि इससे इलाके को एक नई पहचान मिलेगी और लोगों को एक शांत व प्रेरणा दायक स्थान मिलेगा।

# राष्ट्रीय त्रिशक्ति सैनिक कल्याण संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता रामानुज गुप्ता गढ़वा मे ब्लड डोनेट करके एक बच्चे की जान बचाई।

**समाज जागरण दीपक सरकार**





पलामू :राष्ट्रीय त्रिशक्ति सैनिक कल्याण संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता रामानुज गुप्ता डाल्टनगंज में संगठन के मीटिंग में गए हुए थे,इसी दौरान सूचना मिली की एक सैनिक के बालक का एक्सीडेंट हो गया है और वह डॉक्टर राहुल अग्रवाल के यहां एडमिट है अति शीघ्र उसे ब्लड की आवश्यकता है यह बात सुनते ही रामानुज गुप्ता मीटिंग से भागते हुए अस्पताल पहुंचे और उन्होंने तुरंत ब्लड देकर के बच्चे की जान बचाई। राष्ट्रीय त्रिशक्ति सैनिक कल्याण संगठन समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

# राष्ट्रीय त्रिशक्ति सैनिक कल्याण संगठन के सदस्यों के द्वारा मिलन समारोह का आयोजन

**समाज जागरण दीपक सरकार**



पालामू : नव वर्ष की शुभ अवसर पर राष्ट्रीय त्रिशक्ति सैनिक कल्याण संगठन,झारखंड के सदस्यों के द्वारा लक्ष्मी निवास महावीर नगर रांची रोड रेडमा, मेदनी नगर, पलामू में हॉनरेरी लेफ्टिनेंट श्री बैजनाथ तिवारी (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में सैनिक मिलन समारोह के कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित करके भारत माता की पुष्प समर्पित करते हुए शहीद सैनिकों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया गया। जिसमे भूतपूर्व सैनिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य नव वर्ष के शुभ अवसर पर आपस में मिलकर संगठन को मजबूत करते हुए जन कल्याण की भावना के साथ विस्तार करने पर बल दिया गया। सैनिक एवं सैनिक परिवारों के सहयोग के साथ-साथ आम जनता को एक सैनिक किस प्रकार से मदद कर सकता है इस पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना सुझाव दिया अंत में भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित राजीव दुबे, रत्नमणि गुप्ता ,बलवीर चौधरी, धनंजय कुमार मेहता , किशोर कुमार तिवारी नीतीश कुमार तिवारी उपेंद्र कुमार गुप्ता, कुंदन सिंह कमलेश तिवारी ,अविनाश कुमार तिवारी,अभिषेक तिवारी, विकास तिवारी,बहादुर प्रसाद गुप्ता ( सेवानिवृत्त) सुधीर चौबे ( सेवा निवृत्त) डुमरिया श्री बैजनाथ तिवारी (सेवानिवृत्त)कांडी श्री बलवीर चौधरी (सेवानिवृत्त)चैनपुर श्री रविंद्र उरांव,जोड़ श्री नवल किशोर पाण्डेय (सेवानिवृत्त), गढ़वा श्री रामानुज गुप्ता ( सेवा निवृत्त) रंकाराज श्री दिलीप तिवारी,नगर उटारी श्री सुनील कुमार चौबे (सेवानिवृत्त),चैनपुर शौकत अंसारी (सेवानिवृत्त)बेलचंपा श्री पिंटू कुमार सिंह,चैनपुर श्री दशरथ विश्व कर्मा(सेवानिवृत्त)चैनपुर मोहम्मद खालिद तनवर ( सेवा निवृत्त),चैनपुर एस के प्रजापति (सेवानिवृत्त),कारी आहर श्री मनोज सिंह, चैनपुर मोहम्मद सलामुद्दीन हक ( सेवा निवृत्त),डाल्टनगंज सुनील कुमार मेहता(सेवानिवृत्त),पांकीश्री आकाश सिंह,गाड़ा कसनप श्री प्रकाश कुमार तिवारी,बैरिया श्री पंकज तिवारी (सेवानिवृत्त),शाहपुर महाराणा प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त) चैनपुर रफीक अंसारी ( सेवा निवृत्त),गढ़वा श्री कामेश वरतिवारी (सेवानिवृत्त),गढ़वा श्री आशीष कुमार पाण्डेय ( सेवानिवृत्त),मनिका श्री सुनील कुमार सिंह ( सेवा निवृत्त),गढ़वा श्री अरुण सिंह (सेवानिवृत्त) गढ़वा श्री सुरेंद्र राम (सेवा निवृत),गढ़वा श्री अरविंद ठाकुर (सेवानिवृत्त),गढ़वा श्री सीता राम पाल ( सेवा निवृत) ,अचला नावाडीह श्री अशोक तिवारी ( सेवा निवृत्त)अमवा श्री विकास कुमार मिश्रा (सेवानिवृत्त) मौजूद रहे।

# मुआवजे को लेकर अटका था शव, समाजसेवियों की पहल से घर लाया जा रहा मृतक

ऊपरघाट के मृतक प्रवासी मजदूर के परिजनों से मिले प्रवासी के हितैशी समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महतो , संस्था के प्रयास से मिला मुवाजा, अस्पताल से उठा शव ।

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता - समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित बरई पंचायत के जुरामना निवासी नारायण महतो के पुत्र उमेश महतो मुम्बई में एसएन इंजीनियरिंग कंपनी में काम करता था। जिन्हें 31 दिसंबर को कार्य के दौरान विद्युत स्पर्धात से मौत हो गया था। कंपनी के द्वारा मुआवजा नहीं मिलने के कारण शव साथी लोग नहीं उठा रहे थे। सुचना मिलते हीं प्रवासी मजदूर में हितार्थ में काम करने वाले समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो ने मृतक के घर पहुँचकर परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया। और अपने सहयोगी आदर्श श्रमिक एकता सामाजिक संस्था से संपर्क कर परिजन को उचित मुवाजा दिलाने में सफल रहे। बता दे की संस्था के हेमंत महतो अपने सहयोगियों के साथ मुम्बई अस्पताल पहुंचकर कंपनी के सचिन कुमार से वार्ता कर शव को झारखंड भेजा। वार्ता में तत्काल परिजनों के खाते में 3 लाख 21 हजार व बीमा का लाभ साथ ही ईपीएफ से परिजन को पेंशन दिया जाएगा। उमेश महतो अपने पीछे दिव्यांग पिता नारायण महतो, माता मुनिया देवी, पत्नी पायल देवी, पुत्र युवराज 2.5 वर्षीय व धीरज कुमार नौ माह सहित दो भाई को छोड़ गया। मृतक का शव 5वा दिन मंगलवार को सड़क मार्ग से घर पहुँचने की सम्भवना है। वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले नावाडीह प्रखण्ड (ऊपरघाट) निवाशी समाजसेवी भुनेश्वर कुमार महातो संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि रोजगार की तलाश में झारखंड के लोग बाहर जाते हैं. उनकी विभिन्न कारणों से मौत हो जाती है. प्रवासी मजदूरों की मौत की खबरें लगातार सामने आ रही हैं. राज्य सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए, ताकि मजदूरों के पलायन और इस तरह ह्दय विदारक घटनाएं रोके जा सके। आदर्श श्रमिक एकता सामाजिक संस्था के सदस्यों ने एक ही स्वर मे बताया कि अपार दुख की इस घड़ी में संस्था पीड़ित परिवार के साथ है. यह संस्था के सभी सदस्य इस परिवार का भाई व बेटा बनकर हरसंभव सहयोग करेंगे. बताया कि यह संस्था लाचार, बेवश और पीड़ित प्रताड़ित परिवारों के सुख दुख का भागीदार बनता है. इससे पूर्व भी कई पीड़ित परिवारों को अपेक्षित सहयोग किया गया है और मौका मिला तो आगे भी करते रहेंगे. इस संबंध में समाजसेवी नागेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपायुक्त, सीओ व बीडीओ को ट्वीट कर शव को पैतृक गांव लाने की गुहार लगाता रहा। मुम्बई में वार्ता में संस्था के हेमंत महतो, दौलत महतो, अर्जुन महतो, भीम महतो, लाल यादव सहित कई थे।

# श्री धर्मेंद्र प्रधान ने प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस भाषणों के उर्दू संकलन "खुत्बात-ए-मोदीः लाल किला की फसील से" नामक पुस्तक का विमोचन किया



केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज नई दिल्ली में "खुत्बात-ए-मोदीः लाल किले की फसील से" नामक पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 से 2025 के बीच लाल किले से दिए गए स्वतंत्रता दिवस भाषणों का संकलन है। उर्दू भाषा में प्रकाशित इस पुस्तक को राष्ट्रीय उर्दू भाषा संवर्धन परिषद (एनसीपीएल), नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है, जो शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक राष्ट्रीय संस्था है और जिसका उद्देश्य देशभर में उर्दू भाषा का संरक्षण, संवर्धन और प्रसार करना है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने उर्दू में खुत्बात-ए-मोदी के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे भाषाई समावेशन की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। मंत्री महोदय ने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषणों में अंत्योदय (अंतिम व्यक्ति का उत्थान), गरीबों का कल्याण, स्वच्छ भारत, राष्ट्रीय एकता और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं जैसी पहलों पर बल दिया गया है, जो नए भारत के विजन को दशार्ती हैं। श्री प्रधान ने कहा कि इस प्रकार के प्रकाशन नागरिकों को प्रधानमंत्री के विचारों, विकासात्मक प्राथमिकताओं और विजन से सीधे जोड़ने का एक शक्तिशाली माध्यम हैं, जिससे व्यापक सार्वजनिक जुड़ाव और सूचित विमर्श संभव हो पाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक देश भर के पुस्तकालयों में अपनी जगह बनाएगी, जिससे छात्रों, विद्वानों और पाठकों को विकसित भारत के विजन पर व्यापक संवाद में शामिल होने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्री महोदय ने इस बात पर जोर दिया कि एनसीपीयूएल को सक्रिय रूप से भारत की विरासत, संस्कृति, जीवनशैली और ज्ञान परंपराओं से संबंधित रचनाओं को उर्दू में प्रकाशित करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। श्री प्रधान ने इस सराहनीय पहल के लिए एनसीपीयूएल को बधाई दी और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। खुत्बात-ए-मोदी नए भारत की परिवर्तनकारी यात्रा को अभिव्यक्त करती है और प्रमुख राष्ट्रीय संबोधनों को उर्दू पाठकों तक पहुंचाकर भाषाई समावेशन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुनःपुष्टि करती है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्रालय के सचिव (उच्च शिक्षा) डॉ. विनीत जोशी; भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष पद्मश्री चामु कृष्ण शास्त्री; एनसीपीयूएल के निदेशक डॉ. शम्स इकबाल; अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय की कुलपति प्रो. नाइमा खातून; एनसीएमईआई के अध्यक्ष डॉ. शाहिद अख्तर; शिक्षा मंत्रालय की सलाहकार (लागत) श्रीमती मनमोहन कौर; शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रीमती रीना सोनोवाल कौली; शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री पी.के. बनर्जी तथा शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में एनसीसी कैडेटों को संबोधित किया

उपराष्ट्रपति ने कैडेटों से कहा आप नए भारत की पहचान हैं उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने 5 जनवरी, 2026 को दिल्ली कैंट स्थित डीजी एनसीसी कैंप में राष्ट्रीय कैडेट कोर गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 का उद्घाटन किया। देश भर के 17 एनसीसी निदेशालयों से 898 महिला कैडेट सहित कुल 2406 कैडेट गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) 2026 में भाग ले रहे हैं, जिसका समापन 28 जनवरी, 2026 को प्रधानमंत्री रैली के साथ होगा। ये कैडेट सर्वश्रेष्ठ कैडेट प्रतियोगिता, लघु शस्त्र फायरिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गणतंत्र दिवस परेड मार्चिंग दस्ते जैसे कई कार्यकलापों में भाग लेंगे। सेना, नौसेना और वायु सेना से आए एनसीसी कैडेटों ने उपराष्ट्रपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद गुवाहाटी स्थित सेंट फ्रांसिस डी सेल्स स्कूल, एनईआर निदेशालय की छात्राओं ने बैंड की मनमोहक प्रस्तुति दी । उपराष्ट्रपति ने एनसीसी हॉल ऑफ फेम का भी दौरा किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को संबोधित करते हुए युवाओं और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य अनुशासित, कुशल और मूल्यों से प्रेरित युवाओं पर निर्भर करता है, जिसमें एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति ने एनसीसी की 78 साल की विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी ने लगातार जिम्मेदार, आत्म विश्वासी और देशभक्त नागरिकों का पोषण किया है जो वर्ष 2047 में विकसित भारत की नींव रखेंगे। उपराष्ट्रपति ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा - आप गणतंत्र दिवस शिविर में केवल प्रतिभागी नहीं हैं

# जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल ने 17वीं ईटीएफ बैठक की अध्यक्षता की

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा गंगा नदी पुनरुद्धार के लिए एकीकृत और व्यापक ड्रेन मॉनिटरिंग डैशबोर्ड और स्मार्ट एसटीपी निगरानी तंत्र के माध्यम से नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी संचालित पहल की जा रही है प्रौद्योगिकी आधारित नदी पुनरुद्धार कार्य को गति प्रदान करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में आज अधिकार संपन्न कार्य समूह-ईटीएफ की 17वीं बैठक हुई। बैठक में नमामि गंगा कार्यक्रम के तहत आंकडों पर आधारित निर्णय लेने तथा निगरानी तंत्र और अनुपालन ढांचे मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें जल निकासी मानचित्रण और सीवेज उपचार ढांचे की बेहतर निगरानी पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी तथा विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों के प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। इनमें जल संसाधन सचिव श्री वी एल कंथा राव, पेयजल एवं स्वच्छता सचिव श्री अशोक के के मीणा, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन-एनएमसीजी महानिदेशक श्री राजीव कुमार मित्तल, जल संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार श्री गौरव मसालदन, एनएमसीजी के उप महानिदेशक श्री नलिन श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक श्री बृजेंद्र स्वरूप, तकनीकी कार्यकारी निदेशक श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव; प्रशासनिक कार्यकारी निदेशक श्री एस पी वशिष्ठ, वित्त कार्यकारी निदेशक श्री भास्कर दासगुप्ता, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव श्री अनुराग श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक-उत्तर प्रदेश श्री जोगिंदर सिंह, शहरी विकास प्रधान सचिव बिहार श्री संदीप, पश्चिम बंगाल स्वच्छ गंगा राज्य मिशन की परियोजना निदेशक सुश्री नंदिनी घोष, झारखंड के परियोजना निदेशक श्री सूरज तथा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन तथा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में केन्द्र सरकार के विद्युत मंत्रालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। जल शक्ति मंत्री ने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए वर्तमान वर्ष में प्रदूषण नियंत्रण की 15 अवसंरचना परियोजनाएं पूरी होने की सराहना की और इसे गंगा पुनरुद्धार के निरंतर प्रयासों की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह बेहतर समन्वय, प्रभावी निगरानी और केन्द्रित कार्यान्वयन दशार्ता है, जिससे नदी के दीर्घकालिक पुनरुद्धार का मजबूत आधार तैयार हुआ है। इसमें उत्तर प्रदेश छह परियोजनाएं पूरी कर अग्रणी रहा, जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल ने क्रमशः चार और तीन परियोजनाएं पूरी की। उत्तराखंड और दिल्ली ने भी एक-एक परियोजना पूर्ण की। बैठक में उपचारित अपशिष्ट जल के दोबारा इस्तेमाल, पैलियो-चैनल आधारित एक्विफर मैपिंग जैसे नवीन और अनुसंधान-आधारित समाधान अपनाने, जैव उपचार और नवीन सीवरेज उपचार परियोजनाओं, कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य संबंधित पहल पर जोर दिया गया। ये पहल संवहनीय और अनुकूल नदी प्रबंधन ढांचे के लिए आवश्यक हैं। श्री पाटिल ने सभी राज्यों को राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप उपचारित जल के सुरक्षित दोबारा उपयोग नीति शीघ्रता से पूरी करने के निर्देश दिये। नीतिगत प्रावधानों, स्पष्ट निर्धारित लक्ष्यों और अनुकूल परिस्थिति निर्मित कर राज्यों में उपचारित जल के सुरक्षित दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। श्री पाटिल ने उत्तर प्रदेश में गंगा नदी की जल निकासी प्रणाली (प्राकृतिक और मानव निर्मित) मानचित्रण और विश्लेषण मॉड्यूल तथा जियोटैग्ड वीडियोग्राफी के साथ जीआईएस- आधारित विजु अलाइजेशन डैशबोर्ड विकसित करने हेतु हवाई सर्वेक्षण परियोजना के कार्यान्वयन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नमामि गंगा परियोजना के अंतर्गत अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित समर्थन के लिए उन्नत भू-स्थानिक प्रौद्योगिकियों के लिए इस पहल का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में गंगा के मुख्य मार्ग पर उच्च-रिज़ॉल्यूशन क्षमता के हवाई सर्वेक्षण पूरे हो गये हैं, जिससे सटीक भू-स्थानिक डेटासेट तैयार हुआ है। इन्हें 2डी और 3डी विजुअलाइजेशन क्षमता वाले लाइव जीआईएस-आधारित ड्रेन डैशबोर्ड में समेकित किया जा रहा है। यह डैशबोर्ड बेसिन में प्रदूषण निगरानी, प्रदूषण के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान और निकासी के सुधार उपायों को प्राथमिकता देने में सहायक है। इस विशिष्ट पहल में लेजर प्रकाश के उपयोग से वस्तुओं की दूरी और पर्यावरण का सटीक 3डी मानचित्र बनाने वाली एक रिमोट सेंसिंग तकनीक -लिडार प्रणाली आधारित वैज्ञानिक डेटा को ड्रोन सर्वेक्षण से प्राप्त दृश्य डेटा के साथ जोड़ा गया है। श्री पाटिल ने जिला गंगा समितियों द्वारा समय पर जमीनी स्तर पर सत्यापन, राज्यों और विभागों में बेहतर तालमेल और भागीदारी पर जोर दिया ताकि लक्षित कार्यों द्वारा निकासी आधारित प्रदूषण प्रबंधन बेहतर बनाया जा सके। यह पहल विशेष रूप से प्राथमिक नाले (प्रमुख नदियों, मुख्य सीवर लाइनों या बड़े शहरी तूफानी जल नालों से पानी एकत्र करना और उसे बाहर निकालने वाली), द्वितीयक ( आवासीय क्षेत्रों, छोटे औद्योगिक पार्कों या मध्यम आकार के कृषि क्षेत्रों से जल निकासी) और तृतीयक नालों (व्यक्तिगत घरों के गटर, खेतों की सिंचाई नालियां, या सड़कों के किनारे की नालियां) और उनमें निहित प्रदूषण भार की पहचान के साथ व्यापक और सटीक डीपीआर तैयार करने में सहायक होगी। अधिकार संपन्न कार्य समूह ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के वार्षिक लेखा-खातों को स्वीकृति दी और वित्तीय अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया। जल शक्ति मंत्री ने लंबित उपयोग प्रमाणपत्र में कमी की भी सराहना की। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) की निगरानी और अनुपालन ढांचे को बेहतर बनाने के लिए

# अवैध ई-रिक्शा पर प्रशासन की सख्ती,एसडीएम-एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान, 20-25 टोटो जब्त

**वीरेंद्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज**



किशनगंज जिले में पश्चिम बंगाल से प्रवेश कर रहे अवैध ई-रिक्शा (टोटो) के खिलाफ सोमवार को प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। एसडीएम अनिकेत कुमार और एसडीपीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में सोमवार सुबह 6:00 से चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान बिना वैध दस्तावेजों और बंगाल नंबर प्लेट वाले करीब 20 से 25 टोटो जब्त किए गए। पश्चिम बंगाल से सटे होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में टोटो बिहार सीमा में प्रवेश कर यात्रियों का परिवहन करते हैं। इनमें से अधिकांश के पास न तो वैध परमिट होता है और न ही ड्राइविंग लाइसेंस, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर लगभग 200 से 300 ई-रिक्शा की जांच की गई। जांच से बचने के लिए कुछ चालक वाहन लेकर भागने लगे, हालांकि पुलिस की सतर्कता से कई टोटो को पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान कुछ चालकों ने रोजी-रोटी की मजबूरी बताई, जिसे देखते हुए कुछ मामलों में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। एसडीएम अनिकेत कुमार ने बताया कि जिन टोटो चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए, उनके वाहनों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई है। जिलाधिकारी विशाल राज के निर्देश पर इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। प्रशासन ने टोटो चालकों से अपील की है कि वे सभी वैध कागजातों के साथ ही वाहन का संचालन करें, ताकि जाम और दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। सीमावर्ती इलाकों में अवैध वाहनों पर रोक लगाने की दिशा में इस कार्रवाई को एक अहम कदम माना जा रहा है।

# 11 केवी विद्युत तार चोरी कांड का उद्भेदन, 5 गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिले के पहाड़कट्टा एवं पोठिया थाना क्षेत्र में 11 केवी विद्युत तार काटकर की गई चोरी की घटनाओं का किशनगंज पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का तार, वाहन एवं अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के अनुसार 11 एवं 21 दिसंबर 2025 को पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र तथा 11 एवं 26 दिसंबर 2025 को पोठिया थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि के समय 11 केवी विद्युत तार काटकर चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में दोनों थानों में अलग-अलग कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना के आधार पर सूचना मिली कि चोरी किया गया तार मालवाहक टेम्पो से इस्लामपुर की ओर ले जाया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनकी निशानदेही पर दो अन्य अभियुक्तों को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से करीब 220 मीटर चोरी का विद्युत तार (5 बंडल), लोहे का चढ़ने वाला चप्पल, एक मालवाहक टेम्पो (BR07P-1964) तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। मामले का अनुसंधान जारी है।

# किशनगंज में जिला पर्यावरण एवं गंगा समिति की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला पदाधिकारी विशाल राज की अध्यक्षता में समाहरणालय कार्यालय में जिला पर्यावरण समिति, जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), फॉरेस्ट टास्क फोर्स और सिंगल यूज प्लास्टिक टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और जिले में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, प्लास्टिक नियंत्रण और बायो-मेडिकल कचरे के निस्तारण पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने अवैध संचालन और बायो-मेडिकल वेस्ट के गलत निष्पादन के मामलों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। चूड़ीपट्टी क्षेत्र में पूर्व में अवैध संचालित 14 पैथोलॉजी एवं नर्सिंग होम को सील कर अर्थदंड लगाया गया है। उन्होंने जिले के सभी निजी अस्पतालों में बायो-मेडिकल कचरे के उचित निस्तारण और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर परिषद ने बताया कि 15 जनवरी तक शहर में सभी पुराने डस्टबिन बदलकर नए डस्टबिन लगाए जाएंगे। जिला पदाधिकारी ने सड़कों पर बालू, गिट्टी या निर्माण सामग्री रखने पर अर्थदंड लगाने और आगामी सरस्वती पूजा के विसर्जन को नियमानुसार संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। बैठक में जंगली हाथियों से फसल क्षति के मामलों की समीक्षा भी की गई। जिला पदाधिकारी ने प्रभावित किसानों को शीघ्र सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पटना के पालीगंज में मनाई गई बृजा प्रसाद यादव की 6 वीं पुण्यतिथि

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज प्रखंड के रामपुर नगवां गांव में प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद् सह आरा एवं पाटलिपुत्र लोकसभा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि स्व० बृजा प्रसाद यादव की 6 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसके दौरान पालीगंज के विधायक डॉ. संदीप सौरभ, पूर्व एनडीए प्रत्याशी सुनील यादव, जदयू के महासचिव नंद किशोर कुशवाहा साहित कई लोगों ने बृजा प्रसाद यादव के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर पालीगंज बिधायक डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि बृजा प्रसाद यादव अपने अच्छे विचार व व्यक्तित्व के लिए जाने व पहचाने जाते है। जिनकी नाम पालीगंज के धरती पर आदर व सम्मान के साथ लिया जाता है और लिया जाएगा। पूर्व एनडीए प्रत्याशी सुनील यादव ने कहा कि बृजा बाबू का राजनीति उच्च कद का था। राजनीतक दल कोई भी हो सभी दलों के लोग से उनको मधुर संबंध थे। सच्चे मायने में वो पालीगंज के गांधी थे। उनके जैसे बनना कठिन है। उनके रास्ते पर चल कर समाज के पिछड़ेपन और गरीबी को मिटाया जा सकता है। वही जेडीयू नेता नन्द किशोर कुशवाहा ने बताया कि जब मैं राजनीतिक शुरूआत किया था उस समय से ही इन्होंने हमें सच्चा मार्गदर्शन देना सामाजिक चेतना के लिए जागरूक करने का पाठ पढ़ाने का काम किया। इनकी हर पुण्य तिथि में मै हर बार जरूर शामिल होता हूं। इन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में काफी जोरदार प्रयास किया। वही वरिष्ठ पत्रकार सह लेखक व समीक्षक वेद प्रकाश ने कहा कि वे हमसे उम्र में काफी बड़े थे। उनके साथ मुझे भी पालीगंज में निजी शिक्षक के रूप में पहचान बनी थी। 1996 से ही मुझे शिक्षण कार्य के डगर पर उनका साथ मिलता रहा। वे अक्सर हमसे मिलते थे और शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने के लिए विचार विमर्श करते रहते थे। उनके व्यक्तित्व व सुविचार को भुलाया नही जा सकता। वरिष्ठ पत्रकार शशांक शेखर मिश्र ने कहां आज बृजा बाबू जैसे समाज सुधारक की समाज में कमी है। उनके जैसे शिक्षक व समाजसेवी बनकर ईमानदारी के रास्ते पर चलना काफी कठिन है। उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने उन्हें अपना गार्जियन और पिता तुल्य मार्गदर्शक बताया। 1980 के समय में ही शिक्षा का अलख जगाने का काम किए। सभी अतिथियों का स्वागत बृजा प्रसाद यादव के पुत्र चंद्रेश नारायण, दुर्गेश नारायण व अखिलेश नारायण ने किया। मौके पर मोहन चौधरी, विनोद चंद्रवंशी, राधेश्याम यादव यादव, मुन्ना लाल खत्री, अरिसूदन यादव, बीजेपी के संदीप गुप्ता, गिरजा यादव, रवि यादव, विकाश आर्य, संतोष यादव, गांधी जी ने रामपुर नगवां में मौजूद संस्थान में किसी एक को उनके नाम करने का भरपूर आवाज उठाया। साथ ही सभी लोगो ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दिया।

# ट्रक में छुपा कर रखे बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने खैरा बाजार से एक ट्रक से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष एनटीपीसी परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के नासरीगंज निवासी रवि रंजन कुमार, पवन कुमार और उमेश कुमार के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि ट्रक से 60 पेटी रॉयल अंग्रेजी शराब तथा गॉडफादर अंग्रेजी शराब की 68 बोतल बरामद की गई है। गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध शराब कारोबार के पीछे के नेटवर्क का पता लगाया जा सके। थानाध्यक्ष ने कहा कि ट्रक और शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# हर घर तक स्वास्थ्य सेवा की मजबूत कड़ी बनी आशा

## आशा दिवस पर योजनाओं की समीक्षा, अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने पर जोर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता अहम भूमिका निभा रही हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, पोषण और परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर सफल बनाने में आशा कार्यकताओं के सतत प्रयासों से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिली है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरगंज के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखलकुर रहमान की अध्यक्षता में आशा दिवस के अवसर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न पंचायतों से आई आशा स्वास्थ्य कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण, सुरक्षित प्रसव, नवजात शिशु देखभाल, टीकाकरण, गैर-संक्रामक रोगों की पहचान, क्षय रोग उन्मूलन, परिवार नियोजन, पोषण एवं वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सहित सभी प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने कहा कि आशा स्वास्थ्य व्यवस्था की आधारशिला हैं। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, टीकाकरण की सफलता और रोग नियंत्रण में आशा का योगदान सराहनीय है। वहीं जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि आशा समाज में व्यवहार परिवर्तन की सबसे प्रभावी कड़ी हैं, जिनके प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा और दशा में निरंतर सुधार हो रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, परामर्शदाता एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# फाइलेरिया नियंत्रित होने वाली बीमारी, आत्म-देखभाल से मिलती है राहत

## पीएचसी टेढ़ागाछ में विधायक तौसीफ आलम की मौजूदगी में एमएमडीपी किट वितरण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है, जिसे समय पर आत्म-देखभाल और स्वच्छता अपनाकर बढ़ने से रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से सोमवार को पीएचसी टेढ़ागाछ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बहादुरगंज विधायक तौसीफ आलम की उपस्थिति में फाइलेरिया प्रभावित मरीजों को सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान 17 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की गई। किट में साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, तौलिया, टब, मग सहित आत्म-देखभाल से जुड़ी आवश्यक सामग्री शामिल थी। विधायक तौसीफ आलम ने कहा कि फाइलेरिया मरीजों को दवा के साथ-साथ सही मार्गदर्शन और सम्मानजनक देखभाल की आवश्यकता है, जिससे वे सामान्य जीवन जी सकें। इस अवसर पर 21 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया गया। बीएचएम अजय साह ने बताया कि प्रमाण-पत्र मिलने से लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार, अंचल अधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी टेढ़ागाछ उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि आत्म -देखभाल, स्वच्छता और जागरूकता से फाइलेरिया को नियंत्रित किया जा सकता है। वहीं वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिसर डॉ. मंजर आलम ने इसे साइलेंट बीमारी बताते हुए नियमित देखभाल पर जोर दिया।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने लाभार्थियों को एमएमडीपी किट के सही उपयोग, नियमित सफाई और व्यायाम की जानकारी दी। कार्यक्रम से यह संदेश दिया गया कि जनभागीदारी और आत्म-देखभाल से ही फाइलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# डेरामारी में झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई अधूरी, फिर से शुरू हुआ अवैध इलाज

— जनता के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डेरामारी क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर मो० जाकिर आलम उर्फ भोला द्वारा किए जा रहे अवैध चिकित्सा कार्य का मामला गंभीर रूप लेता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता हसीबुर रहमान द्वारा की गई शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच दल भेजा और हाल ही में संबंधित स्थल पर छापामारी की। जांच के दौरान अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर और लाखों रुपये मूल्य की संदिग्ध दवाइयाँ (ड्रग्स) बरामद की गईं। विभाग ने संपूर्ण रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में प्रकरण भी दर्ज किया है।

**चिंताजनक तथ्यः**

अब तक संबंधित दुकान को सील नहीं किया गया। इसका लाभ उठाते हुए झोलाछाप डॉक्टर पुनः अवैध रूप से दुकान संचालित कर रहे हैं और डेरामारी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों में अनधिकृत इलाज कर रहे हैं। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर खतरा भी है।

**शिकायतकर्ता की अपीलः**

हसीबुर रहमान ने जिला प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने जिला पदाधिकारी और

**सिविल सर्जन किशनगंज से अनुरोध किया है किः**

अवैध दुकान तुरंत सील की जाए।
झोलाछाप प्रैक्टिस पर सख्ती से रोक लगाई जाए। दोषियों के खिलाफ कानूनसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**जनता के लिए चेतावनीः**

ऐसे झोलाछाप और अवैध चिकित्सकों से इलाज न कराएँ।
अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए केवल पंजीकृत चिकित्सकों से ही उपचार कराएँ।

# आत्महत्या मामले में फरार आरोपियों पर पुलिस का शिकंजा, घरों पर ढोल-नगाड़े के साथ चस्पा हुआ इस्तेहार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

देवनन्दन उर्फ सुरजीत आत्महत्या प्रकरण में फरार चल रहे नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कड़ा कदम उठाया है। पहाड़कट्टा थाना कांड संख्या 127/25 के तहत दर्ज मामले में न्यायालय के निर्देश पर सोमवार को पुलिस ने आरोपियों के आवास पर ढोल-नगाड़े के साथ इस्तेहार चस्पा किया। इस मामले में छतरगाछ निवासी आदिल रब्बानी (पिता नूर आलम) और झिनाखोर निवासी जीशान (पिता अब्दुल रहमान) को आरोपी बनाया गया है। दोनों के विरुद्ध शारीरिक शोषण, आत्महत्या के लिए उकसाने तथा एससी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तारी से बचते रहने के कारण अदालत ने दोनों को फरार घोषित करते हुए सार्वजनिक रूप से आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। इस्तेहार चस्पा करने की कार्रवाई ठाकुरगंज इंस्पेक्टर पंकज कुमार पंथ के नेतृत्व में की गई। इस दौरान पोठिया थानाध्यक्ष अंजय अमन, पहाड़कट्टा थानाध्यक्ष फुलेन्द्र कुमार, अरार्बाड़ी थानाध्यक्ष कनक लता, छत्तरगाछ ओपी प्रभारी रामबहादुर शर्मा सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। अभियान के दौरान स्थानीय चौकीदारों के साथ भारी संख्या में सशस्त्र बल की तैनाती की गई थी। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जुटे रहे।

उल्लेखनीय है कि देवनन्दन उर्फ सुरजीत की मृत्यु के बाद परिजनों ने पहाड़कट्टा थाना में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

इस संबंध में ठाकुरगंज इंस्पेक्टर पंकज कुमार पंथ ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश होने का अंतिम मौका दिया गया है। निर्धारित समय में हाजिर नहीं होने पर कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# पटना स्थित कपड़ा दुकान में लगी भीषण आग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी पटना में सोमवार को एक कपड़े के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि उसकी लपटें और काला धुआं दूर से ही दिखाई देने लगा। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और लोग दहशत में घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस सक्रिय हो गई और मौके पर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। यह आग पटना के गोपालपुर थाना क्षेत्र के इलाहीबाग इलाके में स्थित एक कपड़े के गोदाम में लगी। बताया जा रहा है कि यह गोदाम व्यावसायिक रूप से कपड़ों के भंडारण के लिए इस्तेमाल किया जाता था और इसमें बड़ी मात्रा में कपड़े रखे हुए थे। जैसे ही आग लगी, उसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम से उठता धुआं और आग की ऊंची लपटें देखकर आसपास के लोग घबरा गए और तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। लोगों को आशंका थी कि आग आसपास की इमारतों तक न फैल जाए, क्योंकि इलाका घनी आबादी वाला है। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने अपने-अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बिना दमकल की मदद के उस पर काबू पाना संभव नहीं था।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार से पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने का काम शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए कई दिशाओं से पानी की बौछार की गई। गोदाम में कपड़े होने के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिससे दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग को नियंत्रित किया जा सका।प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि गोदाम में बिजली के तारों में अचानक आई खराबी के कारण चिंगारी निकली, जिसने वहां रखे कपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी। इस भीषण आग में गोदाम में रखा लाखों रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस और प्रशासन ने इस बात पर संतोष जताया कि सभी लोग सुरक्षित हैं।

# नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सोमवार को सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन - फॉर ए ड्रग फ्री इंडिया योजना, 2025 के तहत राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता संगीता मानव, औषधि निरीक्षक राज रंजन, स्कूल के




प्रिंसिपल अजय करकट्टा, अधिकार मित्र राजेश कुमार शर्मा सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान युवाओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव, स्वास्थ्य, अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता जय किशन प्रसाद एवं सोनी कुमार द्वारा +2 इंटर उच्च विद्यालय एवं बालिका उच्च विद्यालय, किशनगंज में आज की रक्षा, कल की सुरक्षा अभियान के तहत पर्यावरणीय विधिक साक्षरता व सामुदायिक संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पर्यावरण संरक्षण, संबंधित कानूनों और सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर चर्चा की गई।

# बड़ेम थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 16 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार*

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के कंकेर गांव से 16 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी कपिल कुमार



को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की।थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार कपिल कुमार के पास से बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में उक्त कारोबारी के विरुद्ध मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

# अवैध खनन व परिवहन पर बड़ी कार्रवाई, 5 हाइवा जब्त, 42.68 लाख रुपये जुमार्ना।

**समाज जागरण**

किशनगंज जिला पदाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के सख्त निर्देश पर जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 04 जनवरी 2026 की रात्रि लगभग 8 बजे बहादुरगंज एल.आर.पी चौक के समीप एनएच 327 ई




पर खनन विभाग द्वारा विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान कुल पांच हाइवा वाहनों को अवैध रूप से खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि इनमें से दो हाइवा बालू से लदे हुए थे, दो हाइवा में बोल्डर तथा एक हाइवा में बेडमिसाली खनिज का परिवहन किया जा रहा था। आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण सभी वाहनों को तत्काल जब्त कर लिया गया।जब्त किए गए सभी हाइवा को बहादुरगंज थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। खनन नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वाहनों पर कुल 42,68,590 रुपये का दण्ड अधिरोपित किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# नवीनगर में रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा और बोर्ड मे तोड़फोड़

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित रंगोली गारमेंट्स नामक रेडीमेड कपड़ा की दुकान में बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा और दुकान का बोर्ड को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अहले सुबह में क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। दुकान के मालिक ने बताया कि रविवार को रात्रि में दुकान बंद कर जाते वक्त सब ठीक था, वहीं सुबह दुकान खोलने वक्त देखा गया कि दुकान के बाहर बोर्ड पर लगे दोनों साइड का कैमरा टूटा हुआ है और बोर्ड भी क्षतिग्रस्त है।अगल बगल के लोगों द्वारा बताया गया कि लगभग 4 बजे भोर में मंदिर जाते वक्त गली मे सबकुछ ठीक था, लेकिन मंदिर से वापस आते वक्त दुकान के नीचे बोर्ड का टूटा हुआ टुकड़ा बिखरा पड़ा था। दुकान मालिक ने बताया कि घटना सुबह 4 और 5 के बीच की हो सकती है।घटना की सूचना दुकानदार द्वारा 112 नंबर की पुलिस टीम को दिया गया। मौके पर दल बल के साथ पहुंची 112 टीम घटना का मुआयना किया और दुकानदार को थाना पर लिखित आवेदन देने की बात कही। 112 टीम की एएसआई दिनेश कुमार राय ने बताया कि आवेदन के पश्चात पुलिस समुचित कारवाई करेगी। दुकान मालिक ने बताया कि मामले में थाना को लिखित आवेदन देकर घटना की जांच करने और आवश्यक करवाई करने की मांग की गई है।